CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

हल्द्वानी, सोमवार 29 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 34 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके जेल पेज 2



मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई अध्यक्ष, ओझा, आरपी सिंह टीम की चयन समिति में शामिल खेल टाइम्स



स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व सम्पादकीय



यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन व रूस ने किया समर्थन पेज 12

## एशिया कप: टीम इंडिया की फिरकी में उलझा पाक

### भारत को दिया 147 रनों का टारगेट

**दुबई।** एशिया कप के फाइनल में भारत को 147 रन का टारगेट मिला है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चल रहे इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर आलआउट कर दिया।

कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। उन्होंने अपने चौथे ओवर में 3 विकेट निकाले। साहिबजादा फरहान 38 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। कुलदीप यादव ने 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सईम अय्यूब का विकेट लिया। सईम ने 11 गेंदों पर 14 रन बनाए। अक्षर पटेल ने मोहम्मद हारिस (0) को पवेलियन भेजा। फखर जमान का विकेट वरुण को मिला। जमान ने 35 गेंदों पर 46 रन बनाए। अक्षर ने हुसैन तलत (1) को संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा को कुलदीप यादव ने आउट किया। कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी का विकेट भी लिया।




## ऑनर किलिंग: पिता-पुत्र ने युवती को उतारा मौत के घाट

शाह टाइम्स संवाददाता

- बंदर भगाने के बहाने छत पर ले जाकर गोली से उड़ाया

**कांधला (शामली)।** थाना क्षेत्र के गाव अम्बेहटा में पिता-पुत्र ने अवैध संबंधों के चलते अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने हत्या आरोपी पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी जुल्फान की 18 वर्षीय पुत्री सना गांव में ही मदरसे में पढ़ाई करती है। रविवार को युवती को उसके पिता व भाई ने किसी युवक के साथ फोन पर बात करते हुए देख लिया था, जिससे पिता-पुत्र नाखुश थे। आरोप है कि पिता-पुत्र सना को बंदर भगाने के बहाने छत पर ले गए और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पिता-पुत्र ने -शेष पृष्ठ दो पर

### मुजफ्फरनगर में एक लाख का इनामी नईम मुठभेड़ में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** खालापार निवासी एक लाख का इनामी नईम मीरापुर व जानसठ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। उसका एक साथी फरार हो गया। मीरापुर थाने में तैनात दीवान कालूराम हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रविवार को दोनों थानों की पुलिस ने एक सूचना के आधार पर भूम्मा नहर पुल की तरफ से जा रहे दो बाइकों पर दो संदिग्ध लोगों को रोकना चाहा, तो उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नईम पुत्र यूसूफ गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी जंगल में भाग गया। कुछ देर बाद ही घायल बदमाश नईम की मौत हो गई। वह मुजफ्फरनगर के थाना खालापार के मोहल्ला खालापार का रहने वाला है।

### ईडी जल्द कुछ एक्टर- क्रिकेटर की संपत्ति जब्त करेगी

**नई दिल्ली।** ईडी जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने जा रहा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप 1यूबेट के प्रमोशन मामले में होगी। ऑफिशियल सोर्स ने बताया कि 1यूबेट एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने अलग-अलग तरह की संपत्ति खरीदने में किया है। ऐसे में इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की इन चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी। कुछ सेलिब्रिटीज की संपत्तियां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में भी हैं। फिलहाल इनकी कीमत और मूल्यांकन किया जा रहा है।

### कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिए मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने रविवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए दो घुसपैठियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में संदिग्ध हलचल देखी। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी की, जिसमें दोनों घुसपैठिए मारे गए।

### बिहार विस चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए 470 अधिकारियों को केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन अधिकारियों में 320 आईएएस, 60 आईपीएस तथा 90 आईआरएस, आईआरएएस और आईसीएएस के अधिकारी हैं, जो इस समय विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं।

## गजवा-ए-हिंद की कल्पना बन जाएगी नरक का टिकट: योगी

### बरेली बवाल के बाद 24 घंटे में यूपी सीएम का तीसरा अल्टीमेटम

बलरामपुर, वार्ता

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बलरामपुर के दौरे पर बरेली बवाल को लेकर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा।

गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की, तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही। सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा। सीएम ने आगे कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं। कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम उनकी सोच से कहीं ज्यादा तैयार हैं। उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया। ये मूर्ख यह भी नहीं जानते कि आस्था के प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है।

### उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा: यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा



#### ड्रोन-चोरी के नाम पर भय फैलाने वालों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट

**बलरामपुर।** ड्रोन के नाम पर चोरी और भय फैलाकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। अगर आपके आसपास कोई दहशत फैला रहा है, तो पहले उसे रोको, समझाओ। वह न माने तो प्रशासन को बताइए। प्रशासन उन्हें ठोंकने का काम करेगा। लव-जिहाद, गोकशी जैसी गतिविधियों में कोई लिप्त है, तो आप पुलिस तक सूचना पहुंचाइए, बाकी का इंतजाम हम स्वयं कर लेंगे।

### योगी आदित्यनाथ ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

**लखनऊ/बलरामपुर।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मां पाटेश्वरी मंदिर के दर्शन-पूजन किए। दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे श्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम भी मंदिर में ही किया। इस दौरान मंदिर की व्यवस्थाओं एवं नवरात्र मेले की तैयारियों की जानकारी ली। श्री योगी ने रविवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चना की एवं मां की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की।

### यूपी: 7 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 अक्टूबर 2025 को पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस अवकाश की घोषणा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर की गई है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है। यह घोषणा श्रावस्ती से की गई। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। समाज के पदाधिकारी द्वारा सरकार से 7 अक्टूबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे थे। वाल्मीकि समाज के अनुसार पहले इस दिन सरकारी अवकाश होता था बाद में इसे रद्द कर दिया गया था। 2025 से यह परंपरा पुन: शुरू की जा रही है।

## छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पटियाला कोर्ट में हुई पेशी पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया
- चैतन्यानंद के पास से यूएन-ब्रिक्स के फर्जी विजिटिंग कार्ड मिले



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितम्बर की रात आगरा से गिरफ्तार किया।

चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस चैतन्यानंद को मेडिकल जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली लेकर आई। इसके बाद पटियाला कोर्ट में पेशी हुई। जहां से चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। चैतन्यानंद फरार था और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थाई राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त -शेष पृष्ठ दो पर

### भाजपा-आरएसएस के निशाने पर है लद्दाख: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं। कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को 'हत्या' करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की 'हत्या' की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

## एक्टर विजय की रैली में भगदड़: टीवीके नेताओं पर एफआईआर

- मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा

**तमिलनाड।** एक्टर विजय की रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर, पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एक्टर विजय ने पार्टी के एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा कि शनिवार को करूर में जो हुआ, उसका दुख बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं मृतकों के परिजन को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की मदद देना चाहता हूं। दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके पार्टी बनाई।

## पीएम ने की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

### मन की बात का 126वां एपिसोड



- सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा और छठ पूजा-दिवाली का जिक्र किया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने रेडियो शो मन की बात के 126वें एपिसोड में फेस्टिव सीजन, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल पर बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदें। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे।

इसके अलावा पीएम ने दशहरा और छठ पर्व पर भी बात की। मोदी ने कहा कि भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने पर काम कर रही है। इसके बाद पूरी दुनिया में पर्व की भव्यता फैलेगी। पीएम ने कहा कि रविवार को लता मंगेशकर की जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रूचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले लता दीदी से मेरा परिचय कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपका गाया गाना ज्योति कलश छलके बहुत पसंद है। पीएम के कार्यक्रम में लता मंगेशकर का गाया गीत ज्योति कलश छलके भी सुनाया गया। अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूट कर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को एक पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मुझे और मेरे साथियों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मार कर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। पीएम ने कहा कि वोकल फॉर लोकल पर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे।

### प्रधानमंत्री ने करूर रैली के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए रविवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। इस घटना में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। श्री मोदी ने शनिवार को इस घटना पर दुख जताया था।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### आई लव मोहम्मद विवाद को यहीं रोका जाए: फिरंगी


**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और इमाम-ए-ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने प्रदेश के मुसलमानों से अपील की है कि वे आगामी हिंदू पर्वों के दौरान सौहार्द्र और भाईचारा बनाए रखें। देश में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि इसको अब रोक देना चाहिए। इसी के साथ मौलाना ने कहा कि धार्मिक अवसरों पर सभी समुदायों को मिल-जुलकर शांति, अमन और आपसी सम्मान के साथ रहना चाहिए। लोगों को हिंसा और उपद्रव से बचने के सलाह भी दी है। देशभर में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर मौलाना रशीद फिरंगी महली ने कहा कि जो भी चल रहा है वो काफी अफसोसनाक है, मेरी लोगों से यही अपील है कि इस मामले में पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम रखें। पैगंबर मोहम्मद के सिलसिले में कुछ अदाब हुआ करते हैं।

### बरेली हिंसा पर कांग्रेस का सीएम योगी पर निशाना

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता उदित राज ने उत्तर प्रदेश के बरेली में उपद्रवियों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी के बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने वाले मौलाना की डेंटिंग पेंटिंग करना जरूरी था। उन्होंने कहा कि कई मौलाना भाजपा से मिले हुए हैं और हिंसा भाजपा की मिलीभगत से हो रही है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कई मौलानाओं ने भाजपा से हाथ मिलाया हुआ है और ये उनके हित में है कि देश में हिंदू-मुस्लिम होता रहे। उन्होंने कहा कि आई लव मोहम्मद उसी तरह है, जिस तरह से बजरंग बली की जय हो और जय श्रीराम जैसे नारे हैं।

# भ्रामक ग्राफ और अपारदर्शी डेटा विश्लेषण गुमराह करने वाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कुंदरकी विस उपचुनाव को लेकर ईसी ने लेख का खंडन किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाल ही में प्रकाशित एक लेख और उसके ग्राफों का निर्वाचन आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि ये आयोग के आंकड़ों से मेल भी नहीं खाते हैं।

आयोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लेख के ग्राफ-3 को लेकर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह ग्राफ़ नवंबर 2024 के उपचुनाव में मतदान प्रतिशत को अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बूथ-वार वोट प्रतिशत से जोड़कर दिखाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लोकसभा चुनावों में 128 बूथ ऐसे थे, जहां भाजपा को 10 प्रतिशत से कम वोट मिले थे। इनमें से 66 बूथों (50 प्रतिशत से अधिक) में उपचुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत 46 प्रतिशत से ऊपर था, जबकि लेख के ग्राफ़ में 0.10 प्रतिशत श्रेणी में ऐसा कोई डेटा दिखाई नहीं देता। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लेख में दावा किया गया है कि कुंदरकी में मतदान प्रतिशत 67.7 प्रतिशत से गिरकर 57.8 प्रतिशत होने का कारण मुस्लिम मतदाताओं का दमन था, जो यह गलत है। उप्र की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में मतदान प्रतिशत लोकसभा चुनावों की तुलना में कम हुआ है।

उदाहरण के लिए, गाजियाबाद विधानसभा में मतदान लगभग 14.5 प्रतिशत घटा, जबकि वहां मतदाता दमन की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। लेख में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बहादरपुर गांव का उदाहरण दिया गया है। यहां पांच मतदान केंद्रों में कुल 3544 मतदाता हैं, जिनमें 3075 मुस्लिम हैं। लेख के अनुसार लोकसभा और उपचुनाव के बीच 124 नाम हटाए गए, जिनमें 110 मुस्लिम थे (लगभग 89 प्रतिशत) हैं, जबकि आयोग के मुताबिक बताए गए आंकड़े वास्तविकता से मेल नहीं खाते हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव आयोग धर्म-आधारित मतदाता डेटा सार्वजनिक नहीं करता है। लेख में जो पांच ग्राफ़ शामिल किए गए हैं, उनमें से तीन का आधार कथित निजी डेटा है। ऐसे में उसके निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। लेख ने सीएसडीएस सर्वेक्षण का हवाला देकर दावा किया है कि केवल दो प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को वोट दिया। इस बावत आयोग का कहना है कि सर्वेक्षण हमेशा त्रुटिहीन नहीं होते और न ही यह माना जा सकता है कि भविष्य में भी यही अनुपात रहेगा।

# आई लव मोहम्मद से कोई दिक्कत नहीं

## बीजेपी नेता व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बड़ा बयान

गोंडा, वार्ता

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद उत्पन्न तनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया आई है। आई लव मुहम्मद नारे पर गोंडा में बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि हम सनातन धर्म के अनुयायी कृष्ण से भी प्रेम करते हैं और राधा से भी।

उन्होंने कहा कि इसलिए किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं, न ही होनी चाहिए, लेकिन अगर आई लव मुहम्मद के बहाने देश में सां. प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और



किसी दूसरे समुदाय को नीचा दिखाने की कोशिश की जाए, तो यहीं से दिक्कत शुरू होती है। दूसरी ओर इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाबा बालक नाथ ने इसे विरोधी पार्टियों का षड्यंत्र करार दिया। बाबा बालक नाथ ने कहा कि देश में अच्छ्छा माहौल है। आई लव मोहम्मद विवाद राजनीतिक पार्टियों द्वारा रचा गया षड्यंत्र है। प्रदेश सरकार इस तरह के मामलों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### सपा नेता अबू आजमी ने क्या कहा?

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने बरेली विवाद पर कहा कि कानपुर में गलत तरीके से एफआईआर दर्ज की गई, जिसके बाद इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि बरेली में अगर कुछ गलत हुआ था, तो केस दर्ज होना चाहिए था। पुलिस ने जिस तरह लाठीचार्ज किया, उसकी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने आई लव मोहम्मद कहकर अपने पैगंबर के प्रति प्रेम व्यक्त किया, लेकिन इस पर एफआईआर दर्ज कर दी गई।

# वोट चोरी के खिलाफ पांच करोड़ हस्ताक्षर कराएंगे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' के खिलाफ पार्टी का देश भर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है और इसके तहत पांच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस अभियान में शामिल होते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में हेराफेरी हो रही है और इसने हमारे गणतंत्र की बुनियाद में लोगों के विश्वास को हिलाकर रख दिया है। 'वोट चोरी' महज अपराध भर नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान पर एक बड़े हमले का हिस्सा है, यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर रहा है, सामाजिक अन्याय फैला रहा है और देश की अखंडता के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और घर-घर



■ कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल अभियान में शामिल हुए

प्रचार अभियान के तहत, मैं आज केरल के अलप्पुझा स्थित अपने वार्ड कैथवना में इस आंदोलन में शामिल हुआ। पूरे भारत में, कांग्रेस लोकतंत्र पर इस ज़बरदस्त हमले के खिलाफ़ पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक जन आंदोलन के रूप में तेज़ी से गति पकड़ रहा है और उनकी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक से संविधान की रक्षा और भारत की आत्मा को बचाने के इस संघर्ष में शामिल होने का आह्वान करती है।

## मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके हैं जेल, ड्रोन से निगरानी की जा रही

# बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी

शह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मौलाना तौकीर रजा समेत 11 को जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। करीब 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुकदमों में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लगातार दबिश दे रही है।

डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को बैठक की। इसके बाद शहर में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। शुक्रवार को हुए बवाल और मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद अब शहर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। रविवार को सामान्य दिनों की तरह बाजार में चहल-पहल देखी गई। उधर



■ लोगों ने पुलिस पर बरसाए फूल, कहा- जलने से बचाया शहर

मौलाना तौकीर के आवास से लेकर आसपास के इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अफसर भी लगातार भ्रमणशील हैं। इस मामले में पांच थानों में दस मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें 125 लोग नामजद हैं। करीब तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। जिन्हें पुलिस चिन्हित कर रही है। पुलिस ने शनिवार तड़के मौलाना तौकीर समेत आठ आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने दोपहर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौलाना की गिरफ्तारी के बाद एहतियातन जिले में 29 सितम्बर की रात 12.30 बजे तक के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। मौलाना तौकीर से दोस्ती में चक महमूद का पार्षद अनीस सकलैनी और फाइक एन्क्लेव निवासी बरातघर मालिक फरहत पुलिस के निशाने पर आ गए। दो मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से तीन को जेल भेजा गया है, जबकि चौथे का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पुलिस ने मौलाना तौकीर के करीबी बरातघर मालिक फरहत खां और उसके पुत्र मोईन अली को भी गिरफ्तार किया है। दोनों मौलाना के खास माने जाते हैं।

### आई लव मोहम्मद को लेकर अलीगढ़ में अलर्ट

**अलीगढ़।** 'आई लव मोहम्मद' को लेकर 26 सितम्बर को बरेली में हुए घटनाक्रम के बाद प्रदेशभर में प्रतिक्रिया भी शुरू होने लगी है। इसके चलते प्रदेश के सांप्रदायिक शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। इसी क्रम में अपने शहर में भी पुलिस सतर्कता बरत रही है।

शनिवार को भी पुलिस ने पुराने शहर में विशेष सतर्कता बरती व खुराफातियों व अफवाह उड़ाने वालों पर नजर रखी जा रही है। साथ में फ्लैगमार्च भी किया गया। कानपुर में हुए घटनाक्रम के बाद जुमे पर शहर में जुलूस निकालने का प्रयास हुआ था। मगर पुलिस प्रशासन ने जुलूस को रुकवा दिया। इसी बीच बरेली में दोपहर में घटनाक्रम हो गया। इसके बाद से प्रदेश में प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। इसके चलते सभी संवेदनशील शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को अपने शहर में भी सर्किल वार सतर्कता बरती गई। सभी संवे. दनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। साथ में धर्मगुरुओं से अधिकारियों द्वारा लगातार संवाद किया जा रहा है। खुराफात करने व अफवाह उड़ाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसएसपी नीरज जादौन कहते हैं कि लोगों से लगातार संवाद जारी है। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# मौद्रिक नीति के बयान व आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका में एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण बीते सप्ताहत शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बयान और वृदह आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

एमपीसी की बैठक 29 सितम्बर से शुरू होगी और 1 अक्टूबर को बयान जारी किया जाएगा। घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इस बार नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 29 सितंबर को और विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई के आंकड़े 01 अक्टूबर को जारी होने वाले हैं। वैश्विक कारकों के साथ इन तीनों कारकों का प्र भाव



निवेश धारणा पर पड़ेगा। घरेलू शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह विस्मरणीय रहा। संसेक्स 2,199.77 अंक (2.66 प्रतिशत लुढ़ककर) 80,426.46 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 672.35 अंक यानी 2.65 फीसदी की गिरावट में सप्ताहांत पर शुक्रवार को 24,654.70 अंक पर बंद हुआ। अमे. रिका में ट्रम्प प्रशासन ने एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर करने का आद. ेश जारी किया है। एच1बी वीजा कंपनियों को अमेरिका में किसी खास विशेषज्ञता वाले कार्यबल की कमी की स्थिति में उसे अस्थाई रूप से विदेशियों को लाने की अनुमति देता है। अधिकतर भारतीय और दूसरे देशों की आईटी कंपनियों के अमे. रिका स्थिति कार्यालय में ज्यादातर विदेशी लोग की कार्यरत हैं। इस आदेश से आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान कुल 4. 40 फीसदी और स्मॉल कैप.100 सूचकांक 5.10 फीसदी टूट गया। संसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 9.43 प्रतिशत टूटा।

### हरित ऊर्जा, स्मार्ट मोबिलिटी में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है ताइवान

**नई दिल्ली।** ताइवान इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में भारत के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को और आगे बढ़ाते हुए हरित ऊर्जा और स्मार्ट मोबिलिटी के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। गत सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित ताइवान इंडिया प्रदर्शनी में शामिल होने आए ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के कार्यकारी निदेशक ब्रायन ली ने यह बात कही।

उन्होंने भारत से सीमा शुल्क कम करने और बौद्धिक सम्पदा सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग करते हुए कहा कि भारत और ताइवान के मध्य व्यापार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार ने रिकॉर्ड 10.6 अरब डॉलर का आंकड़ा छुआ था। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है कि आईसीटी, मशीनरी और हरित समाधानों में ताइवान के उत्पाद, भारत की तेज़ी से बढ़ती ज़रूरतों से मेल खाते हैं। जब उनके पूछा गया कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार का क्या भविष्य है, तो उन्होंने इसके उत्तर में कहा कि भारत 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'इंडियाएआई' को आगे बढ़ा रहा है और ताइवान इन क्षेत्रों में एक विश्वसनीय भागीदार हो सकता है। वह सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहनों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत से और अधिक सहयोग की आशा करता है।

# चावल-गेहूं नरम, चीनी हुई मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं में भी मंदी देखी गई। चीनी के भाव बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत छह रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,836.87 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं 23 रुपए सस्ता होकर 2,839.85 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी छह रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,317.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 129 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में भी 41 रुपए और सोया तेल में 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 39 रुपए और पाम ऑयल सात रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत भी 52 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 34 रुपए और मूंग दाल की 31



रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 34 रुपए और उड़द दाल 61 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब दो रुपए प्रति क्विंटल घट गए। वहीं चीनी में छह रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहन: दाल चना 7904.92 रुपए, मसूर काली 8123.58 रुपए, मूंग दाल 10100.53 रुपए, उड़द दाल 10405.89 रुपए, अरहर दाल 10528.57 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2839.85 रुपए और चावल 3836.87 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4321.94 रुपए और गुड़ 5013.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17809.41 रुपए, मूंगफली तेल 17664.41 रुपए, सूरजमुखी तेल 15507.15 रुपए, सोया रिफाइंड 13784.19 रुपए, पाम ऑयल 12425.19 रुपए और वनस्पति 14531. 71 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑनर किलिंग:...**

युवती की हत्या करने के बाद युवती के शव को कमरे में लाकर डाल दिया और शव के बराबर में ही तमंचा भी रख दिया। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या में बदलने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पुलिस की शक्ति के आगे पिता-पुत्र टूट गए और सना की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही पुलिस ने पिता व पुत्र को हिरासत में ले लिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। घटनास्थल का एनपी सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**छात्राओं के...**

आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है। आगरा के जिस होटल से स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को गिरफ्तार किया गया था, उसके रिसेप्शनिस्ट भरत ने बताया कि चैतन्यानंद शनिवार शाम करीब 4 बजे वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके ठहरने के दौरान उनसे मिलने कोई नहीं आया। भरत ने कहा कि नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी ने उनकी एंट्री की थी। रात में लगभग 3:30 बजे दो पुलिसकर्मी आए जिन्होंने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया। दोनों ने बाबा से उनके कमरे में 10 मिनट तक बात की और उन्हें अपने साथ ले गए। बाबा ने हमें अपना नाम पार्थ सारथी बताया था।

# उप्र में पोस्टर वॉर: सपा कार्यालय के बाहर लगे आई लव अखिलेश यादव के पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायत चुनावों से पहले उत्तरप्रदेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ी हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है।

भाजपा की ओर से लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' के पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर समा समर्थकों ने 'आई लव अखिलेश यादव' के पोस्टर लगाया है और अपनी एकजुटता दर्शाई है। उप्र में पोस्टर वॉर की शुरुआत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दो दिवसीय रायबरेली यात्रा के दौरान हुई थी। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी ने ब्रह्मा- विष्णु-महेश के पोस्टर लगा कर सनसनी फैला दी थी। पोस्टर में तेजस्वी, गांधी और यादव को भगवान का दर्जा दिया गया







भाजपा ने लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी'

था। पोस्टर में लिखा था कि 'इंडिया की अंतिम आस, कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु, महेश।' फोटो में तेजस्वी को भगवान ब्रह्मा का दर्जा और गांधी को भगवान विष्णु का दर्जा दिया गया था, जबकि श्री अखिलेश को भगवान महेश का अवतार बताया गया था। इसके बाद सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा हुए समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के समर्थन में समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर अपनी निष्ठा जताई थी। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया था कि 'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है।

वहीं पिछले दिनों कानपुर के रावतपुर इलाके में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक दलों के लिए बूस्टर डोज का काम किया है। बरेली में हुए प्रदर्शन को लेकर सरकार के सख्त रुख को देखते हुए पहले जहां आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे, वही बीजेपी नेता व युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर' लिखा कर सियासी गर्मी बघ दी है। इन पोस्टरों पर योगी आदित्यनाथ और त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है। वहीं सपा कार्यालय के बाहर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह यादव की तरफ से लगाए गए 'आई लव अखिलेश यादव जी' के पोस्टर में समाजवादी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया है। पोस्टर में अखिलेश के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रहे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस व एक्सप्रेस पर लड़ाकू विमानों के उतरने व लैपटॉप योजना को जगह दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK



# स्वदेशी नारा नहीं, आत्मनिर्भर भारत का संकल्पः धामी

## मुख्यमंत्री ने भाजपा मुख्यालय में किया आत्मनिर्भर भारत अभियान का प्रदेश में आगाज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत करते हुए, इसे विकसित भारत निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम बताया है। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि आगामी त्यौहारी सीजन में सभी स्वदेशी को प्राथमिकता देने का संकल्प लें। क्योंकि मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के मूल मंत्र से ही विकसित भारत का निर्माण होगा।

रविवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान का प्रदेश में आगाज किया ।

इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के सम्मुख अभियान के लोगो और स्लोगन हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी को लॉन्च किया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने इस अभियान को विकसित भारत निर्माण में महत्वपूर्ण माध्यम बताया। साथ ही कहा, स्वदेशी केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। ये प्राचीन काल से सनातन संस्कृति की हमारी जीवन पद्धति है। ष्स्वदेशी का संकल्पष हमारे किसानों, कारीगरों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के प्रति सम्मान है। ष्स्वदेशी का संकल्पष केवल आर्थिक मजबूती का साधन नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति हमारा प्रेम और समर्पण है। क्योंकि जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो हम न केवल अपने देश की मिट्टी से जुड़ते हैं, बल्कि अपनी अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

वहीं इस मुद्दे के ऐतिहासिक पक्ष की चर्चा करते हुए बताया कि स्वदेशी आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम में नई ऊर्जा भरी। लोकमान्य तिलक, महर्षि अरविंदो और महात्मा गांधी जैसे नेताओं का नेतृत्व हमें दिखाता है कि स्वदेशी आंदोलन राष्ट्रनिर्माण का आधार था। स्वतंत्रता के बाद भी दत्तोपंत ठेंगड़ी जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने स्वदेशी आधारित आर्थिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। सीएम ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का आह्वान किया और ष्वोकल फॉर लोकलष से लेकर ष्मेक इन इंडियाष तक कई अभियान प्रारंभ किए। आज स्वदेशी का स्वरूप केवल खादी और दीयों तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस विमान, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी आधुनिक तकनीक तक फैल चुका है। कोविड संकट में पीपीई किट और वैक्सीन निर्माण भारत की स्वदेशी शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमने स्वदेशी की ताकत को पूरे विश्व को दिखा दिया।इस अवसर पर अभियान के प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान, सह संयोजक राजेंद्र नेगी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रुचि भट्ट प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

**स्वदेशी को ही प्राथमिकता देने का आह्वानः** इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने आह्वान किया कि मैं, उत्तराखंड की जनता और देशवा. सियों से आह्वान करता हूँ कि दीपावली हो या विवाह, त्योहार हो या दैनिक उपयोग की वस्तुएँ, हमें स्वदेशी को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। हम संकल्पबद्ध होकर अपनी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की सूची बनाए, उसमें क्या अधिक से अधिक स्थानीय और स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग कर सकते है, इस दिशा में प्रयास करें। हमारे व्यापारी भाई-बहन भी गर्व से कहें ष्यह स्वदेशी है।ष यही सामूहिक प्रयास हमें ष्आत्मनिर्भर भारतष की दिशा में आगे ले जाएगा। आज समय आ गया है कि हम सभी मिलकर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्डष मंत्र को अपनाएँ।



### पेपर लीक मामले में कोई भी आरोपी नहीं छूटेगा

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण को लेकर कहा कि इस मामले में कोई भी आरोपी छूटेगा नहीं। एसआईटी बनाई गई है, जो भी इसमें शामिल होगा, उसे सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 80 हजार से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। यहां एक व्यक्ति ने केवल अपने लिए ये काम किया है। अगर पेपर बाहर आया तो कुछ खास व्यक्तियों तक कैसे पहुंचा? यह सब जांच करने के लिए ही एसआईटी काम करेगी।सीबीआई जांच के सवाल पर सीएम ने कहा कि अभी जब एआईटी जांच कर रही है तो पहले वो पूरी हो जाए। हमें किसी जांच से परहेज नहीं है। सीबीआई जांच से भी परहेज नहीं है। छात्रों के हित में जो भी जांच करानी पड़े हम कराएंगे।

### कहा - लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद को अच्छा विकल्प बनाया

आत्मनिर्भर भारत अभियान में उत्तराखंड के योगदान का जिक्र करते हुए कहा, हमने राज्य में बहुत से कदम इस दिशा में उठाए हैं। जिसके तहत लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर हमने उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद को बहुत अच्छा विकल्प बनाया। पीएम मोदी की मौजूदगी में विपणन हेतु ष्हाउस ऑफ हिमालयाजष नामक अंब्रेला ब्रांड की स्थापना की है। साथ ही ष्एक जिला दो उत्पादष जैसी योजना के माध्यम से भी जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। हमारे किसान और काश्तकार, शहद, मंडुवा, झंगा. ेरा, रागी, मसालों और औषधीय पौधों की खेती द्वारा आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, स्वदेशी के क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और लघु उद्योग को प्रोत्साहन दिया जाएगा। युवाओं को स्टार्टअप और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वदेशी उद्यमिता की ओर आगे बढ़ाया जाएगा। शहर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत उत्तराखंड में जन जागरण किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सरकार-निर्वाचन आयोग चुप क्यो: गरिमा

**देहरादून।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग की कार्यशैली को गंभीरता से लेते हुए जिस तरह दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, वह अपने आप में अभूतपूर्व है और प्रदेश सरकार व निर्वाचन आयोग की पोल खोलता है। यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का। दसौनी ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि यह जुर्माना जनता के टैक्स के पैसे से नहीं, बल्कि राज्य निर्वाचन आयोग में बैठे अधिकारियों की तनख्वाह से वसूला जाना चाहिए। दसौनी ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज से पहले किसी भी राज्य के निर्वाचन आयोग पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से इस प्रकार का दंड या जुर्माना नहीं लगाया गया था। यह पहली बार हुआ है क्यों उत्तराखंड के राज्य निर्वाचन आयोग पर 2 लाख का जुर्माना निर्धारित किया गया है, जो यह दर्शाता है कि आयोग किस हद तक पक्षपातपूर्ण और लापरवाह तरीके से काम कर रहा है।

# पेपर लीक प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है सरकार

## नैनीताल में पत्रकारों से मुखातिब हुए सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार की ओर से जो भी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं सभी परीक्षाएं पारदर्शिता से हो तथा नकलविहीन हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का चयन परीक्षाओं में हो रहा है।

धामी के मुताबिक वर्ष 2021 से लेकर 2025 तक 25 हजार से अधिक नियुक्तियां बिना किसी नकल के पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई हैं। सीएम धामी ने कहा कि वर्तमान में जो पेपर लीक संबंधी प्रकरण चर्चा में आया है उसकी सरकार प्राथमिकता जाँच कर रही है उसके लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी जगह-जगह जाकर काम कर रही है।सीएम धामी ने कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में उनके सुपरवीजन में कमेटी काम करेगी कहा कि कही कोई समस्या व सबूत व जानकारी किसी के पास हो वह एसआईटी को मुहैया करा सकते हैं। छात्रों के हित में सरकार हमेशा तत्पर रही है। धामी रविवार को नैनीताल के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। उत्तराखंड में आयी आपदा को लेकर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हर वर्ष विभिन्न प्रकार की आपदाओं का सामना करना पड़ता है।



### पहाड़ों में जमीन की अवैध खरीद फरोखत पर सख्ती से रोक लगाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नैनीताल।** पहाड़ों में हो रही जमीन की खरीद परोखत को लेकर मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पहाड़ों में जमीन की अवैध खरीद फरोखत पर सखती से रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भू कानून लाने की प्रक्रिया पहले से शुरू कर दी गई है और इसके लिए लोगों से सुझाव भी लिए जा रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का मूल स्वरूप किसी भी कीमत पर बिगडने नहीं दिया जाएगा, अब तक 9 हजार एकड़ से अधिक जमीन अवैध कबजेधारियों और तथाकथित लैंड जिहादियों से मुक्त कराई जा चुकी है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# भैया दूज पर्व पर बंद होंगे केदारनाथ धाम के कपाट

## 15 लाख 80 हजार से अधिक यात्री कर चुके हैं अब तक बाबा के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व विख्यात केदारनाथ धाम के अभी तक 15 लाख 80 हजार से अधिक भक्त दर्शन कर चुके हैं। हर रोज औसतन चार हजार के आस-पास भक्त दर्शन करने के लिये पहुंच रहे हैं। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में यात्रियों की संख्या में कमी आई है। इस बार 23 अक्टूबर को भैयादूज के पर्व पर धाम के कपाट बंद होने हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि बचे हुये दिनों में धाम आने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी।



केदारनाथ धाम के कपाट दीपावली के दो दिन बाद भैया दूज के पावन पर्व पर 23 अक्टूबर को बंद होंगे। पिछले वर्ष की यात्रा की तुलना में इस बार कपाट पहले बंद हो रहे हैं। जबकि पिछले वर्ष की तुलना में यात्री भी कम पहुंच रहे हैं। पिछले वर्ष पूरे सीजन के दौरान 19 लाख के आस-पास भक्तों ने बाबा केदार के दर्शन किये थे। जबकि अभी तक 15 लाख 80 हजार से अधिक भक्त दर्शन कर चुके हैं। आंकड़ों को देखते हुये अंदाजा लगाया जा रहा है कि पिछले वर्ष की यात्रा का रिकार्ड नहीं टूटेगा। धाम के कपाट बंद होने में लगभग 25 दिन का समय शेष बचा हुआ है। ऐसे में यही उम्मीद की जा रही है कि इन 25 दिनों में एक लाख भक्त केदारनाथ धाम पहुंचेंगे। यदि बचे हुये दिनों में एक लाख भक्त पहुंचते हैं तो यात्रियों का आंकड़ा लगभग 17 लाख हो जाएगा। हालांकि जिस हिसाब से इन दिनों यात्री आ रहे हैं, उससे नहीं लगता है कि इस बार 17 लाख का आंकड़ा पार हो पाएगा। धीरे-धीरे गौरीकुंड से घोड़े-खच्चर, मजदूर आदि भी वापस लौटने शुरू हो गये हैं। धाम के लिये संचालित हो रही हेली सेवाओं के पास भी इन दिनों सवारियों की कमी है। सवारियों की कमी का कारण बढ़ा हुआ हेली किराया भी हो सकता है। फिलहाल स्थिति जो भी, यात्रा जिस तरह से चलनी चाहिये थी, उस तरह से नहीं चल रही है। गाड़ियों की भीड़ भी कम है। धाम पहुंच रहे यात्रियों को सुबह से सांय तक आसानी से बाबा केदार के दर्शन हो रहे हैं। दर्शनों के लिये यात्रियों को लाइन नहीं लगानी पड़ रही है।

# त्योहारों पर मिलावटखोरों के खिलाफ प्रदेशभर में सख्ती

## मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर एफडीए का विशेष अभियान जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देश पर प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि आमजन को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को सखष्त निर्देश दिए हैं कि खाद्य कारोबार में लाप. रवाही और मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**कुमाऊँ मंडल में सघन कार्रवाईः** कुमाऊँ मण्डल के नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 200 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान 100 किलो से अधिक अनुा. चत खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट की गई। कुल मिलाकर 252 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और दोषी पाए गए कारोबारियों पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। इसके साथ ही करीब 180 खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। नवरात्रि पर्व को देखते हुए व्यापारियों व व्यापार संगठनों के बीच जन-जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की गईं, जिनमें सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया।

**गढ़वाल मंडल में निरीक्षण व सैंपलिंगः** गढ़वाल मण्डल में 27 सितम्बर को बड़े पैमाने पर निरीक्षण और सैंपलिंग की गई। जनपद उत्तरकाशी में 08 निरीक्षण किए गए और 02 नमूने लिए गए। टिहरी में 02 निरीक्षण, रुद्रप्रयाग में 03 निरीक्षण तथा चमोली में 04 निरीक्षण किए गए। इसी प्रकार देहरादून जिले में 03 निरीक्षण किए गए और 02 नमूने एकत्र किए गए। हरिद्वार जिले में 02 निरीक्षण हुए। पौड़ी जिले में 03 निरीक्षण किए गए। श्रीनगर में सबसे बड़ी कार्रवाई हुई, जहाँ 18 निरीक्षण किए गए और 11 नमूने संकलित किए गए। इसके अतिरिक्त नैनीताल (गढ़वाल सीमा क्षेत्र) में भी 02 नमूने लिए गए।



### सरकार का सख्त संदेश

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेशभर में अभियान निरंतर और कड़ाई से जारी रहेगा ताकि आमजन तक केवल शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक खाद्य सामग्री ही पहुँच सके।

### भगवानपुर में नकली पनीर पर छापा

त्योहारी मौके पर मिलावट की शिकायतों के चलते 27 सितम्बर की शाम लगभग 7 बजे भगवानपुर ब्लॉक के नन्हेड़ा अनंतपुर गांव में खाद्य सुरक्षा एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई का नेतृत्व उपायुक्त गढ़वाल मंडल राजेन्द्र सिंह रावत ने किया। उनके साथ अभिहित अधिकारी हरिद्वार महिमानंद जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेन्द्र पांडे (रुड़की), खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार (भगवानपुर) तथा पुलिस बल मौजूद रहा। मौके पर खाद्य कारोबारी आलिम ने स्वयं कबूल किया कि वह मिल्क पाउडर और वनस्पति तेल से पनीर बनाता है और उसे जमाने के लिए एसिड का प्रयोग करता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। संभावित मिलावट की आशंका पर दो पनीर एवं एक दूध का नमूना लैब जांच हेतु भेजा गया।

# जहां-जहां भाजपा की सरकारें वहीं हो रहे पेपर लीक: राठौर

## उत्तराखंड और हिमाचल के विकास को अलग नीति बनेः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हिमाचल और उत्तराखंड की एक जैसी परिस्थितियां हैं। इन दोनों राज्यों ने पिछले दिनों भीषण दैवीय आपदा का दंश झेला है, मगर केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार ने इन दोनों पहाड़ी राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार किया।

यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, विधायक व हिमाचल प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप राठौर ने रविवार को तीन दिवसीय टिहरी जनपद भ्रमण के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय देहरादून में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। कहा कि दैवीय आपदा से पीडित लोग आज भी राहत के लिए तरस रहे हैं और केन्द्र की मोदी सरकार आंख मूंद कर बैठी है। पर्यावरण की रक्षा में उत्तराखंड व हिमाचल के महत्व को देखते हुए इन क्षेत्रों के विकास के लिए लिए अलग नीति बनायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हिमालयी क्षेत्र के लिए अलग नीति नहीं बनाई जाती, वहां के युवाओं, महिलाओं के हितों की रक्षा समय पर नहीं हो पाई व हिमालय की रक्षा नहीं हो पाई तो पूरे विश्व को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

**केंद्र पहाड़ी राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहाः राठौर**

राठौर ने यह भी कहा कि महिला अपराध की घटनाओं में उत्तराखण्ड राज्य सभी हिमालयी राज्यों में पहले स्थान पर पहुंच चुका है, मगर राज्य की भाजपा सरकार महिला अपराध की इन घटनाओं को रोकने की बजाय इस प्रकार के अपराध करने वालों की संरक्षक बनी हुई है।

उत्तराखंड में अधिनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले पर बोलते हुए कुलदीप राठौर ने कहा कि जहां-जहां भाजपा की सरकारें हैं वहीं पेपर लीक हो रहे हैं। पेपर लीक मामलों में भाजपा के नेता पूरी तरह सम्मिलित होते हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में आयोग के अध्यक्ष का रवैया पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना कहा जा सकता है जिसका संज्ञान न्यायालय ने उन्हें कड़ी फटकार लगाकर जाहिर किया गया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। पत्रकार वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकान्त धस्माना, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, विधायक विक्रम सिंह नेगी, लखपत बुटोला व महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी आदि उपस्थित थे।

# आईएमए और एनडीए की कोचिंग व सैन्यधाम पर लिए सुझाव

## सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने की सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** सूबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने शासकीय आवास में पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आईएमए और एनडीए की कोंचिग करने वाले पूर्व सैनिकों के बच्चों को उपनल के माध्यम से निशुल्क कोंचिग दिये जाने तथा सैन्यधाम पर सुझाव लिये गये।

आईएमए और एनडीए की कोचिंग पूर्व सैनिकों के बच्चों को आईएमए (इंडियन मिलिट्री अकादमी) और एनडीए (नेशनल डिफेंस अकादमी) की प्रवेश परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया। यह कोचिंग उपनल के माध्यम से निशुल्क दी जाएगी, इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। सैनिक कल्याण मंत्री ने एमडी उपनल को प्राथमिकता पर कार्यवाही के निर्देश दिये। सैन्यधाम के संबंध में भी चर्चा हुई और इस पर सुझाव लिए गए। सैनिक कल्याण मंत्री ने पूर्व सैन्य अधिकारियों से आग्रह किया कि वह निर्माणाधीन सैन्यधाम का निरीक्षण करें और आवश्यक सुझावों से अवगत करायें। पूर्व सैन्य अधिकारियों ने इसे स्वीकारते हुए जल्द ही निरीक्षण करने को आश्वस्त किया। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए नए कदम उठाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। बैठक में पूर्व आर्मी कमाण्डर ले जनरल एके सिंह, मेजर जनरल ओपी सभरवाल, मेजर जनरल सम्मी सभरवाल, मेजर जनरल एएस रावत, मेजर जनरल पीएस राणा, मेजर जनरल डी अग्निहोत्री तथा उपनल के प्रबंध निदेशक बिग्रेडियर जेएनएस बिष्ट उपस्थित रहे




# 43 साल से रामलीला में सौहार्द का रंग भर रहे सईब अहमद

## नैनीताल में मेकअप के जरिए जोड़ रहे समाज



**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** शारदीय नवरात्र और दशहरे के मौके पर देशभर में होने वाली रामलीलाएं सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपरा का जीवंत स्वरूप होती हैं। नैनीताल नगर की तल्लीताल रामलीला इसी का उदाहरण है,



जहां बीते 43 सालों से सईब अहमद रामलीला के पात्रों को मंच पर उतारने से पहले उनके मेकअप की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

सईब अहमद बचपन से ही रंगमंच से जुड़े रहे। शुरुआत अभिनय से हुई, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने मेकअप को अपनी पहचान बना लिया। वे अकेले ही सभी पात्रों को मंचन के लिए तैयार करते हैं.

### बदला रामलीला का स्वरूप

सईब बताते हैं कि पिछले चार दशकों में रामलीला का रूप काफी बदल चुका है. पहले लोग इस आयोजन के दौरान सादगी अपनाते और कई तरह के त्याग करते थे। अब समय के साथ मंचन अधिक नाटकीय और आधुनिक हो गया है। इसके बावजूद श्रद्धा और उत्साह आज भी पहले जैसा ही है. सईब अहमद की पहचान केवल रामलीला तक सीमित नहीं है। समाज में अमन और भाईचारे का संदेश देने वाले सईब घर पर कुंडली भी बनाते हैं और जरूरतमंदों की मदद करते हैं। उनका मानना है कि ईश्वर एक है, बस उसे पूजने के रास्ते अलग-अलग हैं।

### गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

सईब कहते हैं कि छोटा सा नैनीताल हमेशा अमन-शांति का पैगाम देता रहा है. यहां दशहरे पर रावण के पुतले हों या मुहर्रम के ताजिए, हर धर्म के लोग मिलकर तैयारी करते हैं। यही वजह है कि नैनीताल की रामलीला सांप्रदायिक एकता की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है. सईब अहमद की 43 साल के योगदान ने न सिर्फ रामलीला के रंगों को और जीवंत किया है, बल्कि आपसी सौहार्द की अमिट छाप भी छोड़ी है।

उनका कहना है कि यह केवल मेकअप नहीं, बल्कि कला और संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम है।

CMYK

# भगवान को खीर का भोग लगाया

## धौलीनाग मंदिर में नवरात्र की पंचमी पर भव्य मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** तहसील कांडा के विजयपुर स्थित प्रसिद्ध आस्था व श्रद्धा का धाम धौलीनाग मंदिर में नवरात्र की पंचमी को भव्य मेला आयोजित होता है। मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालु धौलीनाग भगवान की पूजा-अर्चना करने पहुंचते है। जिसके पश्चात यहां श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को खीर का भोग लगाया जाता है। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं में खीर प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। शाम को मंदिर में मुख्य आकर्षण 22 हाथ लंबी छिलके की बनी मशाल रहती है। मड़ गांव से ग्रामीण आठ किलोमीटर पैदल चलकर चीड़ के छिलकों से बनी मशाल लेकर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने जयकारे के साथ मशाल हाथों में लिए मंदिर की परिक्रमा की। मान्यता है कि इस विशाल मशाल से मंदिर की परिक्रमा करने पर सुख-समृद्धि और सौभाग्य प्राप्त होता है। इस दौरान पूरा वातावरण जय धौलीनाग के जयघोष से गुंजायमान रहा। मशाल यात्रा में धपोलासेरा, कांडा, पोखरी, खंतोली, मिथुनकोट, विजयपुर, ढपटी, नागकन्याल, कभाटा, रिखाड़ी, गोपेश्वर, भंडारीसेरा समेत 22 गांवों के लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से मशाल थामकर मंदिर की परिक्रमा की। परिक्रमा के दौरान देव डांगर अवतरित होकर भक्तों को आशीर्वाद देते रहे। वहीं दिनभर मंदिर प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले की रौनक और बढ़ा दी। वहीं समिति के अध्यक्ष भवान सिंह धपोला ने बताया कि यह परम्परा 500 साल पुरानी है। जब भगवान धौलीनाग की यहां उत्पत्ति हुई थी तब जंगल में आग लगी थी। पहले कांडपाल को आवाज लगाई गई। उनके द्वारा आवाज नहीं सुनी। उसके बाद धपोला लोगों को आवाज सुनाई गई उनके द्वारा अन्य गांव वालों को भी इक्कठा किया गया। फिर वहां जाकर जंगल की आग को बुझाया गया। तब से ही यह परम्परा बनी हुई है। तब से वे हर वर्ष नवरात्रि की पंचमी को राखा लेकर यहां की परिक्रमा करते है। वहीं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक गोविंद सिंह भंडारी ने बताया कि आदिकाल से यहां यह पूजा होती आई है। इस पूजा के दौरान हर गांव से राखा यहां पहुंचती है। भगवान धौलीनाग की यह पूजा अन्य किसी भी जगह पर नहीं होती है। यहां की परंपरा सदियों पुरानी है। वर्तमान में भी लोग इस परम्परा को जीवित रखे हुए हैं।



# अल्मोड़ा में जगह-जगह रामलीला मंचन की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन की धूम मची है। रामलीला के छठे दिवस शनिवार को सूर्पणखा की नाक काटने के प्रसंग का मंचन हुआ। इस दौरान देर रात तक रामलीला का मंचन देखने बड़ी संख्या में लोग डटे रहे। नगर के श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब, राजपुरा, खत्याड़ी, सरकार की आली, नंदा देवी, कर्नाटक खोला, धारानौला, एनटीडी में रामलीला मंचन की धूम मची है। हुक्का क्लब समेत अन्य स्थानों पर रामलीला में सूर्पणखा नासिका छेदन, त्रिसरा वध, खर-दूषण वध, सीता हरण आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। सूर्पणखा कहती है मैं तो छोड़ आई लंका का सारा राजकाज लखन लाल तेरे लिए..., यहां कर्नाटनखोला में रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम आलोक कुमार पांडेय और एसएसपी देवेंद्र पींचा ने भगवान राम के चित्र के समीप दीप जलाकर किया। वहीं, रामलीला में अन्य प्रसंगों का मंचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री बिट्टू कर्नाटक, गोविंद सिंह रावत, विजय वृहस्पति, हरीश भट्ट, अशोक बनकोटी, सुरेश चंद्र जोशी, ललित मोहन कर्नाटक, कैलाश चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भावना मल्होत्रा द्वारा किया गया।



## एक नजर

### चार प्रॉपर्टी डीलरों पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** एक महिला ने काशीपुर के चार प्रॉपर्टी डीलरों पर प्लाट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी और रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने चारों डीलरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आकांक्षा गार्डन निवासी पुष्पा शर्मा पत्नी पुष्पेंद्र शर्मा ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा के जनता दरबार में तहरीर देकर बताया कि ग्राम सरवरखेड़ा में चार प्रॉपर्टी डीलर्स ने 'नव्या कंस्ट्रक्शन' के नाम से कॉलोनी काटी थी। इसमें उसने और कई अन्य लोगों ने प्लॉट खरीदे। आरोप है कि उक्त डीलरों ने लोगों से आधा और पूरा पैसा लेकर रजिस्ट्री तथा दाखिल-खारिज भी करा दी थी। महिला के अनुसार, जब वह और अन्य खरीदार अपने प्लाटों पर कब्जा लेने और मकान बनाने पहुंचे, तो देखा कि जमीन पर किसान ने फसल बो दी है। किसान ने बताया कि आरोपियों ने उसे जमीन का पैसा नहीं दिया है। महिला का कहना है कि डीलरों से कई बार संपर्क करने पर वे सिर्फ तारीख पर तारीख देते रहे। अब पांच साल बीत चुके हैं। कभी-कभी संपर्क होने पर वे गाली-गलौज करते हैं। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने चारों डीलरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गाड़ी के साथ खाई में गिरा युवक, मौत

**बागेश्वर।** कपकोट से अपने गांव मल्ला देश फरसाली को जा रहे 54 वर्षीय ग्रामीण गाड़ी के साथ ही सड़क से 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को खाई से बाहर निकाला। जिसके बाद शव का पंचनामा भर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात कविंद्र सिंह पुतलिया पुत्र भवान सिंह निवासी मल्ला देश अपनी गाड़ी यूके-02-ए- 0272 से जा रहे थे। घर पहुंचने से पहले अचानक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में चालक कवींद्र की मौत हो गई। हादसे के वक्त वाहन में उसके अलावा और कोई नहीं था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को खाई से बाहर निकालकर पंचनामा भर शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। रविवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जहां वाहन गिरा वहां सड़क टूटी थी। यही हादसे का मुख्य कारण है। मामले की जांच की मांग की है। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने लिए सैम्पल

**काशीपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डॉ. प्रकाश चंद्र फुलारा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह व रुद्रपुर की खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य ने शनिवार दोपहर अभियान चलाया। टीम ने सूर्या पुलिस चौकी के पास एक ढाबे से सैंपल लिया। इसके अलावा मुरादाबाद रोड स्थित रिलायंस स्टोर से पोहा, जीरा, चावल व नमक और मोहल्ला विजय नगर स्थित एक मिष्ठान विक्रेता की दुकान से बेसन के लड्डू के नमूने जांच के लिए भेजे गए। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा शाह ने बताया कि लगभग पांच दिन नगर क्षेत्र की कई दुकानों से कुट्टे के आटा के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

### निर्दलीय जतिन शर्मा बने छात्रसंघ अध्यक्ष

**काशीपुर।** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी जतिन शर्मा ने बड़ी जीत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी एबीवीपी के रिंकू बिष्ट को 1030 वोटो से हरा दिया। उन्हें कुल मतों के कुल 71.20 (1587) प्रतिशत वोट मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अक्षय रस्तौगी को 48.45 प्रतिशत (1080) वोट मिले। छात्रा उपाध्यक्ष अनिषा कुमार निर्विरोध बनीं। सचिव पद पर सतनाम सिंह को 53.88 प्रतिशत (1201) वोट मिले। संयुक्त सचिव पद पर मुकुल मौर्य निर्विरोध चुने गये। कोषाध्यक्ष पद पर गरिमा सिंह को 62.22 प्रतिशत (1387) वोट मिले। संकाय प्रतिनिधि कला पद पर दीपक कुमार को 57.98 प्रतिशत (930) वोट मिले। संकाय प्रतिनिधि वाणिज्य पद पर दीपक कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। संकाय प्रतिनिधि विज्ञान पद पर अनिकेत को 53.16 प्रतिशत (143) वोट मिले। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर पायल थापा को 38.98 प्रतिशत (868) वोट मिले। सांसकृतिक सचिव पद पर नाजिया निर्विरोध विजयी हुए हैं।

### अल्ली खां में पटरी पर लौट रहा कारोबार

**काशीपुर।** आई लव मोहम्मद जुलूस के दौरान बवाल के बाद पुलिस कार्रवाई के चलते उपद्रव प्रभावित क्षेत्र अल्ली खां में लगभग सात दिन बाद कारोबार धीरे-धीरे पटरी पर आने लगा है। कुछ दुकानदारों ने दुकानें खोलकर अपना कारोबार शुरू कर दिया है। वहीं, क्षेत्र में पुलिस फोर्स तैनात है और संदिग्धों पर पैनी नजर रख रही है। रविवार की देर रात आई लव मोहम्मद का जुलूस बिना अनुमति निकाला जा रहा था। जब पुलिस ने मोहल्ला बांसफोड़ान क्षेत्र में जुलूस को रोककर जुलूस की अनुमति मांगी तो जुलूस में शामिल नाबालिग उत्तेजित हो गए। ये लोग मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मियों से मारपीट करने लगे। सरकारी वाहन पर पथराव करके उसके क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पुलिस-प्रशासन कार्रवाई करते हुए जुलूस में शामिल लोगों की चिह्नित करते हुए उनकी धरपकड़ शुरू कर दी थी। साथ ही किसी भी अनहोनी से निपटने के क्षेत्र में भारी पुलिस बल की तैनाती करने से क्षेत्र की दुकानें रविवार की रात से बंद हो गई थी। इस दौरान प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए अतिक्रमण ध्वस्त करना शुरू कर दिया है।

### ऐतिहासिक द्योलीडांडा सम्मेलन के 100 वर्ष पूरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड शिल्पकार समाज के ऐतिहासिक द्योलीडांडा सम्मेलन के 100 वर्ष पूरे होने पर रविवार को अल्मोड़ा में शताब्दी समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राय बहादुर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा के पौत्र दयाशंकर टम्टा ने की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा समेत प्रदेशभर से आए समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शताब्दी समारोह में वक्ताओं ने कहा कि द्योलीडांडा सम्मेलन ने समाज को जागरूकता और आत्मसम्मान की नई दिशा दी। इस दौरान शिल्पकार समाज के लोगों ने समाज को शिक्षा, समानता और संगठन की राह पर आगे बढ़ाते रहने की शपथ ली।

# ऐतिहासिक रामलीला में भावनाओं का अद्भुत संगम

**बागेश्वर।** नगर में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में शनिवार की रात्रि में लीला के मंचन में श्रद्धा और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने श्रवण कुमार प्रसंग, श्रीराम के वनगमन और राजा दशरथ के देहत्याग की गाथाओं का मंचन किया। भावपूर्ण अभिनय और संवादों ने ऐसा वातावरण रचा कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। मंचन की शुरुआत श्रवण कुमार प्रसंग से हुई। कलाकार ने अपने अंधे और वृद्ध माता-पिता को कांवर पर बैठाकर तीर्थ यात्रा कराने का दृश्य जीवंत कर दिया। जैसे ही दशरथ द्वारा लगाए गए बाण से श्रवण कुमार का वध हुआ, दर्शकों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। पूरे मैदान में सन्नाटा छा गया और लोग इस प्रसंग की मार्मिकता में खो गए। इसके बाद श्रीराम वनगमन का प्रसंग मंचित किया गया। जब राम, सीता और लक्ष्मण राजमहल छोड़कर वन की ओर प्रस्थान करते दिखे तो दर्शक एक बार फिर भाव-विभोर हो गए। गरुड़ में सूर्पणखा नासिका छेदन का मंचन रहा रोचक गरुड़। आदर्श रामलीला कमेटी के तत्थ्वाधान में रामलीला मंचन जारी है। शनिवार की रात मंच पर सूर्पणाख नासिका छेदन का मंचन सबसे रोचक रहा। इसके अलावा खर-दूषण वध, रावण सूर्पणखा संवाद, रावण मारीच संवाद, सीता हरण तक का ख्रश्य मंचन किया गया।

# 'मन की बात' समाज को देता है नई दिशा: रेखा आर्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को निजी आवास सोमेश्वर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का 126 वां एपिसोड सुना। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का आह्वान किया और दो महिला नौसेना अधिकारियों से संवाद कर उनके साहस का उत्साहवर्धन किया। यह देश की महिलाओं को आत्मबल और प्रेरणा देने वाला संदेश है। त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रधानमंत्री का स्थानीय स्तर पर बने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और वोकल फॉर लोकल का आह्वान हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक है। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में भी मील का पत्थर सिद्ध होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनकी शिक्षाओं को याद करते हुए समाज को समानता, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने की अपील की। इससे समाज में सकारात्मक सोच और एकता का वातावरण बनेगा। रेखा आर्या ने अपील की कि हम सभी को महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग और महापुरुषों की शिक्षाओं को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यही प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का वास्तविक संदेश है, जो हर भारतीय को आत्ममंथन और समाज हित में योगदान करने की दिशा दिखाता है।



# बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को जिला खेल कार्यालय परिसर में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल संरचनाओं का विकास जनपद में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिलाधिकारी ने बच्चों व युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से प्रदेश और देश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त ताइक्वांडो खिलाड़ी अलीशा मनराल, खो-खो (बालक एवं बालिका वर्ग) में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीमों, बॉक्सिंग तथा बैडमिंटन में पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया तथा जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पूनम मेहता, किरण परिहार, प्रदीप सिंह, माधुरी ज्याला, भगवान सिंह भण्डारी सहित विभागीय अधिकारी- कर्मचारी, खिलाड़ी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# स्मार्ट विद्युत मीटर से उद्यमी परेशान

## कहा-जब से लगवाएं हैं बहुत अधिक आ रहा है बिजली का बिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** केजीसीसीआई द्वारा चैम्बर हाऊस में उद्योगों के समक्ष आ रही बिजली से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन चैम्बर के महासचिव नितिन अग्रवाल द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि जब से उद्योगों में यूपीसीएल द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, तब से उन्हें बहुत अधिक धनराशि के बिल प्राप्त हो रहे हैं।

एक तो यूपीसीएल द्वारा प्रतिवर्ष विद्युत मूल्यों में निरन्तर वृद्धि की जा रही है दूसरी तरु उद्योगों के न चाहते हुए भी उनके परिसरों में स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए गए। स्मार्ट मीटरों की स्थापना के बाद आ रहे अधिक बिलों के कारण उद्योगों को वास्तविक विद्युत खपत से कहीं ज्यादा धनराशि का भुगतान करना पड़ रहा है। बैठक में केजीसीसीआई की पावर सब कमेटी के चेयरमैन शकील अहमद सिद्दीकी द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को 9 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। श्री सिद्दीकी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यो को सुझाव दिया गया कि बिजली के मामलो में समुचित जानकारी एवं सावधानी रखना नितान्त आवश्यक है अन्यथा उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ सकता है। बैठक में पुनीत सिंघल, संजय अग्रवाल, बीवी श्रीधर, अरविन्द मोहन सिंह, सचिन कुमार टिबरेवाल, अपूर्व जिंदल, अरूण अरोरा, शलभ अग्रवाल, अनिल कुमार, मनोज अग्निहोत्री, मनोज जोशी, केशव सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मनीष मेहरोत्रा, नवीन यादव, विनय राय, ओमप्रकाश, जसवंत सिंह, अजय कुमार, मुकेश राम गौढ़, आलोक सक्सेना, संजीव कुमार, राजीव रस्तोगी, गौरव चौहान, विश्वजीत दास, संदीप कुमार, पीयूष पंत, प्रतीक, शिव तिवारी, पंकज बिष्ट, मनमोहन भट्ट, सरोज कश्यप आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पेपर लीक पर युवाओं में आक्रोश: सती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एडवोकेट केवल सती ने प्रेस को दिए बयान में कहा कि राज्य में कल हुए छात्र संघ चुनाव के परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में उत्तराखण्ड के युवाओं में कितना बड़ा आक्रोश है। आज युवा पीढ़ी तथा उनके अभिभावक उनके भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं युवाओं की रात दिन की मेहनत व उनके सपने पेपर लीक ने खत्म कर दिए जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सती ने कहा कि जिस तरह सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है ये उसी का परिणाम है कि आज उत्तराखंड के युवाओं ने सरकार को आने वाले चुनावों में सबक सिखाने का संकल्प लिया है।

# लक्ष्मीपुर माइनर पर अतिक्रमण चिन्हित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** हाईकोर्ट के आदेश पर लक्ष्मीपुर माइनर पर हुए अतिक्रमण को चिह्नित करने का कार्य दोबारा से शुरू हो गया है। शहर के अंदर माइनर पर अतिक्रमण हटाने को लेकर माइनर पर हुए अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने का प्रशासन ने कार्रवाई शुरू करा दी है। नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट, तहसीलदार पंकज चंदौला, एसएनए कमल मेहता ने शनिवार को बैठक कर लक्ष्मीपुर माइनर पर हुए अतिक्रमण को चिह्नित करने की रूपरेखा तैयार की। आयुक्त ने बताया कि मोहल्ला कटरामालियान निवासी एक व्यक्ति ने लक्ष्मीपुर माइनर पर हुए अतिक्रमण के मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की हुई है। जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने नगर निगम, राजस्व विभाग व सिंचाई विभाग को अतिक्रमण चिह्नित करने और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लगभग तीन किमी लंबी माइनर का कुछ हिस्सा शहर की तंग गलियों से होकर गुजरता है। जिस पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते अब माइनर से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत अतिक्रमण को चिह्नित करके लाल निशान लगाए जा रहे हैं। साथ ही अतिक्रमणकारियों को 15 दिन का नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीते कई वर्ष पहले चिह्नित लगभग 33 अतिक्रमण न्यायालय में चले गए हैं। जहां उनका वाद विचाराधीन है। पहले दिन 14 अतिक्रमणों पर लाल निशान लगाए गए। टीम में राजस्व कानूनगो फूल सिंह, पटवारी रोहित शर्मा, धीरेंद्र तलवार, नगर निगम के पटवारी दिलशाद हुसैन, सिंचाई विभाग के जयकिशन आदि शामिल रहे।



### मां कात्यायनी की पूजा

**अल्मोड़ा।** शारदीय नवरात्र में अल्मोड़ा नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित दुर्गा महोत्सवों में हो रहे भजन-कीर्तनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मंदिरों में रविवार को मां भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा की गई। नगर के लक्ष्मेश्वर, चौघानपाटा, ढुंगाधारा, राजपुरा, लाला बाजार, गंगोला मोहल्ला, न्यू इंद्रा कॉलेज खत्याड़ी, ऑफिसर कॉलोनी और धारानौला के दुर्गा पंडालों में देर शाम तक भजन-कीर्तनों की धूम मची है। देर रात तक महिलाएं और अन्य लोग भजन-कीर्तन कर रहे हैं। रविवार को पंडालों में दुर्गा माता के छष्टम स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना हुई। यहां पुरोहित ने विधि विधान से माता की पूजा अर्चना कराई। यहां खगमराकोट में पुरोहित प्रमोद चंद्र लोहनी ने यजमानों को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई।

### केडीएफ के नवरात्रि महोत्सव में नवचेतना के गायकों ने मचाई धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** द्रोणासागर तीर्थ स्थल पर केडीएफ के तत्वावधान में चल रहे नवरात्रि महोत्सव में भारती नवचेतना सांस्कृतिक समिति काशीपुर के कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज और स्वरों से एक से बढ़कर एक गीतों की शानदार प्रस्तुति से सैंकड़ों की संख्या में मौजूद श्रोताओं को बालीवुड का अहसास कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, कार्यक्रम अध्यक्ष उद्यमी पवन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। संगीत की इस बेला में सर्वप्रथम गौरी ने मां शारदे की वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में इंडियन आइडल, वुआईस इंडिया समेत रविन्द्र जैन, सोनू निगम, हेमेश रेशमिया शान के साथ गीत गा चुके इस नवचेतना मंच के अनेक गायकों ने अपने अपने गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर इस शाम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का संचालन विकल्प गुड़िया ने किया। कार्यक्रम के दौरान केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई, उद्योगपति योगेश कुमार जिंदल, प्रमोद अग्रवाल, अपूर्व मेहरोत्रा, डॉ. नरेश मेहरोत्रा, कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट, विमल गुड़िया, डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. इला मेहरोत्रा, अनुपम शर्मा, प्रमोद तोमर, चक्रेश जैन, अनुज सेठ, अपूर्व जिंदल, जितेन्द्र सरस्वती, पंकज टंडन, सूर्य प्रताप चौहान, अश्विनी शर्मा,सुधा जिंदल, इंदुमान, डॉ. कीर्ति पंत, डॉ. अर्चना अग्रवाल,सीमा चौहान, अलका पाल, चेतन अरोरा रहे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत-सन्यासियोंवाला

विकास खण्ड जसपुर, जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्रांक-मेमो/रा.वि./15वां वित्त/अ.का.निविदा/2025-26 दिनांक-28/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सन्यासियोंवाला द्वारा राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष निर्माण कार्य हेतु प्रांकलन के आधार पर पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08-10-2025 के अपरान्ह 2.00 बजे तक मोहरबंद लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचायत भवन सन्यासियोंवाला में निर्माण कार्य समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 06-10-2025 को पंचायत भवन सन्यासियोंवाला में प्रात: 10.00 बजे से 4.00 बजे तक की जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | निर्माण कार्य का विवरण | कार्य की लागत (लाख रू.) | धरोहर धनराशि अग्रिम 2% | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार 'श्रेणी' |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्त्यार के घर से बलविन्दर के घर की ओर सी.सी. टाइल्स मार्ग निर्माण। ल0 60 मीटर। | 2.98 | 5960.00 | 500+ 18% जीएसटी | 3 माह | 30 दिन | डी श्रेणी या उच्चतर |

नोट- धरोहर धनराशि का शेष 3 प्रतिशत एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत सन्यासियोंवाला के नाम कार्य स्वीकृति की दशा में जमा करना होगा।

शर्तें- 1. उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने के पात्र होंगे।
2. धरोहर राशि जो ग्राम पंचायत-सन्यासियोंवाला के नाम बंधक रहेगी।
3. निविदा प्रपत्र का लागत मूल्य नगद/डी.डी.+18% जीएसटी प्रपत्र खरीदते समय जमा करना होगा।
4. आई.टी.आर. गत तीन माह।
5. जी.एस.टी. सम्बन्धी अदेयता प्रमाण पत्र।
6. जी.एस.टी. में पंजीकरण।
7. निविदा हेतु दिये गये समस्त प्रपत्रों की सत्यता हेतु 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी युक्त शपथ पत्र देना होगा।

नोट- किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत सन्यासियोंवाला के पास सुरक्षित रहेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सन्यासियोंवाला**
वि.ख.जसपुर (उ.सिं.नगर)


# सीबीआई जांच से क्यों भाग रही सरकार: उपाध्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता व राज्य आंदोलनकारी डा. गणेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बार-बार यह दावा करते हैं कि राज्य के किसी भी परीक्षार्थी और छात्र-छात्रा के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, लेकिन ट्रिपल एससी परीक्षा पेपर लीक मामले में सरकार सीबीआई जांच से भागती क्यों नजर आ रही है? डा. उपाध्याय ने कहा कि खुद हरिद्वार के भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी सीबीआई जांच की जरूरत पर जोर दे चुके हैं। इसके बावजूद सरकार की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार बार-बार अपने नकल विरोधी कानून की पीठ थपथपाती है, लेकिन ट्रिपल एससी परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाएं इस कानून की कमजोरियों को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा आपको तो उन लोगों का धन्यवाद करना चाहिए, जिन्होंने इस कानून की खामियों को सामने लाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पेपर लीक कराने वाले सिस्टम के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, और न ही कानून में उसके लिए कड़े प्रावधान जोड़े गए। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा कांग्रेस पर षड्यंत्र रचने के आरोपों पर पलटवार करते हुए डा. उपाध्याय ने कहा कि आज पूरे उत्तराखंड में छात्र-छात्राएं और बेरोजगार युवा संगठनों के बैनर तले विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसे कांग्रेस का षड्यंत्र कहना युवाओं का अपमान है। उन्होंने 1993-94 के छात्र आंदोलन की भी याद दिलाई।

# पंतनगर विश्वविद्यालय में टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में दिनांक 24 से 27 सितम्बर 2025 तक टेबल टेनिस (पुरुष) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग में किया गया, जिसमें एकल वर्ग में 32 प्रतिभागियों तथा युगल वर्ग में 14 टीमों (28 प्रतिभागियों) ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला 27 सितम्बर 2025 को खेला गया जिसमें एकल वर्ग (पुरुष) में सिल्वर जुबली भवन के प्रथम एरेड़ा विजेता एवं शिवालिक भवन के लोकेश सिंह बोहरा उपविजेता रहे। वहीं युगल वर्ग (पुरुष) में सिल्वर जुबली भवन के प्रथम एरेड़ा एवं पटेल भवन के गर्वित तिवारी ने संयुक्त रूप से विजेता स्थान प्राप्त किया। उपविजेता का खिताब चित्तरंजन भवन-प्रथम के ऋषभ गोस्वामी एवं टैगोर भवन के शिवा वर्मा को मिला। प्रतियोगिता का संचालन क्लब प्रभारी एवं सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. जीएस बोहरा के निर्देशन में किया गया। आयोजन में शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों का सहयोग सराहनीय रहा। समापन अवसर पर डा. एनके सिंह, प्रभारी शारीरिक शिक्षा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



# नई शिक्षा नीति का मेन उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ना: धामी

## पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में सीएम ने किया अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीएम धामी ने ई-लाइब्रेरी को शिक्षा के डिजिटलीकरण में विकास की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि यह शुरुआत विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय अध्ययन सामग्री मुहैया कराएगी और उन्हें 21वीं सदी के अनुरूप तैयारी करने के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का मेन उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ना और उन्हें तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाना है। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएँ दीं। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने इस ई-लाइब्रेरी को शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ज्ञान के स्रोतों तक आसान पहुँच आवश्यक है और यह सुविधा छात्रों को वैश्विक स्तर की शैक्षणिक सामग्री से जोड़ेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा सूर्य प्रकाश ने ई-लाइब्रेरी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस सुविधा से विद्यालय के लगभग 750 छात्र प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी भी सुगमता से कर सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि ई-लाइब्रेरी की शुरुआत से विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति नई रुचि उत्पन्न होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सुविधा विद्यार्थियों को न केवल पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने में मदद करेगी बल्कि उन्हें डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सक्षम बनाएगी। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक डा. शैलेन्द्र, प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष प्रो. अजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष विपिन, संरक्षक केपी काला, पुस्तकालय अधीक्षक अक्षय यादव, विजय पाण्डे, विष्णु प्रसाद मिश्रा, प्रियांशु सहित विद्यालय के छात्र एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## बच्चों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता ही सेवा के तहत गंगा शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अभियान तभी सफल होगा जब इसमें जन



भागीदारी होगी। सीएम ने छात्रों का आह्वान किया कि वे अपने आस-पास सफाई पर ध्यान देकर स्वच्छ उत्तराखण्ड की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को गति देने में सहयोगी बने। कहा कि हमारे स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता की भावना आये इस दिशा में भी हमें प्रयासरत रहना होगा। इससे पूर्व विद्यालय के छात्रों ने सीएम धामी की उपस्थिति में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस दौरान आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत समेत विशेष सचिव मुखयमंत्री डा. पराग मधुकर धकाते, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना, नमामि गंगे कार्यक्रम उत्तराखंड के कार्यक्रम निदेशक विशाल मिश्रा, संचार विशेषज्ञ पूरन कापड़ी, सरस्वती विहार स्कूल के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश सहित विद्यालय के गुरुजन व कर्मी व छात्र आदि उपस्थित रहे।

## सुनी पीएम के 'मन की बात'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भ्रमण पर पंहुचे सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 126वां एपिसोड सुना। मुख्यमंत्री ने कहा यह कार्यक्रम देश को नई सोच और सकारात्मक दिशा देने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को जोड़ने का काम किया है। जनहित में कार्य कर रहे लोगों की मेहनत और लगन को उन्होंने जन-जन तक पहुंचाया है। कहा कि प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में नारी शक्ति का सममान करने और स्वदेशी को अपनाने का संकल्प लेने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर खादी और स्वदेशी अपनाने का भी आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि 2 अक्टूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद अवश्य खरीदें और सोशल मीडिया पर वोकल फार लोकल के साथ साझा करें। मुखयमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी इस मुहिम में अपना सहयोग देने का आग्रह किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की उन बेटियों का मान बढ़ाया जिन्होंने नाविका सागर परिक्रमा जैसी कठिन 47.500 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर नया इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री ने लोकल उत्पादों के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने की भी बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए सभी के सामने जो संकल्प रखे हैं उन्हें हम सबने मिलकर पूरा करना है। इस अवसर पर डोमेश्वर साहू प्रांत प्रचारक, डा. शैलेंद्र, डा. नरेंद्र सिंह भंडारी, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दायित्वधारी डा. अनिल कपूर, शांति महरा, आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल तथा जिलाधिकारी वंदना एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# 15 दिन का अल्टीमेटम

## कलसिया नाले के किनारे बसी आबादी को नोटिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कलसिया पुल के नीचे नाले किनारे बसी अवैध बस्ती पर प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए दूसरी बार नोटिस जारी किया है। नोटिस देकर करीब 150 लोगों को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए हैं और 15 दिन के भीतर क्षेत्र खाली करने का अंतिम मौका दिया गया है। प्रशासन का यह कदम बारिश के दौरान संभावित आपदा और जान-माल के खतरे को देखते हुए उठाया गया है। नोटिस मिलने के बाद रविवार को वहां रह रहे लोग विधायक सुमित हृदयेश से भी मिले। बताते चलें कि हर साल बरसात में कलसिया नाला उफान पर आ जाता है और भारी तबाही मचाता है। हालांकि इस साल मानसून से पहले की गई तैयारी के चलते बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन प्रशासन इस बार जोखिम मोल लेने के मूड में नहीं है। जिलाधिकारी पहले ही निर्देश दे चुके हैं कि मानसून के बाद नाले किनारे हो रहे अवैध कब्जों को हटाया जाए। इसके तहत पहले भी नोटिस जारी किए गए, लेकिन लोगों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

हैरानी की बात यह है कि हटने के बजाय इलाके में नए निर्माण कार्य भी शुरू हो गए हैं। अब प्रशासन ने दोबारा नोटिस जारी करते हुए साफ कर दिया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम नैनीताल नवाजिश खलिक ने बताया कि जिन लोगों को आपत्ति है, वे रानीबाग में लगने वाले कैंप में अपनी बात रख सकते हैं। प्रशासन की चेतावनी साफ है कि अब न कोई ढिलाई होगी और न ही जोखिम लिया जाएगा। नाले के किनारे बसी अवैध बस्ती को हटाना तय है। इधर कलसिया नाला काठगोदाम बद्रीपुरा में रहने वाले लोग नोटिस मिलने के बाद आज रविवार को शहर विधायक सुमित हृदयेश से भी मिले और अपनी दिक्कतों को अवगत कराया। विधायक सुमित हृदयेश ने वहां निवास कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन से वार्ता की जायेगी और हर संभव मदद की जायेगी।

## आढ़त में पल्लेदार ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आढ़त में पल्लेदारी करने वाले एक श्रमिक ने आढ़त में गमछे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब आज रविवार की सुबह एक महिला आढ़त पहुंची तो उसने शव को लटका देखा और घटना की सूचना मंडी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर शव अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी रख दिया और पुलिस मृतक के परिजन के आने का इंतजार कर रही है। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जानकारी के अनुसार मूलरूप से नेपाल निवासी 39 वर्षीय प्रेम बहादुर पिछले कई सालों से यहीं रहता है और दीपक की सब्जी की आढ़त में पल्लेदारी का काम करता है। बताया जा रहा कि बीते शनिवार रात्रि करीब साढ़े 9 बजे प्रेम ने आखिरी गाड़ी में माल लोड किया था। इसके बाद वो आढ़त में ही खा-पीकर सोने चला गया। सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो एक महिला उसे देखने आढ़त में गई। आढ़त के अंदर गमछे से उसका शव लटक देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने तुरंत घटना की सूचना आढ़त स्वामी दीपक को दी। जिसके बाद आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। घटना की सूचना पर मंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच और फंदे से उतारकर उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मौत किन कारणों से हुई इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल शव को मोर्चरी रख दिया है परिजनों के आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क पार कर रहे एक मजदूर को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मजदूर बाइक से टकराने के बाद छिटककर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक हाल मोटाहल्दू व मूलरूप से शाही, मीरगंज, बरेली यूपी निवासी 42 वर्षीय नत्थू लाल पुत्र मिठई लाल हल्द्वानी में मजदूरी करता था। बताया जा रहा कि वह रोजना की तरह आज रविवार को अपने साथियों के साथ श्रमिक बाजार बरेली रोड आया था। बताया जा रहा कि जैसे ही वह मेडिकल चौकी के सामने सड़क पार कर रहा था, तभी तेज गति से आ रही एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। बाइक की टकर से मजदूर नत्थू लाल छिटककर डिवाइडर से जा टकराया। सड़क हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मजदूर को टक्कर मारने वाले बाइक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# यातायात कार्यालय का घेराव

## ई-रिक्शा चालकों ने लगाया पुलिसिया दमन का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों का उत्पीड़न व मारपीट किए जाने के विरोध में रविवार को दर्जनों



ई-रिक्शा चालक पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू के नेतृत्व में काठगोदाम यातायात कार्यालय पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान प्रदर्शकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। लोगों ने पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। रविवार को राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरु ने बताया गया कि शनिवार शाम को ग्राम डालकन्या निवासी कैलाश भट्ट व विपन जोशी के साथ मुखानी के आसपास एक पुलिसकर्मी ने मारपीट की। इतना ही नहीं पुलिस कर्मी ने एक चालक को थप्पड़ जड़ दिया। पनेरु ने कहा कि पुलिस को कानून हाथ में लेने का अधिकार किसने दिया। जब तक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, वह चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि नैनीताल पुलिस गरीब और मेहनतकश लोगों पर रौब दिखाकर दमन कर रही है, जबकि अपराधी और खनन माफिया खुलेआम आम जनता को धमका रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कैलाश भट्ट, मुकेश, आनंद सिंह भंडारी, राकेश, खीम सिंह बिष्ट, रमेश, पुरन विनवाल, नीरज, मदन सिंह लमगड़िया, नीरज कुमार, आकाश राणा, प्रेमपाल, अनिल, अंकित आदि शामिल रहे।

## अधेड़ मिले व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी।** मंगलपड़ाव स्थित एक पार्क में संदिग्ध हालत में एक मोटर मैकेनिक पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार रविवार की मंगलपड़ाव स्थित एक पार्क में अधेड़ उम्र के एक व्यक्ति पड़े होने की सूचना पर पहुंची मंगलपड़ाव पुलिस ने अधेड़ व्यक्ति को उठाकर उसे सुशीला तिवारी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान 58 वर्षीय संजय त्रिपाठी निवासी देवलचौड़, बंदोबस्ती के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक पेशे से मोटर मैकेनिक है। हालांकि उसकी मौत कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है।

# गन सप्लायर के बेटे को धमकी

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच की शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चर्चित जेडे हत्याकांड के दोषी और अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के करीबी रहे दीपक सिसोदिया के बेटे अजय सिसोदिया को जान से मारने की धमकी मिली है। अजय का आरोप है कि जब उसने 60 लाख रुपये की बकाया राशि की मांग की तो आरोपी ने उसे फोन पर धमकाते हुए कहा तेरे सीने में गोली मार दूंगा। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जीतपुर नेगी रामपुर रोड निवासी अजय सिसोदिया पुत्र दीपक सिसोदिया ने अपर मुख्य न्यायाकि मजिस्ट्रेट हल्द्वनी को दिए गए प्रार्थनापत्र में कहा कि उसने अपनी पोकलैंड मशीन ताड़ीखेत अल्मोड़ा निवासी विजय प्रकाश पांडे को कुछ वर्ष पूर्व किराए पर दी थी, लेकिन अब तक करीब 60 लाख रुपये का किराया बकाया है। अजय ने बताया कि एक मई 2025 को अमन पाल ने विजय प्रकाश से फोन पर बकाया राशि की मांग की। इस पर विजय प्रकाश भड़क गया और अमन को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इसी रात करीब साढ़े नौ बजे विजय प्रकाश ने खुद अजय सिसोदिया को कॉल कर अपशब्द कहे और धमकाते हुए सीने में गोली मारने की बात कहीं। यह पूरी बातचीत अजय के मोबाइल फोन में रिकॉर्ड हो गई। अजय ने बताया कि उसके अगले दिन 2 मई को हल्द्वानी कोतवाली में लिखित शिकायत दी, जिसकी रिसीविंग भी ली गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद 6 मई को उसने एसएसपी कैंप कार्यालय में भी शिकायत पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अजय ने बताया कि जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली और अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी की अदालत में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने पुष्टि की है कि कोर्ट के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# बुद्ध पार्क में युवाओं ने भैंस के आगे बीन बजाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच को लेकर आंदोलित युवाओं ने रविवार को बुद्ध पार्क में अपना आंदोलन जारी रखते हुए धाकड़ भैंस के आगे बीन के नाम से प्रतीकात्मक प्रदर्शन कर सरकार की बेरुखी पर कटाक्ष किया और हस्ताक्षरयुक्त पोस्टर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पार्सल से भेजा। इस बीच प्रशासन ने धरनास्थल पहुंचकर धाकड़ शब्द को पोस्टर से हटवा दिया। वहीं उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा चौथे दिन भी आमरण अनशन पर डटे रहे। डाक्टरों ने बुद्ध पार्क पहुंचकर उनका मेडिकल परीक्षण किया। इस दौरान कोरंगा ने कहा कि यह लड़ाई मेरी नहीं, बल्कि लाखों युवाओं और छात्रों के भविष्य की है। जब तक पेपर लीक की सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती यह आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलित युवाओं ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फोन कर अनशन स्थगित करने की अपील की, लेकिन कोरंगा ने स्पष्ट कर दिया कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती। उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने तंज कसते हुए कहा कि जब प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून है, तब भी रामनगर में टेट परीक्षा में नकल की खबरें सामने आई। आयोग आज भी 4जी जैमर के जमाने में अटका है, जबकि नकल माफिया सेटेलाइट फोन के साथ अपग्रेड हो चुका है। खीम सिंह कोरंगा ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं ने हजारों युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। उन्होंने चेताया कि यदि सीबीआई जांच और पेपर रद्द नहीं होते है तो छात्रों का आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है। खिमेश पनेरु ने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने छात्रों की सीबीआई जांच की मांग का समर्थन किया है, अगर वह छात्रों के साथ सड़क पर आकर संघर्ष करते है तो छात्र कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे। इस दौरान ललित मोहन जोशी, मनोज कोठियाल, शैलेन्द्र दानू, विशाल भोजक, छात्रसंघ उपाध्यक्ष ज्योति दानू, विक्रम मेहता, हर्षित जोशी, दीक्षित कुमार, सुनील चंद्र, मुकेश चंद्र, पवन चंद्र, दिनेश सिंह बिष्ट, अजय प्रताप सिंह, अमित रावत, राधा आर्य, ज्योति बनौला, खिमेश पनेरू, सुजाता आर्य, किरण राणा, टीकाराम पांडे सहित कई युवा मौजूद रहे।

## बनभूलपुरा में सत्यापन

**हल्द्वानी।** एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर पुलिस की टीमों ने बनभूलपुरा क्षेत्र में सत्यापन अभिान चलाते हुए सत्यापन न करने पर 23 व्यक्तियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए 6500 रुपये जुर्माना और भवन स्वामी, दुकान मालिक व ठेकेदार 9 व्यक्तियों के कोर्ट चालान करते हुए 90 हजार रुपए जुर्माना वसूला। रविवार को सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी के नेतृत्व में कोतवाल अमरचंद शर्मा, थानाध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी, थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा व प्रभारी बनभूलपुरा सुशील जोशी ने पुलिस की विभिन्न टीमों के साथ जवाहर नगर, गफूर बस्ती, रेलवे बाजार, चोरगलिया रोड, वेस्ट गंज लाइन नंबर 1 से 18 तक, इंदिरा नगर छोटी व बड़ी रोड सहित अन्य स्थान पर सत्यापन अभियान चला कर कार्यवाही की।

# दिव्यांगों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस और अंतर्राष्ट्रीय बधिरजन सप्ताह के उपलक्ष्य में सेवालय एवं कुमाऊं डीफ एसोसिएशन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो दिव्यांगजनों को समर्पित रहा।

कार्यक्रम में जागरूकता रैली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गई, जिसमें 180 मूकबधिर और दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में गुंजन तिवारी और मदन सिंह बिष्ट शामिल रहे। मंच संचालन रिम्पी बिष्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। उनकी प्रेरणादायक कहानियों और प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता ने समूचे वातावरण को जीवंत बना दिया। सेवालय संस्था द्वारा यह कार्यक्रम समाज में दिव्यांगजनों के प्रति समर्पण प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष नीमा बिष्ट, सचिव रोहित जोशी, दीपक, अंकित, समीर, सुरेंद्र, हेमंत, सुखराम, पवन, पीयूष, गीता, गायत्री, मनीष, लक्ष्मण, विपुल, योगिता, निर्मल जोशी, भावना जोशी, दीपा पुनेरा, मीनाक्षी पाण्डेय, प्रियांशी, गीता कार्की, यामिनी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# दशरथ मरण, भरत मिलाप देख आंखें नम हुई

## काठगोदाम रामलीला महोत्सव में केवट संवाद, सुमंत वापसी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रामलीला महोत्सव में केवट संवाद, सुमंत वापसी, दशरथ मरण, भरत विलाप का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों ने दशरथ मरण और भरत मिलाप का भावुक मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला मंचन का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जय कर्नाटक, युवा महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राधा आर्य, विनोद कुमार व कमेटी के अध्यक्ष संदीप राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। नगर निगम इंटर कालेज काठगोदाम के प्रांगण में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान श्रीराम मंत्री सुमंत को समझा कर अयोध्या वापस भेज देते हैं। गंगा पार करने के दौरान राम की मुलाकात केवट से होती है। राम-केवट संवाद में भक्ति रस का खूबसूरत समां बांध देते हैं।

उधर अयोध्या के राजा दशरथ अचेत अवस्था में पड़े हुए हैं। सुमंत वापस अयोध्या लौट आते है। राजा दशरथ श्रीराम-लक्ष्मण, सीता के बारे में वापस आने के बारे में जानकारी लेते है आखिर में वह पुत्र वियोग में अपने प्राण त्याग देते है। इसके बाद अयोध्या के दूत भरत और शुत्रुघन को उनके ननिहाल से वापसी बुला लाते है। भरत मां कैकेयी को बुरा भला कहते हैं और राम से मिलने वन चले जाते हैं। भरत राम से वापस चलने की मनुहार करते हैं, लेकिन राम मना कर देते हैं। भरत सर पर खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौट जाते हैं। मंचन के दौरान दशरथ मरण व राम-भरत मिलाप देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर शेखर कपिल, मनोज दुबे, भगवती बिष्ट, कमला राणा, विमला रेखाड़ी आदि मौजूद थे।

## नारद मोह, रावण वरदान तक की लीला का मंचन

**हल्द्वानी।** रविवार से शीशमहल में रामलीला मंचन शुरू हो गया है। रामलीला मंचन के पहले दिन सबसे पहले भगवान गणेश व शिव की वंदना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। रात्रि गणेश वंदना एंव धार्मिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ। मंचन से पूर्व रामायण जी की आरती की गई और भगवान गणपति की वंदना के साथ रामलीला का शुभारंभ किया गया। पहले दिन नारद मोह से लेकर रावण अत्याचार तक की लीला का मंचन किया गया। जिसमें भगवान विष्णु के नारायण अवतार को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। मंचन में मुख्य अतिथि सुनील शारदा, नीरज शारदा, डा. पंकज महेश द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। व्यासंस्थापक गिरीश चन्द्र तिवारी, अध्यक्ष मनोज तिवारी, महामंत्री एनडी तिवारी, संरक्षक हरीश चन्द्र पांडे, दिनेश फुलारा, केशवदत्त तिवारी, विक्रम डंगवाल, सुरेश तिवारी, विनोद तिवारी, मोहन बल्यूटिया, पुष्पा संभल, नीरज फुलार, मोहन अधिकारी, उमेश जोशी, बाल किशन, भुवन तिवारी मौजूद रहे।

# बूथ पर सुनी 'मन की बात'



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने बूथ संख्या 154 पर शक्ति केंद्र संयोजक सेनि. कैप्टन सोबन सिंह भड़ के निवास स्थान पर रविवार को कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 126वां एपिसोड सुना। यह आयोजन भाजपा की बूथ स्तर की सक्रियता को दर्शाता है, जहां स्थानीय नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए पार्टी की जमीनी पहुंच को मजबूत कर रहे हैं। इस मौके पर विधायक भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात से हमें हमेशा नई दिशा मिलती है। यह न केवल राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रकाश डालता है, बल्कि सामान्य नागरिकों की आवाज को भी बुलंद करता है। आज का एपिसोड हमें लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक एकता के महत्व को याद दिलाता है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, शक्तिकेंद्र संयोजक सोबन सिंह भड़, परमजीत पम्मा, पार्षद चंद्रप्रकाश, गिरधर बिष्ट, गणेश जोशी, डा. टीएस पोखरिया, गोविंद सिंह रावत, मनोज सिंह नेगी, देव सिंह टाकुली समेत स्थानीय जनता मौजूद रही।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लोडर वाहन से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पंतनगर के पत्थरचट्टा फ्लाईओवर के पास शनिवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक स्वार जिला रामपुर यूपी के रहने वाले थे। बाइक सवारों के गलत दिशा में आने के कारण हादसा हुआ। पुलिस ने शवों को मोर्चरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, शनिवार रात एक लोडर वाहन (छोटा हाथी) रुद्रपुर से पंतनगर की ओर आ रहा था। शाम करीब साढ़े छह बजे पंतनगर से रुद्रपुर की ओर गलत दिशा में जा रही बाइक लोडर वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।




सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल रुद्रपुर भेजा, जहां उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान 46 वर्षीय अतीक अहमद पुत्र लईक अहमद और 32 वर्षीय अनीस खान पुत्र हुसैन खान निवासी स्वार, जिला रामपुर यूपी के रूप में हुई। हादसे के कारण कुछ समय तक ट्रैफिक बाधित रहा। थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत ने बताया कि बाइक सवारों के गलत दिशा में आने के कारण हादसा हुआ है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

# उधमसिंह नगर पुलिस का आप्रेशन लंगड़ा जारी

- पुलिस और गगन रतनपुरिया के बीच मुठभेड़
- पैर में गोली लगने के बाद दबोचा गया
- नामांकन के दौरान फायरिंग करने का है आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** छात्रसंघ चुनाव नामांकन के दौरान हुई गोलीबारी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी गगन रतनपुरिया को पुलिस ने शक्तिफार्म क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली उसके पैर में लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबा. चकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह पुलिस अभिरक्षा में इलाज



करा रहा है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि गगन रतनपुरिया लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। आरोपी की लोकेशन सिटारगंज क्षेत्र में मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार देर रात घेराबंदी की। इस दौरान आरोपी अपने साथियों मोहम्मद रजत, देवेंद्र कुमार और विपिन ठाकुर के साथ कार से फरार होने की फिराक में था। पुलिस को देखकर उसने जंगल की ओर भागने की कोशिश की और फायरिंग भी की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में जा लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने गगन के अलावा नामांकन गोलीकांड में शामिल कुछ अन्य आरोपियों को भी दबोचा है। सभी से पूछताछ जारी है और पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भारी पुलिस बल तैनात कर किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने की कोशिश की जा रही है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों और छात्रों ने राहत की सांस ली है।

## एक नजर

### राम केवट संवाद का हुआ सुंदर मंचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** इन दोनों पूरे क्षेत्र में जगह-जगह रामलीलाओं का मंचन किया जा रहा है जिसको लेकर दर्शकों में भी खासा उत्साह है। बीती रात भूत बंगला में रामलीला का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना के साथ किया।



श्री राम हनुमान देवी जागरण मंडल द्वारा पिछले 60 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। बीती रात की लीला में राम सुमंत संवाद ,राम और निषाद राज मिलन, प्रभु राम का शबरी की कुटिया पर पहुंचना और राम केवट संवाद का सुंदर मंचन किया गया। रामलीला में श्यामा रसिया रसिक ब्रजधाम की मंडली के कलाकारों द्वारा अभिनय किया जा रहा है, जिसकी सभी सराहना कर रहे हैं। मुख्य अतिथि श्री चुघ ने कहा की प्रभु राम करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है और नवरात्रि के पावन दिनों के अलावा जगह-जगह रामलीला का मंचन यह दिखाता है कि हिंदू धर्म में लोगों की गहरी आस्था है। यहां रामसेवक गुप्ता, गौरव गुप्ता, चैनसुख मिश्रा, विजय गुप्ता, विनोद वर्मा, रवि गुप्ता, विपिन शर्मा, राम किशोर रस्तोगी, संतोष दिवाकर, अजय गुप्ता, शिवकुमार शिबू, नंद गोपाल कोली, नीलकंठ राणा, रोहित कोली समेत तमाम लोग मौजूद थे। मंच संचालन गिरीश श्रीवास्तव ने किया।

### चेयरमैन गित्ते बोले- बाजपुर का चहुंमुखी विकास ही मुख्य लक्ष्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने नगर के वार्ड नंबर 1, वार्ड नंबर 3 व वार्ड नंबर 13 में 32 लाख की लागत से बनने वाली टाईल्स रोड़ का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।



चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा बाजपुर का चहुंमुखी विकास ही उनका मुख्य लक्ष्य है। बाजपुर के प्रत्येक वार्ड में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बिना किसी भेदभाव के जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। त्यौहारों के मुद्देनजर नगर की सफाई व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। नालों और नालियों की तलीझाड़ सफाई करवाई जा रही है। इस मौके पर सभासद महेश कुमार 'आशू', आदित्य चानना, श्रीनिवास गर्ग, श्याम लाल गर्ग, आशू शास्त्री, भूरा, जितेन्द्र यादव, धर्मवीर दिवाकर, सोनू, सरबजीत सिंह, सोनू, नन्दलाल यादव, खलील अहमद आदि उपस्थित रहे।

### झारखंड के राज्यपाल ने किया डा. पांडेय की पुस्तक का विमोचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बरेली स्थित अपने निजी आवास पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने बाजपुर निवासी डा. संदीप कुमार पांडेय की पुस्तक 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : उपयोगिता व चुनौतियां' का विमोचन किया।



उन्होंने डा. पांडेय के लेखन व शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई दी व कहा कि डा. पांडेय की यह पुस्तक निश्चित रूप से वर्तमान युवा पीढ़ी व सामान्य जनमानस के मार्गदर्शन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। बता दें कि इसके पूर्व भी डा. पांडेय की कई पुस्तके विभिन्न पाठ्यक्रम आधारित व शोध आलेख प्रकाशित हो चुके हैं, साथ ही वह कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में डा. पांडेय एसआईआई कॉलेज रोशनपुर में कार्यरत हैं।

### पेपर लीक मामले में गदरपुर के युवाओं ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा यूकेएसएसएससी मामले में सीबीआई जांच और री एग्जाम को लेकर प्रदर्शन किया गया।



आपको बताते चले कि यूके एसएसएससी पेपर लीक मामले में प्रदेश भर में आंदोलन व धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं, जिसको लेकर आज रविवार को गदरपुर के बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा सरदार उधम सिंह कंबोज धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्ट बैनरों के साथ प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया गया। उसके उपरांत युवाओं द्वारा हाईवे नं. 74 पर जाकर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी का पुतला फूंका गया। वहीं युवाओं द्वारा सीबीआई जांच और री एग्जाम की मांग की गई। इस दौरान फैजान खान, दिलीप कुमार, शुभम आर्य, पंकज आर्य, प्रताप यादव, प्रभात भारती, दीपक आर्य, मोहम्मद जुनेद, शुभम प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे। वहीं प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्र भुल्लर व कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ आदि ने छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की बात कही।

### सामाजिक कार्यकर्ता और राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी को मिलेगा विद्यासागर नौटियाल स्मृति सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के सामाजिक कार्यकर्ता और राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी को वर्ष 2025 के विद्यासागर नौटियाल स्मृति सम्मान, सामाजिक क्षेत्र में दिया जाना है। उनके उत्कृष्ट कार्य व समाज के प्रति समर्पण व सामाजिक मुद्दों के प्रति तत्परता को देखते हुए चयन समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है।



उन्होंने बताया कि इस सम्मान के लिए इस वर्ष 18 नाम प्रस्तावित के रूप में चयन समिति के पास आये। उनके कार्य क्षेत्र, आंदोलनों में भूमिका, उनके अनुभव, उपलब्धियां व जन मानस के लिए किए हुए कार्यो के आधार पर चर्चा की गयी। सभी नामों पर चर्चा करने पश्चात चयन समिति द्वारा अंतीम चरण में चार नामों पर गौर किया गया, जिनमें गंगा असनोडा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात ध्यानी, वरिष्ठ पत्रकार महिपाल सिंह नेगी व सामाजिक सरोकार से जुड़े, जोशीमठ बचाओ आन्दोलन के नेता अतुल सती का नाम शामिल हैं। इस सभी के कार्यों पर गहन चर्चा के बाद प्रभात ध्यानी के नाम पर सबकी सहमती से इस वर्ष के सम्मान के लिए चयन किया गया है। चयन समिति में वरिष्ठ पत्रकार राजीव नयन बहुगुणा, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चन्द्र जोशी, कामरेड समर भंडारी, पूनम कैन्त्युरा, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता अनिल स्वामी शामिल थे। यह कार्यक्रम 29 सितम्बर को आईटीडी सभागार, निकट सर्वे चौक, देहरादून में होना है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध लोक गायक पद्मश्री प्रीतम भरतवाण होंगे।

# शहर का समग्र विकास पहली प्राथमिकता: विकास शर्मा

- महापौर ने रम्पुरा में किया सड़क का शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नगर निगम रुद्रपुर के विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नं. 22 रम्पुरा क्षेत्र में इमली मंदिर के पास लीलाधर के घर से विक्की के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रम्पुरा क्षेत्र की सड़क और नाली निर्माण की मांग काफी समय से उठ रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है।



महापौर ने आश्वस्त किया कि नगर के किसी भी वार्ड के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। महापौर ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में विकास कार्यों की गति और तेज हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन और उनके आशीर्वाद से रुद्रपुर शहर में भी सड़कों, नालियों, पेयजल और स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मीडिया प्रभारी राज कोली ने किया। इस अवसर पर पार्षद पूनम कोली, चंद्रसेन चंदा, डा. महेश, राजकुमार कोली, डा. राजेंद्र रामसेवक, राजू कोली, राजेंद्र दिवाकर, चंद्रपाल कोली, लीलावती, रामादेवी, सुरेश चंद्र, संजय कोली, अमन कोली, सोनू कोहली, प्रेम कोली, शीतल देवी, प्रमोद कोली, प्रताप कोहली, हर प्रसाद, भूपराम कोली, बनवारी लाल, बद्री, रामवती, प्रेमवती, सुमन सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नवरात्र के पावन पर्व पर मां की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम वार्ड नं. 16 कौशल्या फेस-1 और वार्ड नं. 16 गणेश गार्डन में देखने को मिला। छठी नवरात्रि के अवसर पर मां भगवती के जागरण में सैकड़ों श्रद्धालु देर रात तक भजनों की गूंज में झूमते नजर आए।

दोनों कार्यक्रमों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के पहुंचने पर कॉलोनीवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने मां भगवती के चरणों में माथा टेककर सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत 'मैया के दरबार में आया हूं मुरादें लेकर' जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। ठुकराल ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक



है। जब हम मां भगवती की भक्ति में लीन होते हैं, तो हमारी आत्मा शुद्ध होती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। यहां संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, रूद्रा कोली, ललित दुमका, रोहित पांडे, हेमेंद्र गंगवार, संदीप थपलियाल, पूरन चंद्र पंत, लक्ष्मी दत्त सूतेड़ी, नेहा पांडे, गीता रौतेला, मुकेश बेलवाल, ज्योति सिंह, यतेन्द्र सिंह, योगेश चौहान, अवधेश पांडे, अमर शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, संदीप सिंह, रूपाली चौहान, रूहानी शर्मा, कंचन हरबोला, योगेश त्यागी, उत्तम दत्ता, दलीप अधिकारी, रामकुमार, संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, मनीष ठक्कर, प्रभाकांत दुबे, सुनील शर्मा, महेश आर्य, अजय सिंघल, अभय, जगदीश यादव, मेवाड़ी जी, ज्ञानेश, सुबोध सिंह, विक्की रावल, योगेश यादव, अनिल मिश्रा, विनोद यादव, प्रमोद गोस्वामी, ओम शंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री के जसपुर पहुंचने पर भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** प्रदेश महामंत्री का दायित्व के बाद तरुण बंसल प्रदेश मुख्यालय देहरादून से अपने गृह जनपद में पहुंचने से पहले भाजपाईयों ने जिला अध्यक्ष मनोज पाल के नेतृत्व में सर्वप्रथम महुआडाबरा में फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया इसके उपरांत जसपुर की नगर मंडल कार्यकारिणी के द्वारा जसपुर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक परिचय सम्मेलन के दौरान कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।

जहां भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल मालाये एवं अंगवस्त्र पहनाकर मुख्य अतिथि एवं मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं से परिचय के उपरांत आगामी मिशन 2027 में फिर से तीसरी बार उत्तराखंड में भाजपा सरकार का परचम लहराने की बात करते हुए कहा कि इस बार विधानसभा जसपुर में कांग्रेस का नहीं बीजेपी का ही परचम लहराएगा जिसको लेकर जसपुर भाजपाईयों को अभी से तैयारी में जुटने की अपील करते हुए संगठन को मजबूती पर बल दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाध्यक्ष मनोज पाल , एसटी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, सनी प्रधान, डा. एमपी सिंह, गुरताज भुल्लर, विनीत चौहान, हरप्रीत सिंह हैप्पी, तरुण गहलोत ,नवीन अग्रवाल, यशपाल शर्मा, मनोज अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह चौहान, अशोक खन्ना, भूदेव सिंह, सुधीर बिश्नोई, अनीता पवार, ज्योति कश्यप , राजकुमार सिंह रवि मणि समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल करने में तीन के विरुद्ध केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** स्कूटी को क्षतिग्रस्त करने को लेकर कुछ लोगों ने पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर का जांच शुरू कर दी है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मंशा पट्टी (बंधन पैलेस) के पास निवासी रोबनदीप ने बताया उसकी पुत्री की स्कूटी को पड़ोस के ही रमनदीप के पुत्र ने बाइक से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी थी। जिसके बाद बह स्कूटी को वह मिस्त्री की दुकान पर ले गया और ठीक करने के लिए खड़ी कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 20 सितंबर की शाम 6:00 बजे रमनदीप ने उन्हें फोन कर मिस्त्री की दुकान पर बुलाया जहां उसके साथ पहले से ही 5 से 6 लोग मौजूद थे। इस दौरान गुरनाम सिंह, रमनदीप और बलवीर ने लोहे की राड व धारदार हथियार से उसे पर व उसके पुत्र पर हमला कर दिया जिसमें उसके पुत्र और उसे काफी चोट आई है पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जुलूस निकालकर की पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई की मांग




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम मालधन पुलिस चौकी से बड़ी संख्या में छात्र युवा व महिलाओं ने जुलूस निकालकर पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने, रोजगार को मौलिक अधिकार घोषित कर सभी को रोजगार की गारंटी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान सरस्वती जोशी के संच. ालन में हुई सभा को संबोधित करते हुए छात्रों ने कहा कि हमने दिन रात मेहनत करके 21 सितंबर की परीक्षा में भाग लिया और परीक्षा कक्ष से बाहर आते ही खबर आ गई कि पेपर लीक हो गया है। छात्रों ने कहा कि प्रदेश में 15 लाख रुपये में परीक्षा पेपर बेचा जा रहा है और इस घोटाले में मंत्री से लेकर सरकारी अधिकारी तक सभी लिप्त हैं और मामले की सीबीआई जांच होने पर भाजपा सरकार गिर जाएगी। यही कारण है कि प्रदेश के मुखिया धामी सीबीआई जांच नहीं करवा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि आज देश में रोजगार की समस्या विकराल हो गई है। 21 सितंबर को 416 पदों के लिए आयोजित परीक्षा में एक लाख से भी ज्यादा युवा शामिल हुए थे। यदि इस परीक्षा का पेपर लीक नहीं होता तो भी 99.5 प्रतिशत युवा बेरोजगार रह जाते।

वक्ताओं ने कहा कि गृहमंत्री का बेटा क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष है, ट्रांसपोर्ट मंत्री के बेटे एक्सपोर्टर, पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी विधानसभा अध्यक्ष है और आम आदमी के बेटे बेटियां रोजगार के लिए परेशान हैं। इस भाई भतीजावाद को बदलने के लिए काम करने की जरूरत है और देश के संविधान में संशोधन कर सभी को सम्मानजनक रोजगार की गारंटी देने के लिए रोजगार को मौलिक अधिकार घोषित किया जाना चाहिए। युवाओं ने कहा कि सरकार हमारी मांगे तत्काल पूरी करे नहीं तो हम आंदोलन को तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान छात्र नेता हरजीत, सुमन, गौरव टम्टा, परेश, ललिता रावत, मुनीष कुमार, तुलसी छिम्वाल, प्रभात ध्यानी, आनन्द आर्य, इन्द्रजीत, क्षेत्र पुष्पा आर्य, ग्राम प्रधान, पुष्पा चन्दोला आदि मौजूद रहे।

# महिला डॉक्टर की तहरीर पर डॉक्टर पति समेत पांच ससुरालियों पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** डायग्नोस्टिक सेंटर खोलने के नाम पर एक करोड़ रुपये की मांग पूरी न होने पर दहेज लोभी ससुरालियों ने एक विवाहिता डॉक्टर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने व जेठ द्वारा जबरदस्ती बलात्कार करने के प्रयास की पुलिस ने डॉक्टर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जसपुर नगर के मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी एक महिला चिकित्सक ने बताया कि गत 22 अप्रैल 2023 को उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार डॉक्टर अनुपम चौहान पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासी 08/211 शुभ बिहार आवास विकास कॉलोनी काशीपुर उधम सिंह नगर के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता से उसके ससुरालियों जिसमें उसके पति डॉक्टर अनुपम चौहान, जेठ डॉक्टर अनुराग, ससुर ओम प्रकाश सिंह, सास संतोष व ननद अल्पना ने शादी में नगद 50 लाख रुपये यह कह कर लिए कि हमें काशीपुर में डायग्नोस्टिक सेंटर खोलना है। पिता ने शादी के सभी कार्यक्रम छोई रामनगर स्थित एक रिसॉर्ट में किए। उसके पिता ने शादी में लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपये खर्च किए। उसने बताया कि शादी के बाद उसके ससुराल वालों ने संतोष डायग्नोस्टिक सेंटर खोला, जबकि वह स्वयं टीएमयू मुरादाबाद में चेस्ट की डॉक्टर है। शादी के बाद कुछ दिन सब कुछ ठीक रहा, लेकिन उसके बाद उसे पता चला कि उसके पति के उसकी भाभी से संबंध हैं, जिसका जिसके द्वारा विरोध किया गया तो उसके पति और ससुराल वालों ने उसकी मानसिक व शारी. रिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। आए दिन उसके साथ मारपीट की। वह इज्जत की खातिर सब सहन करती रही।

उसके पश्चात उसके पति ने कहा कि उसने अलीगंज रोड पर गणपति अपार्टमेंट में एक फ्लैट ले लिया है। तुम रोज मुरादाबाद से अप डाउन कर यही आ जाया करो, जिस पर उसने सहमति दे दी और वह रोज वहां से ड्यूटी करने लगी। उसने कहा कि जसपुर में डायग्नोस्टिक सेंटर खोलने के लिए उसके ससुराल वालों ने उसके पिता से एक करोड रुपये की और मांग की। विवाहिता ने आरोप लगाया कि अठ अगस्त 2025 की रात्रि 1.30 बजे उसका पति शराब पीकर आया और जबरदस्ती अप्राकृतिक यौन शोषण करने लगा और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगा। वह उसका गला दबाने का प्रयास किया। इतने में ही उसने अपने भाई डॉक्टर अनुराग को फोन करके कहा कि परिवार में बैठकर जो प्लानिंग हमने इसको जान से मारने की की है वह दिन आज आ गया है तुम जल्दी आ जाओ। पति की बात सुनकर उसने अपने पिता भाई को भी फोन करके आप बीती बताई और तुरंत आने को कहा। उसके जेठ डॉक्टर अनुराग ने उसके कमरे में जबरदस्ती घुसकर बलात्कार करने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। उसने जेठ के चंगुल से बामुश्किल अपने आप को बचाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम प्रधानों ने तहसीलदार को लेखपाल के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** तहसील जसपुर में कार्यरत एक लेखपाल द्वारा जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान से अभद्रता करने से नाराज प्रधानों ने प्रधान संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए तहसीलदार को मांग पत्र सौंपा।

जसपुर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह की अध्यक्षता में तहसील पहुंचकर संबंधित लेखपाल की शिकायत तहसीलदार शुभांगिनी सिंह से की और लेखपाल आजाद सिंह के गलत कृतियों से अवगत कराया तथा ग्राम प्रधान के साथ बदतम. ीजी करने की शिकायत कर प्रधानों ने लेखपाल के विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की मांग की।

तहसीलदार ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह, प्रधान शमीम दूधिया, दिलशाद शाह, हरिओम सिंह, करतार सिंह, शेर अली प्रधान समेत दर्जनों प्रधान शामिल रहे।



# पेपर लीक के विरोध में सड़कों पर उतरे युवा

- यूकेएसएसएससी पेपर लीक की हो सीबीआई जांच: भाकपा ( माले )
- नकल माफियाओं को रोकने में नाकाम धामी सरकार इस्तीफा दो: ललित मटियाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाकपा( माले ) ने आज रविवार को रुद्रपुर बाजार में अम्बेडकर चौक के पास पेपर लीक मामले में उत्तराखंड सरकार का पुतला फूंका।

इस दौरान ललित मटियाली ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा का पेपर आधे घंटे के अंदर ही परीक्षा हाल से बाहर आना साफ- सुथरी परीक्षा आयोजित कराने के यूकेएसएसएससी और उत्तराखंड सरकार के दावे पर भारी प्रश्न चिन्ह है। सख्त नकल विरोधी कानून के जरिये नकल माफिया पर नकेल कसने के उत्तराखंड सरकार के दावे को भी इस घटना ने तार-तार कर दिया। देहरादून में आंदोलनकारी परीक्षार्थियों की मांगे मानने के बजाय उन पर भाजपा के नेता अनर्गल आरोप लगा रहे है। भाजपा और राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए लेकिन बेशर्मी से सरकार अपनी जिम्मेदारियों से बच रही है।

अमनदीप कौर ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष जी. एस.मर्तोलिया अपनी नाकामी स्वीकार करने के बजाय पेपर आउट होने की तकनीकी परिभाषा समझा कर परीक्षाओं की ईमानदारी से तैयारी करने वाले युवाओं की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहे हैं। हम साफ- सुथरी एवं नकल माफिया के प्रभाव से मुक्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संघर्ष कर रहे सभी युवाओं के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए उनकी मांग पूरा करने की मांग करती है। भाकपा( माले ) ने मांग की कि स्वतंत्र और बेदाग परीक्षा करवाने में नाकाम रहने के लिए यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष जी. एस.मर्तोलिया और सचिव को तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए और उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी से लेकर विधानसभा तक पिछले 25 साल में हुई तमाम भर्तियों की उच्च न्यायालय की निगरानी में सी. बी.आई. जांच होनी चाहिए।

इस दौरान ललित मटियाली, अमनदीप कौर, ज्ञानी सुरेन सिंह, सुगंधा , आइसा नेता धीरज कुमार, अनिता अन्ना, मनीष कुमार, रानी कुमारी, विजय शर्मा, रंजन विश्वास, कमलेश कार्की अन्य लोग मौजूद रहे।

# सत्यापन अभियान चला कर की गई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे के नेतृत्व में सत्यापन अभियान चला कर कार्यवाही की गई।

रविवार को कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया।जिसमे किराएदार,फड़फेरी,ठेले आदि लगभग 400-450 लोगो को चौक किया गया जिनमे 81 पुलिस एक्ट के 46 चालान संयोजन शुल्क 11500 रुपये, 83 पुलिस एक्ट में 10, एमवीएक्ट 02 संयोजन शुल्क 1000 रुपये, कुल चालान 58 और संयोजन शुल्क 12500 रुपये लगाया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस, वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद, एसआई जोगा सिंह, एसआई तारा सिंह राणा, मालधन चौड़ पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, एसआई राजकुमारी, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन आदि शामिल रहे।

## एक नजर

# सिलेंडर में लगी आग, फायर कर्मियों ने बुझाई


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सिद्धेश्वर मंदिर के कमरे में रह रहे छात्रों के सिलेंडर में आग लग गई। सूचना पर फायर स्टेशन अधिकारी सुशील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे।



उन्होंने बताया कि रविवार सुबह सिद्धेश्वर मंदिर में छात्र गैस चूल्हे पर खाना बना रहे थे।इसी दौरान सिलेंडर में आग लग गई।सूचना मिलते ही फायर यूनिट तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए जाकर देखा तो खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लगी हुई थी जिसे फायर यूनिट द्वारा कड़ी मशक्कत कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। उन्होंने बताया कि जिसमें किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।इस दौरान टीम में फायर स्टेशन अधिकारी सुशील कुमार, मदन सिंह राणा, गिरिवर सिंह, रविंद्र कंबोज, विपिन कंबोज, देवेंद्र कुमार पाल, सुखदेव सिंह, प्रशांत शर्मा, अरविंद कंबोज, शंभू गिरी आदि शामिल रहे।

# सीजन शुरू होने से रिजॉर्ट संचालकों की दूर हुई मायूशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मानसून सीजन में कॉर्बेट पार्क बंद होने से रिजॉर्ट संचालकों को पर्यटकों की कमी महसूस हो रही थी। वहीं शादी के सीजन के लिए रिजॉर्ट में डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर एडवांस बुकिंग आने लगी है

।होटल एवं रिजॉर्ट एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष हरि सिंह मान ने बताया कि रामनगर में 250 से अधिक होटल व रिजॉर्ट हैं। बीती 15 जून से मानसून सीजन के चलते कॉर्बेट को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया था। अन्य वन प्रभागों में भी पर्यटन गतिविधियों को रोक दिया गया था। इसके चलते पर्यटकों की आमद पर काफी प्रभाव पड़ा। इसके चलते करोबार भी 70 फीसदी तक कम हुआ है।इस समय शादी सीजन शुरू होने के बाद रिजॉर्ट में शादी की बुकिंग आने लगी है। इससे रिजॉर्ट संचालकों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। बताया कि अब तक अक्तूबर माह के लिए 50 से अधिक शादी की बुकिंग मिल चुकी है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा नगर मण्डल के बूथ क्रमांक 23 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने अपने आवास मोहल्ला पम्पापुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों के साथ प्रधानमंत्री के रेडियो संवाद कार्यक्रम मन की बात को सुना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने 126 वें संस्करण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा के अलावा नाव से पूरी दुनिया का चक्कर लगाने वाली भारतीय नौसेना के दो महिला सैन्य अधिकारियों लेफ्टीनेंट कमांडर दिलाना एवं रूपा से बात की।इस अवसर पर मां गर्जिया मंदिर समिति अध्यक्ष कुबेर सिंह अधिकारी, लोक कल्याण समिति सचिव शंकर दत्त बौड़ाई,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भाजपा यशपाल रावत,पूर्व युवा मोर्चा मंडल महामंत्री विनीत शर्मा, सुनील दत्त,सुबोध सुंद्रियाल आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने जाना सदर हाजी तय्यब कुरैशी का हाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मुस्लिम कुरैशी बिरादरी के सदर हाजी तय्यब कुरैशी की तबीयत जानने के लिए उनके आवास पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे।

उनके पुत्र ठेकेदार बबलू कुरैशी ने बताया कि बीते दिनों उनके पिता की बहुत ज्यादा तबियत खराब हो गई थी और वह इलाज के लिए बाहर गए थे। तबियत में सुधार होने पर अपने घर वापस लौट आए हैं। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिका अध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामनगर भूपेंद्र सिंह खाती, आपकी खिदमत संस्था के अध्यक्ष शोएब कुरैशी,तंजीम कुरैशी,पूर्व सभासद नदीम कुरैशी,पूर्व सभासद हाजी जिकरान कुरैशी,भाजपा नेता मोहम्मद आदिल,भाजपा नेता अजीज खान, एडवोकेट दानिश सिद्दीकी,जुल्फिकार कुरैशी,सनव्वर कुरैशी, शकील कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# दीपक बने राजकीय महाविद्यालय शिवराजपुर के छात्र संघ अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** राजकीय महाविद्यालय शिवराजपुर के छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय दीपक कुमार चुनाव जीते हैं। दीपक ने अपने प्रतिद्वंदी सैजल को 129 वोटों से हराया है। सचिव पद पर कुमकुम रानी जीती हैं चुनाव के बाद जीते गए पदाधिकारीयों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शनिवार को राजकीय महाविद्यालय शिवरा. जपुर में हुए छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष एवं सचिव पदों पर मतदान हुआ शेष पदों पर पूर्व में ही निर्विरोध प्रत्याशी चुन लिए गए शांतिपूर्ण मतदान में अध्यक्ष पद पर दीपक कुमार ( बीए पंचम सेमेस्टर) निर्दलीय चुनाव जीते हैं दीपक को कुल 158 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी सैजल को कुल 29 मत मिले सचिव पद पर कुमकुम रानी ( बीए तृतीय सेमेस्टर) निर्दलीय को 111 तो प्रतिद्वंदी अर्चना को कुल 65 मत प्राप्त हुए चुनाव में 07मत निरस्त पाए गए इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर उर्वशी, कोषाध्यक्ष पद पर राशि ,संयुक्त सचिव पद पर खुशी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद निर्विरोध चुन लिए गए है । जीतने वाले प्रत्याशी को क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, अपूर्व चौहान,साफिन चौधरी,पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन, जिला अध्यक्ष मनोज पाल, उपाध्यक्ष विनीत चौहान, इख्तियार बबलू, सभासद मोइनुद्दीन मजनू , आफताब अली, तरुण गहलोत, नईम अहमद, सनी पधान आदि ने शुभकामनाएं दी।

# डीएम ने किया नवोदय विद्यालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने गंगोलीहाट स्थित पावन कालिका मंदिर ( हाट कालिका धाम) के दर्शन किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मां कालिका के चरणों में नमन कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना हेतु विशेष प्रार्थना की तथा श्रद्धालुओं से अपील की कि मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखें तथा धार्मिक अनुशासन एवं परंपरा का पालन करें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर प्रबंधन से वार्ता की तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिर माला के अंतर्गत धाम क्षेत्र में आवश्यक

- छात्र-छात्राओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की कही बात

सुविधाओं का विस्तार एवं विकास कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। तथा हाट कालिका के पास बन रही पार्किंग का भी जायजा लिया। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने आज राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गंगोलीहाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा नवोदय विद्यालय में रह रहे छात्र-छात्राओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने छात्रों के लिए उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना अत्यंत अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भोजन में पोषण तत्वों की पूर्ति सुनिश्चित करते हुए नियमित गुणवत्ता जांच की जाए तथा किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्रों से संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुना। छात्रों ने बताया कि ठंडे पानी से कपड़े धोने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका समय तथा ऊर्जा व्यर्थ होती है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए स्थानीय प्रशासन को वाशिंग मशीन की व्यवस्था करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को पढ़ाई पर पूर्ण रूप से ध्यान केंद्रित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि कोई भी बाधा उनके शैक्षणिक विकास में न आए। इस दौरान उपजिलाधिकारी गंगोलीहाट यशवीर सिंह, तहसीलदार वतन गुप्ता आदि मौजूद थे।

# रामलीला मैदान के बाहर रंजिश में चली तलवारें, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा बाईपास स्थित रामलीला मैदान के बाहर शनिवार देर रात रंजिश के चलते हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों में मारपीट हुई और तलवारें तक निकल आईं। इस दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि विवाद के बीच तीन राउंड हवाई फायरिंग भी हुई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, खेड़ा और दरियानगर के युवकों के बीच पहले मामूली कहासुनी हुई, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने शांत करा दिया। लेकिन कुछ देर बाद खेड़ा के युवक अपने साथियों को बुलाकर हथियारों के साथ रोडवेज स्टेशन पहुंचे, जहां दरियानगर के युवक ठेली पर खड़े थे। दोनों पक्ष आमने-सामने आए और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। मुख्य बाजार में हुई इस घटना से हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों पक्ष फरार हो चुके थे। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र खत्री ने बताया कि दो पक्षों में विवाद हुआ है। फायरिंग की पुष्टि नहीं हो पाई है। मामले की जांच की जा रही है।

# सरकारी भूमि हथियाने व देवदार वृक्षों को सुखाने वालों की अब खैर नहीं

- जिलाधिकारी ने मामलों को लिया बेहद गंभीरता से, नगर का स्वयं करेंगे दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नगर को प्रकृति द्वारा विरासत में दिए गए दुर्लभ प्रजाति के देवदार वृक्षों को नया जीवन मिलने के साथ नगर में सरकारी भूमि को हथियाने वालों की अब खैर नहीं होगी। इसी के साथ इस नगर को 'नीट, क्लीन एंड ग्रीन' बनाने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। जिससे जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों के महत्वपूर्ण बेस कैंप इस नगर को आकर्षक रूप देने के साथ इसे नया रूप व स्वरूप देने के द्वार खुल जाएंगे।



लोहाघाट नगर में सरकारी भूमि में अतिक्रमण एवं देवदार के हरे पेड़ों को सुखाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने इस मुद्दे को बेहद गंभीरता से लिया है तथा इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए आगे कदम बढ़ाए है। जिलाधिकारी ने इस बात पर हैरानी एवं रोष प्रकट किया है कि आज जबकि बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण सघन वृक्षारोपण एवं पेड़ों के संरक्षण की आवश्यकता है। लोहाघाट में देवदार के पेड़ों की हरियाली को समाप्त करने एवं सरकारी भूमि को हड़पने की स्थिति क्यों और कैसे पैदा हुई ?इसके लिए जिम्मेदार कौन है ?इसकी जांच कराई जाएगी तथा देवदार बनी के अंतर्गत हुए अतिक्रमणों को सख्ती से हटाया जाएगा।

### पेड़ों के निस्तारण की अनुमति को डीएम ने किया रद्द

**चंपावत।** जिलाधिकारी ने नगर के समीप बन रहे विज्ञान भवन परिसर में कार्यदाई संस्था द्वारा दो देवदार के हरे वृक्षों के निस्तारण की अनुमति को तात्कालिक प्रभाव से रद्द कर दिया है।

उनका कहना है कि किसी भी स्थान में बहुमूल्य प्रजाति के देवदार के पेड़ों के पातन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिलाधिकारी के अनुसार नगर के किस वार्ड, मोहल्ले एवं खेत नंबर में देवदार के हरे पेड़ खड़े हैं, उसकी नंबरिंग कर उनकी बाकायदा पूरा डाटा तैयार किया जाएगा। चाहे पेड़ निजी भूमि में ही क्यों नहीं हो प्रत्येक पेड़ में नंबरिंग होगी तथा जिन घरों के आसपास पेड़ों को सुखाने का प्रयास किया गया है उन लोगों के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी साथ ही जिन भवन स्वामियों के आसपास देवदार के पेड़ खड़े हैं उन्हें जिला प्रशासन को हलफनामा लिखकर देना होगा कि वह इन पेड़ों की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होंगे। जिलाधिकारी ने इस बात पर भी हैरानी व्यक्त की है कि नगरीय क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में देवदार के पेड़ क्यों और किन परिस्थितियों में सूखते जा रहे हैं ? इसकी भी जांच करने के साथ पूरे नगर का भ्रमण कर यहां की परिस्थितियों का जायजा लेंगे देवदार बनी के अंतर्गत किसी भी प्रकार के भावनाओं की किसी को अनुमति नहीं दी जा सकती ।

# छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा ने विधायक चौहान से आशीर्वाद लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर में ऐतिहासिक मतों से छात्र संघ अध्यक्ष पद पर विजयी हुए जतिन शर्मा ने विधायक आदेश चौहान के गृह क्षेत्र निवार मुंडी पहुंचकर आशीर्वाद लिया।

रविवार को क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक आदेश चौहान के गृह क्षेत्र निवार मंडी पहुंचे छात्र संघ के युवा अध्यक्ष जतिन शर्मा ने पहुंचकर फूल मालाएं डालकर क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनसे राजनीति के कुछ गुण जाने। विधायक आदेश चौहान उनके युवा पुत्र अपूर्व चौहान ने भी फूल मालाएं डालकर/पुष्प गुच्छ भेंट कर जतिन शर्मा को अध्यक्ष बनने की बधाई दी उनके साथ आए छात्रों और क्षेत्रीय नागरिकों को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष इफ्तार बबलू, सभासद मोइनुद्दीन मजनू, कांग्रेस नेता आफताब आलम, मोहम्मद आरिफ, निजामुद्दीन, साफिन चौधरी ,अपूर्व चौहान, आबिद नूरी, खेम सिंह प्रधान , राहुल बंटी ,सर्वेश वत्सल, राज. कुमार चौहान आदि कार्यकर्ता व छात्र नेता मौजूद रहे।

# आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद निलंबित पुलिसकर्मी हुए बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने रम्पुरा चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार को. हली, एएसआई अमित कुमार और कांस्टेबल गणेश धानिक को पुन: बहाल कर दिया है। बीते बुधवार को एसबीएस कॉलेज के बाहर मारपीट और फायरिंग के मामले में लापरवाही पाए जाने पर तीनों को निलंबित किया गया था। निलंबन के बावजूद तीनों पुलिसकर्मी एसएसपी के समक्ष पहुंचे और स्वयं को आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान में शामिल करने का आग्रह किया। एसएसपी के आदेश पर इन्हें पुलिस टीम में शामिल किया गया। टीम ने शुक्रवार को ब्लॉक रोड और किच्छा रोड से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं शनिवार देर रात हुई पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी गगन रतनपुरिया की गिरफ्तारी में भी उनकी अहम भूमिका रही। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता सर्वोपरि है। तीनों पुलिसकर्मियों ने अपनी निष्ठा और कार्यकुशलता से भरोसा फिर से जीता है। उनके योगदान को देखते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश वापस ले लिया गया है और उन्हें बहाल कर दिया गया है।

# रामनगर पहुंचे भाजपा के प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल के रामनगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

रामनगर पहुंचने पर तरुण बंसल का फूलमालाओं और नारों के साथ अभिनंदन किया गया।उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ही भाजपा की असली ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता के बीच सरकार की योजनाओं को पहुंचाने और संगठन को और मजबूत बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को सक्रिय रहना होगा। इस मौके पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है और कार्यकर्ता ही इसका आधार हैं। रामनगर आगमन पर तरुण बंसल ने पुलिस से कार्यकर्ताओं की एकजुटता की सराहना की और उन्हें आने वाले राजनी. तिक और सामाजिक अभियानों में पूरी सक्रियता से जुड़ने का आह्वान किया।इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल,भाजपा के वरिष्ठ नेता इंदर सिंह रावत,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा,पूर्व पालि. काध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी,जिला पंचायत सदस्य दीप चंद्र आर्य,छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे,मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता, भरत तिवारी,राजू रावत,संजय डोबी, प्रताप बोरा,सुलभ मित्तल,पूर्व सभासद जिकरान कुरैशी,अजीज खान, मोहम्मद आदिल शुभम उत्तम आदि मौजूद रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकालने का आरोप

- विवाहिता की शिकायत पर सास, ससुर, पति, ननद और देवर के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** दहेज उत्पीड़न के आरा. ेप मे पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर सास, ससुर, पति सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी।

क्षेत्र के सकेनिया रोड निवासी विवाहिता ने पुलिस को तहरीर सोपकर बताया कि सन 2021 मे उसका विवाह शिवम जिंदल निवासी पक्का बाग हापुड़ से हुआ था। शादी के समय मेरे पिता ने अपनी सामर्थ से बढ़कर उपहार स्वरुप लाखों की नगदी के अलावा शादी का सभी सामान दिया था। लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष शुरुआत से ही अन्य चीजों की माँग कर रहा था। पीड़िता का आरोप है कि कार सहित अन्य सामान की मांग करते हुए लगातार उत्पीड़न कर रहा था। लेकिन वह यह सोचकर कुछ समय तक सहती रही की कुछ समय बाद सब ठीक हो जाएगा। लेकिन दिन व दिन हालत और बिगड़ते गए और ससुराल पक्ष का उत्पीड़न बढ़ता चला गया। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति के अन्य लड़कियों से भी संबंध है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद और देवर सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य संगीन धाराओं में केस दर्ज कर मामले की तहकीक. ात शुरू कर दी।

# स्वास्थ्य शिविर का दर्जनों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सेवा पखवाड़े के तहत बड़ी मस्जिद खाताडी के मदरसे में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भवन खाती, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश मंत्री अजीज खान,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला अध्यक्ष अली नकवी, दानिश सिद्दीकी,जिकरान कुरैशी,मोहम्मद आदिल,महमूद सईद अख्तर, हाफिज सदाकत आदि मौजूद रहे।

# विश्व रेबीज दिवस पर टीकाकरण एवं जागरूकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला पशु क्रूरता निवारण समिति ऊधम सिंह नगर ने विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर रविवार को विशेष टीकाकरण एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस अवसर पर रेबीज बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया और लोगों को समय पर टीकाकरण एवं सावधानियों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रथम बिष्ट ( एनिमल एक्टिविष्ट) ने बताया कि विश्व रेबीज दिवस हर वर्ष 28 सितंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है – Act Now/ You] Me, Community, जिसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि रेबीज की रोकथाम किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रेबीज संक्रमित जानवरों की लार से फैलता है, इसकी रोकथाम संभव है लेकिन इसके लिए जागरूकता बेहद आवश्यक है। बेजुबानों के प्रति दया करुणा हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी हैं। रेबीज एक घातक वायरस है जो मनुष्य सहित सभी स्तनधारियों को प्रभावित करता है। कुत्तों के काटने के अलावा यह बीमारी बिल्ली, चमगादड़, बंदर, लोमड़ी, गधे, गाय-बकरी आदि की लार या खरोंच से भी फैल सकती है। एक बार लक्षण दिखाई देने के बाद यह प्राणघातक हो जाती है। यदि किसी संक्रमित जानवर ने काटा या खरोंचा है तो तुरंत डॉक्टर से मिलकर रेबीज टीका लगवाना आवश्यक है। साथ ही, अपने पालतू जानवरों का नियमित टीकाकरण कराना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर साल दुनिया भर में 2.9 करोड़ से अधिक लोगों को मानव रेबीज का टीका लगाया जाता है। यहां मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आशुतोष जोशी, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डा. पीके पाठक, पुष्पेंद्र चौहान, प्रथम बिष्ट, डा. अलका सिन्हा, चीना शर्मा, विमला देवी, सपना अरोड़ा, महेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सबके राम: सामाजिक एकता के 128 साल

## नैनीताल के तल्लीताल की रामलीला का इतिहास, कलाकारों से बात

**अफ़ज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** शारदीय नवरात्र के आते ही पूरे देश में रामलीलाओं की धूम रहती है, लेकिन नैनीताल की तल्लीताल रामलीला अपनी 128 साल पुरानी परंपरा और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खास पहचान रखती है। इस रामलीला की शुरुआत वर्ष 1897 में अंग्रेजी शासनकाल के दौरान हुई थी। तब से लेकर आज तक यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बना हुआ है। रामलीला कमेटी से जुड़े अधिवक्ता आरके त्रिपाठी बताते है पिछले 40 वर्षों से रामलीला कमेटी में सक्रिय रहे हुए हैं, रामलीला में कई पाठ खेल चुके हैं। इस बार रावण का किरदार निभा रहे हैं, तल्लीताल में रामलीला हुए 131 वर्ष हो चुके हैं इससे पहले रामलीला दुर्गापुर क्षेत्र में होती थी



जिसके बाद प्राइमरी स्कूल 1971 उसके बाद बतौर मंच बना जिसके बाद से आज तक यहां रामलीला प्रारम्भ हुई। मोबाइल व नई टेक्नोलॉजी के युग पर भी रामलीला देखने वालों में भारी उत्साह रहता है। 1921 में पंत गोविंद बल्लभ भी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष भी रहे हैं। कहा कि आपसी शौहार्द का भी एक मंचन है रामलीला सभी धर्म के लोग यहां पर जुड़ते हैं। दशरथ का पाठ निभा रहे जितेंद्र भट्ट बताते हैं वह 32 साल से रामलीला से जुड़े हुए हैं बताएं की शुरुआत में उन्होंने बंदर का अभिनव किया हुआ था इसके बाद अलग-अलग पाठ निभाए हुए हैं। बताया कि रामलीला के लिए साल भर इंतजार रहता है। जितेंद्र भट्ट वर्तमान में हल्द्वानी निवासी हैं। रामलीला के लिए वह स्थाई स्थान चाहते हैं जिससे इसका जीर्णोद्धार हो जाएं। हेमंत रुवाली बताते हैं वह पिछले 26 सालों से रामलीला कमेटी से से जुड़े हुए हैं, बाबरी मस्जिद कांड के समय पर भी तल्लीताल में यहां पर रामलीला का आयोजन हुआ था, उस दौर में मेकअप आर्टिस्ट शोएब थे। यहां हर कोई अपना अभिनव प्रदर्शन करता है। तल्लीताल निवासी मयंक साह बताते हैं पिछले 25 सालों से वह रामलीला के सक्रिय सदस्य रहे हैं। उन्होंने अधिकतर सभी पाठ खेले हुए हैं। इस साल वो दशरथ का पाठ निभा रहे हैं।

### भीम कलाकार के साथ मेकअप आर्टिस्ट

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा नैनीताल की स्थापना वर्ष 1918 में समाज के लोगों ने श्री रामलीला मंचन के लिए की तथा



इसके बेजोड़ कलाकार ने अपनी बेहतरीन भूमिका से इस कार्य को आगे बढ़ाने का काम किया। बता दें कि श्री रामलीला मंचन में कलाकारों का मेकअप बहुत महत्व पूर्ण होता है। श्री राम सेवक सभा में इन कलाकारों को पात्र के अनुसार उनका मेकअप करने का कार्य वर्ष 1997 से ही भीम सिंह कार्की करते आ रहे हैं। लाल, पीले, हरे तथा नीले रंगों का समावेश करते आ रहे इन रंगों को पिरोने का बेहतरीन काम कर रहे भीम सिंह कार्की बताते हैं कि पहले जिंक पाउडर लाल तथा सफेद का प्रयोग होता था किंतु अब रेडीमेड फैब्रिक कलर आते हैं जो आसानी से कलाकार को पात्र की भूमिका में ढालने में मदद करते है। कार्की बताते हैं कि कलर पात्र को उसी रूप में ढालते हैं तथा राजपाठ में अलग तथा रावण के लिए अलग अलग रंग प्रयुक्त किए जाते है। कार्की स्वयं भी 40 वर्षों से केवट की भूमिका भी करते आ रहे हैं जो श्री राम के प्रति उनके अनुराग को रंगों की तरह ओर प्रगाढ़ करते हैं।

## संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के शिक्षक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश हेतु आयोजित उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर जारी कर दिया गया है। इस प्रवेश परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया गया था जिसमें बड़ी संखया में अभयर्थियों ने भाग लिया। विश्व. विद्यालय ने पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजियाँ (आंसर की) भी समर्थ पोर्टल पर मुहैया करा दी हैं ताकि सभी अभ्यर्थी उन्हें देख सकें। कुविवि के कुल सचिव व परीक्षा के नोडल अधिकारी डा. एमएस मंद्रवाल ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 7769 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परिणाम के अनुसार 6474 अभ्यर्थी (86.33 प्रतिशत) सफल घोषित किए गए हैं जबकि 778 अभ्यर्थी (10.1 फीसदी) अनुतीर्ण रहे हैं जबकि 515 परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त 2 अभ्यर्थियों का परिणाम फिलहाल रोका गया है। इन दो अभ्यर्थियों का परिणाम उनके द्वारा भाषा विषय के चयन को ओएमआर शीट में उचित स्थान पर अंकित न करने के कारण रोका गया है। विश्व. विद्यालय द्वारा ऐसे सभी अभ्यर्थियों को संपर्क किया गया था और त्रुटियों का यथोचित निस्तारण उपरांत उनका परीक्षाफल घोषित किया गया। किन्तु इन दो अभयर्थियों द्वारा अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे संपर्क का उत्तर नहीं देने के कारण उनका परीक्षाफल रोका गया है। नोडल अधिकारी डा. एमएस मंद्रवाल ने सभी पात्र अभ्यर्थियों को अवगत कराया है कि वे समर्थ पोर्टल पर जाकर अपना व्यक्तिगत परिणाम तथा अंतिम उत्तरकुंजियाँ देख सकते हैं। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने इस अवसर पर प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों एवं संबंद्ध संस्थानों को शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### कुमाऊं विवि छात्र महासंघ का चुनाव आज

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि छात्र महासंघ का चुनाव सोमवार (आज) नैनीताल स्थित विवि के महिला अध्ययन केंद्र हरमिटेज भवन में होगा। चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कुविवि के डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत व चुनाव अधिकारी प्रो. नीलू लोधियाल के मुताबिक सोमवार (आज) सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री, 11 से 1 बजे तक नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच का कार्य 1 बजे से लेकर 2 बजे तक होगा जबकि अपराह्न 2 से लेकर 2.30 बजे तक नाम वापसी के बाद मतदान शाम को 3 बजे से लेकर 4 बजे तक होगा जबकि मतदान के तुरंत बाद मतगणना उसके बाद चुनाव परिणामों की घोषणा होगी उसके बाद विजयी प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। उन्होंने बताया कि सभी पदों के लिए नामांकन शुल्क 1200 रुपया तय किया गया है। चुनाव लिंग दोह समिति की सिफारिशों के तहत ही होंगे।

### नैनीताल के राजकीय वाहन चालक गुस्से में

**नैनीताल।** राजकीय वाहन चालक महासंघ की बैठक संघ भवन में हुई। बैठक में वाहन चालकों ने उनकी लंबित मांगों पर अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर रोष जताया गया। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने की गुजारिश की। बैठक में सभी की सहमति पर महासंघ का दिवार्षिक अधिवेशन आगामी नवम्बर माह में आयोजित कराने का फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश लाल ने की तथा संचालन भगवत सिंह बोरा ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी समेत अरसद अली, हेमंत कुमार, सुंदर प्रकाश, हरीश चंद्र, सुनील गिरी, पान सिंह फर्त्याल, प्रेम प्रकाश जोशी, रमेश भाकुनी, प्रकाश गिरी, रविन्द्र नाथ गोस्वामी, प्रकाश पुरी तथा मोहन सिंह नयाल ने विचार रखे। अंत में भगवत सिंह बोरा ने सभी का आभार जताया।

### बजाज की स्मृति में ड्रेस वितरण 6 को

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि 6 अक्टूबर सोमवार को समाजसेवी स्वर्गीय चमन लाल बजाज की स्मृति में कुंदन लाल शाह ट्रस्ट नगर पालिका इंटर कॉलेज एसडीएल में ड्रेस वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम के लिए प्रेमा अधिकारी को संयोजक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रेमा अधिकारी ने बताया कि लेक सिटी क्लब विगत 15 वर्षों से नगर में ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहा है। इस वर्ष क्लब ने कुंदन लाल शाह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज (एशडेल) सूखाताल में ड्रेस वितरण कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में 50 विद्यार्थियों को ड्रेस वितरण की जाएगी।

### पीलीकोठी में दुर्गा पूजा महोत्सव प्रारंभ

हल्द्वानी। शहर के बंगाली समुदाय का पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव पीलीकोठी स्थित बैंकेट हाल में महापंचमी की पूजा और महाआरती के साथ प्रारंभ हो गया है। दुर्गा पूजा समिति की मीडिया प्रभारी शर्मिला मित्रा ने बताया कि पहले दिन विधिवत पूजा अर्चना के बाद मां का आहवान किया। महोत्सव को लेकर पूरे बंगाली समुदाय में हर्षोल्लास का माहौल है। इस दौरान पुरोहित देवव्रत चक्रवर्ती, रूपम चक्रवर्ती, कृष्णपद शील, मयंक, विजय राय, सूरज विश्वास, कविराय सहित कई लोग मौजूद रहे।

### विधानसभा चुनाव जीतने का रहेगा लक्ष्य: पांडे

**अल्मोड़ा।** भाजपा संगठन में प्रदेश मंत्री बनने के बाद गौरव पांडे रविवार को पहली बार अल्मोड़ा पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री गौरव पांडे ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और अब 2027 विधानसभा चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है। ऐसे में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि 2027 में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी और अल्मोड़ा जिले की सभी विधानसभा सीटें भाजपा की झोली में आएंगी। वहीं, जागेश्वर विधानसभा से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए दावेदारी से साफ इनकार नहीं किया।

### सेवानिवृत्त डीआरडीओ कर्मी जोशी का निधन

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त डीआरडीओ कर्मी आनंद बल्लभ जोशी का निधन हो गया है। बीते दिनों सड़क दुर्घटना के दौरान गंभीर रुप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उनके निधन पर तारा चंद्र बौड़ाई, नसीम अहमद, मोहित अधिकारी, संतोष बिष्ट, कमलेश कनवाल, डा. पुष्कर सिंह बिष्ट, राजेंद्र रावत, नवीन उपाध्याय, शिवेंद्र गोस्वामी, हर्षवर्धन पांडे, प्रमोद जोशी, किशन जोशी, निर्मल उप्रेती, भुवन जोशी समेत अन्य ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

### मजखाली पुलिस चौकी का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को पुलिस चौकी मजखाली के लिए नव-निर्मित होने वाले भवन का भूमि पूजन अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ संपन्न किया गया। एएसपी ने बताया कि भवन निर्माण से पुलिस चौकी मजखाली को सुदृढ़ आधार मिलेगा तथा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और जनसेवा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व व्यवस्थित किया जा सकेगा। इस भवन के बनने के उपरान्त इस क्षेत्र में पुलिस बल के पूर्णत: स्थायी व्यवस्थापन सहित पुलिसिंग संबंधी कार्यों को और गति मिलेगी।

## विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित बिशप शॉ इन्टर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल रही। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जल में कूड़ा निस्तारण प्लांट मांडल को पहला स्थान मिला जिसे साहिल सिंह बोरा, कनिका कीर्ति व अक्षिता आर्या ने बनाया था। द्वितीय स्थान जूता पहनकर चलने से विद्युत निर्माण यंत्र को मिला जिसे दिव्यांशु कुमार, हिमांशु यादव तथा हिमाशु आर्या व अभिषेक कुमार ने बनाया था। तृतीय रोपते को मिला जिसे रचित भट्ट, गौरख बिष्ट, कार्तिक बिष्ट तथा नमन कोहली व अक्षित कुमार ने बनाया था जबकि सांत्वना पुरस्कार ब्लड ग्रुप टेस्ट मांडल को मिला जिन्हें कार्तिकेय शर्मा, सुमित कुमार तथा शगुन हनेवाल ने बनाया था।

## मां दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में रविवार से नैनीताल में पांच दिवसीय श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। इससे पूर्व रविवार की सुबह मां नयना देवी मंदिर परिसर से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जिसमें महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनी हुई थी। कलश यात्रा के साथ ही स्कूली बच्चों की झांकियां के साथ बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मल्लीताल पंत पार्क, रिकशा स्टैंड, खड़ी बाजार और उसके बाद मां नयना देवी मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। सांस्कृतिक झांकी में कुमाऊंनी व बंगाली संस्कृति का मिलन देखने को मिला। मंदिर परिसर में मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



शाम को विधि विधान की गयी। उसके बाद मां नयना देवी मंदिर परिसर में मूर्तियों को भक्तजनों के दर्शन के लिए स्थापित कर दिया। इस दौरान माहौल भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा में मंजू रौतेला, मंजू पांडे, मुन्नी भट्ट, अनुराधा भट्ट, कुसुमलता सनवाल, रश्मिी राणा, निभा वर्मा, सरिता कुरिया, सीमा पाण्डे, सुमन साह, डौली भट्टाचार्य, मंजू बोरा, मुन्नी भट्ट, कविता कांडपाल, सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार समेत दिनेश भट्ट, पीके शर्मा तथा आलोक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 'दिल का मामला', अनदेखी न करें: डा. पंत

### विश्व हृदय दिवस: दिल के लिए बरती जाने वाली सावधानियां बताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व हृदय दिवस का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि लोगों को दिल की बीमारी सिर्फ बुढ़ापे में नहीं होती है, बल्कि युवाओं को भी बहुत ज्यादा प्रभावित करने लगी है।

ज्यादातर दिल की बीमारी गलत खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, स्मोकिंग और शराब के सेवन के कारण होती है। बदलती जीवन शैली और अनियमित खानपान लोगों को कम उम्र में ही दिल का मरीज बना रहा है। हृदय के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हृदय संबंधी समस्याओं से बचने के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।



वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश पंत ने कहीं। रविवार को विश्व हृदय दिवस की पूर्व संध्या पर मुखानी स्थित जगदंबा हार्ट केयर सेंटर में पत्रकार वार्ता करते हुए करते हुए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश पंत ने बताया कि इस वर्ष विश्व हृदय दिवस की थीम एक भी धड़कन न चूके यानी डोंट मिस से बीट रखी गई हैं। इस दिन के लिए यह थीम दिल के स्वास्थ्य को लेकर लोगों को एक्टिव रहने के महत्व पर जोर देता है, जिसमें हार्ट से जुड़ी समस्याओं के चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज न करना, हेल्दी और संतुलित आहार लेना और नियमित रूप से एक्सरसाइज करना है। इसके अलावा हेल्दी आदतों को अपनाना, समय पर जांच करवाना और जरूरत पड़ने पर चिकित्सक से मदद लेना है ताकि दिल से जुड़ी बीमारियों से बचाव संभव हो या समय पर बीमारियों का इलाज किया जा सके। डा. पंत ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली की आवश्यकता होती है, लेकिन वर्तमान में लोग तनाव में जी रहे हैं। डा. पंत ने बताया कि बदलती जीवन शैली, खानपान और तनाव इस बीमारी की सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने कहा कि हाई बीपी और शुगर के मरीजों को हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा रहता है। कार्यक्रम में यमुना प्रसाद जोशी, पूजा अधिकारी, ममता, अनीता, हेमलता, खष्टी जोशी, रचना, विनीता, भावना, लीला, सोनम आदि मौजूद थे।

## भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अरुणोदय संस्था के तत्वावधान में अरुणोदय आनन्दी देवी रावत धर्मशाला में रविवार को विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के मध्य भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री अथवा गांधी चरखे का चित्र या गांधी के तीन बंदर रखे गये थे। प्रतियोगिता में हल्द्वानी के विभिन्न विद्यालयों के 24 बच्चों ने अपनी कला एवं रंगों का हुनर दिखाया। वहीं महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का राष्ट्र निर्माण में योगदान विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें कुल 17 बच्चों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों डा. दीपा कांडपाल, डा. पुष्पलता जोशी एवं रोहित केसरवानी के निर्णयानुसार भाषण में बीरशीवा स्कूल की कामाक्षी तिवारी ने प्रथम, केवीएम स्कूल की राधिका जौहरी ने द्वितीय व निर्मला कान्वेंट की जयति जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में एचएन इंटर कालेज के अ़जल ने प्रथम, निर्मला कान्वेंट की अनन्या अग्रवाल ने द्वितीय व एचएन इंटर कालेज के ही सलमान अली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के उपाध्यक्ष बिपिन चंद्र पाण्डे ने बताया कि 2 अक्टूबर को शाम 3 बजे से उत्तराखंड के पारंपरिक लोक नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित होगी। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक सदस्य जीडी सती, न्यास के अध्यक्ष जीवन सिंह रावत, उपाध्यक्ष बिपिन चंद्र पाण्डे, महामंत्री लतेश मोहन, पूरन सिंह जीना, कैलाश तिवारी, हुकुम सिंह राणा, राजेंद्र प्रसाद आर्य, नारायण दत्त जोशी, मोहिता कांडपाल, भगवती पाण्डे मौजूद रहे।

## दमुवाढूंगा में सर्वे कार्य शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सीमांकन और रिकॉर्ड ऑपरेशन का कार्य रविवार से प्रारंभ हो गया है। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, तहसीलदार कुलदीप पांडे की मौजूदगी में राजस्व और सर्वे लेखपाल की टीम ने ग्राम जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा क्षेत्र में सीमांकन और भूमि अभिलेख की कार्यवाही शुरू की। कार्यवाही के दौरान विधायक बंशीधर भगत, मेयर गजराज सिंह बिष्ट और पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला भी मौजूद रहे। सीमांकन और रिकॉर्ड ऑपरेशन कार्य के दौरान टीम ने स्थिर बिंदुओं की पहचान की और सर्वे पिलर स्थापित किये जिससे भूमि रिकॉर्ड का सही और व्यवस्थित अभिलेख तैयार किया जा सके। इस प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए क्षेत्र में सर्वे टीम और बंदोबस्त कार्मिकों के लिए दमुवाढूंगा क्षेत्र में ही कार्यालय भी स्थापित किया जाएगा। एसडीएम राहुल शाह ने तहसीलदार हल्द्वानी और सर्वे टीम को निर्देशित किया कि सीमांकन कार्य शीघ्र और त्रुटिरहित ढंग से किया जाए। इस कार्य के लिए समर्पित टीम की तैनात की गई है ताकि प्रक्रिया तेज और सटीक हो। उन्होंने कहा कि इस कदम से क्षेत्र के निवासियों को भूमि स्वामित्व के कानूनी अधिकार प्राप्त होंगे और शासकीय योजनाओं के लिए भूमि का सुव्यवस्थित उपयोग संभव होगा।

### दमुवाढुंगा बहुप्रतीक्षित राजस्व सर्वे

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार दमुवाढूंगा में राजस्व सर्वे का कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए कई दौर की बैठकों के बाद कार्ययोजना तैयार की गई थी। नवरात्रि से सर्वे शुरू करने की योजना थी, लेकिन अब औपचारिक रूप से कार्य शुरू हो चुका है। सर्वे पूरा होने के बाद क्षेत्र के निवासियों को मालिकाना हक प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि दमुवाढूंगा क्षेत्र हल्द्वानी नगर निगम के तीन वार्डों में फैला हुआ है, जहां करीब 40 हजार लोग निवास करते हैं।

## साइबर क्राइम पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद नैनीताल द्वारा साइबर क्राइम एवं साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के शहीद हीरा वल्लभ भट्ट राजकीय इण्टर कॉलेज



ज्योलीकोट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ साइबर सेल के सद्दाम, प्रकाश भंडारी एवं अधिवक्ता तनुप्रिय जोशी ने प्रतिभागियों को समाज में हो रहे साइबर क्राइम संबंधी जानकारियां दी तथा कहा कि वह अपने परिवार और मित्रों को सावधान करें तथा कोई भी समस्या आने पर साइबर सेल से संपर्क करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों सहित छात्रों- छात्राओं ने साइबर क्राइम एवं निवारण संबंधित जानकारी प्राप्त की। परिषद की ओर से परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद दिया गया। मंजू कोटलिया ने इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस मौके पर प्रीति शर्मा सचिव, गीता पांडे उपसचिव, लीला बोरा तथा पार्वती मेहरा उपस्थित रहे।

## ग्राफिक एरा में एनएसएस दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी द्वारा एनएसएस दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसे विश्वविद्यालय के निदेशक कर्नल एके नायर (सेवा. निवृत्त), डा. संदीप बुधानी, कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित मित्तल तथा डा. संतोशी सेन गुप्ता ने संयुक्त रूप से सम्पन्न किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज़ स्वयंसेविका द्वारा प्रस्तुत कृष्ण वंदना से हुआ। स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में प्रस्तुत विभिन्न समूह नृत्यों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता का सुंदर चित्रण किया। कुमाऊंनी, गुजराती, पंजाबी और दक्षिण भारतीय लोक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया।



इसी क्रम में प्रस्तुत नाटक (स्किट) ने समाज सेवा में एनएसएस स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से दर्शाया। समारोह का समापन नवीन स्वयंसेवकों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित करने के साथ हुआ। एनएसएस दिवस के इस भव्य आयोजन ने न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया, बल्कि एनएसएस के मूल मंत्र स्वयं से पहले आप की सार्थकता को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया।

## वृद्ध दिवस की तैयारियों पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की मासिक बैठक समिति के महामंत्री डीके पांडे के संयोजन में संपन्न हुई। बैठक में विगत माह की कार्यवाही की पुष्टि के बाद आगामी 1 अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप



दिया गया। चूंकि इस तिथि को रामनवमी पर्व भी है, अत: कार्यक्रम का समय दोपहर 3 बजे से निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि में वरिष्ठ नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा, भूतपूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक समिति के रमेश चंद्र मठपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में डा. हरिश्चंद्र पंत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा इसके अलावा कार्यक्रम में संगठन के 5 श्रेष्ठतम सदस्यों को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कविता पाठ, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगी। आयोजन की सुचारू व्यवस्था के लिए विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया है। अंत में जलपान की व्यवस्था भी रहेगी। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 अक्टूबर को प्रस्तावित वृद्धजन सम्मान दिवस की योजना पर अत्यंत विलंब से संपर्क किया गया। बैठक के दौरान चार नए सदस्यों ने समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण की जिनमें जगन्नाथ पपनोई, डा. बहादुर सिंह कालाकोटी, अनिल कुमार गुप्ता और मीरा श्रोतिया शामिल हैं। बैठक में राजेंद्र सिंह ऐरी, दया किशन बल्यूटिया, पीएस जंतवाल, आनंद सिंह भाकुनी, आनंद सिंह ठठोला, एनसी तिवारी, ललित मोहन लोहनी, एचपी जोसेफ, दिनेश चंद्र पंतोला, डा. शिवदत्त तिवारी, मोहन चंद्र बुडलाकोटी, भैरव दत्त जोशी, विष्णु सिंह रावत, एडी डोर्वी, शंकर दत्त तिवारी, पीएस जीना, सरोज तिवारी, नीरू धवन आदि मौजूद रहे।

## मनसा और गायत्री का चयन

**अल्मोड़ा।** बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में अल्मोड़ा की दो सगी बहनें अपना दमखम दिखाएंगी। गायत्री और मनसा रावत का चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उत्तरांचल राज्य बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि गुवाहाटी असम में आगामी छह अक्टूबर से वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड से पिथौरागढ़, देहरादून समेत अल्मोड़ा के दो सगी बहनें गायत्री और मनसा रावत का शानदार प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ी पूर्व में भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं, अल्मोड़ा के लोकेश नेगी भारतीय टीम के कोच होंगे। दोनों खिलाड़ियों के चयन पर खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है।

## आंदोलन में शहीद-ए-आज़म को याद किया

### बागजाला क्षेत्र में मालिकाना हक के लिए धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला द्वारा धरना स्थल में शहीदे आज़म भगत सिंह के जन्मदिन 28 सितंबर पर उन्हें याद करते कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत भगत सिंह के प्रिय नारे इंकलाब जिंदाबाद को बुलंद करके की गयी। इस अवसर पर देश में सचेत रूप से फैलाए जा रहे धार्मिक उन्माद के खिलाफ जन जागरण का संकल्प लिया गया। सरफरोशी की तमन्ना, लड़ना है भाई ये तो लंबी लड़ाई है, बिन लड़े कुछ भी नहीं मिलता यहां यह जानकर अब लड़ाई लड़ रहे हैं लोग मेरे गांव के, मेरा रंग दे बसंती चोला आदि जनगीत गाए गए। बागजाला वासियों को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी




रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला में 42वें दिन भी जारी रहा। भगत सिंह जन्मदिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि आज देश के हालात जिस तरह से बन गए हैं ऐसे में शहीदे आज़म भगत सिंह के विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं। 42 वें दिन के धरने में डा कैलाश पाण्डेय, डा उर्मिला रैस्वाल, इन्दर पाल आर्य, विमला देवी, गोपाल सिंह बिष्ट, चन्दन सिंह मटियाली, हेमा आर्य, दीवान सिंह बर्गली, कैलाश, हरक सिंह बिष्ट, परवेज, सोहन लाल, विमला, दुर्गा देवी, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, मंजू सिंह, गीता देवी, राधिका, हरीश, सरोज, पुष्पा, रेखा रानी, दीपा देवी, महेश राम, रेशमा, अनीता, कुलदीप सिंह, ललित प्रसाद, रुखसाना, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, रेखा देवी, कमला देवी, दीपिका, रमेश चन्द्र, भागुली देवी, प्रेम राम आर्य, सुनीता, नईम, मंजू, शांति देवी, भगवती देवी, लोकेश कुमार, रियाज, कालू, ईश्वर प्रसाद, रितिक, लक्ष्मी, कमल, खीम राम आर्य, जसराम, वासुदेव, भुवन चन्द्र, देवकी देवी, चंपा आदि शामिल रहे।

# मिथुन मन्हास बने BCCI के अध्यक्ष



● प्रज्ञान ओझा, आरपी सिंह को टीम की चयन समिति में शामिल किया गया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे।

इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे। मन्हास के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पूर्व खिलाड़ी मन्हास अपने लंबे घरेलू करियर और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट प्रशासन में पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें युवा और हाल ही में सक्रिय क्रिकेटरों को निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में लाया जा रहा है। मन्हास की पदोन्नति के अलावा, वरिष्ठ प्रशासक राजीव शुक्ला को बीसीसीआई के ढांचे में एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे बोर्ड का नेतृत्व ढांचा और मजबूत होगा। मन्हास अब व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के दौरान भारतीय क्रिकेट की शासी संस्था का नेतृत्व करने के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट के विकास, संचालन और वैश्विक प्रतिनिधित्व में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के साथ, बीसीसीआई ने प्रशासनिक अनुभव को पूर्व खिलाड़ियों के नए दृष्टिकोणों के साथ मिलाने के अपने इरादे का संकेत दिया है, जिससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में निरंतरता और नई ऊर्जा सुनिश्चित होगी। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक आईपीएल नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो।

## मिथुन के अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र ने दी बधाई

जम्मू, वार्ता। जम्मू-कश्मीर के सपूत मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष घोषित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह जश्न का अवसर है। डा. सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्यह जश्न का एक महत्वपूर्ण अवसर है! मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' बीसीसीआई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्होंने पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के सबसे दूरस्थ इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए यह कितना भाग्यशाली रविवार है, जो संयोग से मेरा अपना गृह जिला भी है। डा. सिंह ने आगे कहा कि कुछ ही घंटों के अंतराल में, पहले किश्तवाड़ की एक बेटी शीतल विश्व चैंपियन बनकर उभरी और उसके तुरंत बाद भद्रवाह का एक बेटा मिथुन शीर्ष पर पहुंच गया। इस बीच, जम्मू के क्रिकेट जगत ने मिथुन मन्हास को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई है।



# अनुष्का ने 3पी में जीता स्वर्ण

### भारत के एड्रियन कर्माकर ने जीता रजत, खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट दिमित्री के नाम रहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर एशियन चैंपियन अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

उन्होंने पहले दिन राइफल प्रोन में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद अब 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में स्वर्ण पर कब्जा जमाया। डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चौथे दिन खेले गए फाइनल में अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुषों की जूनियर 3पी स्पर्धा में भारत के एड्रियन कर्माकर ने रजत पदक जीता, जबकि खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) दिमित्री पिमेनोव के नाम रहा। एआईएन शूटरों के लिए यह खास दिन रहा, जिन्होंने दोनों फाइनल्स में कुल चार पदक अपने नाम किए। अनुष्का ने फाइनल में 461-0 का स्कोर किया, जिसमें खड़े होकर शूटिंग करते हुए अपनी 35वें शॉट पर परफेक्ट 10-9 भी शामिल था। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 585-31ग स्कोर किया था और फाइनल में 6-1 अंकों की बढ़त के साथ स्वर्ण हासिल किया। एआईएन की अनास्तासिया सोरोकीना 454-9 (क्वालिफिकेशन: 580-23ग) के साथ रजत पर रहीं, जबकि उनकी साथी मारिया क्रुगलोवा ने 444-0 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। एआईएन की ही अनास्तासिया गोरुखोवा चौथे स्थान पर 434-3 अंकों के साथ रहीं। अन्य फाइनलिस्ट्स में भारत की महित संधू 422-7 के साथ पांचवें, क्रोएशिया की अनामा. रिजा तुर्क 408-9 के साथ छठे, भारत की प्राची गायकवाड़ 399-3 के साथ सातवें और स्लोवाकिया की कामिला नोवा. `तना 399-2 के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के जूनियर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप लनगबो के रजत विजेता एआईएन के दिमित्री पिमेनोव ने 461-0 स्कोर के साथ स्वर्ण जीता। भारत के एड्रियन कर्माकर, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 587-34ग के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन 455-9 अंकों के साथ रजत पर संतोष करना पड़ा। एआईएन के कामिल नुरियाख्मेतोव ने 441-0 के स्कोर से कांस्य हासिल किया। क्रोएशिया के डार्को टोमासेविक 430-3 के साथ चौथे, भारत के वेदांत नितिन वाघमारे 420-9 के साथ पांचवें, एआईएन के इयारोस्लाव क्लिमिन 408-0 के साथ छठे रहे। भारत के सामी उल्लाह खान (393-0) सातवें और स्लोवाकिया के लुकास हो. रिनेक (386-6) आठवें स्थान पर रहे। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष (स्टेज 1 क्वालिफिकेशन) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सूरज शर्मा ने 287-7ग स्कोर कर एआईएन के अलेक्ज़ांद्र कोवालेव के साथ शीर्ष स्थान साझा किया। भारत के समीर गुलिया (286-9ग), अभिनव चौधरी (284-8ग), मुकेश नेलावली (283-10ग) और जतिन (282-5ग) तीसरे से छठे स्थान तक रहे। स्टेज 2 के बाद प्रत्येक देश से केवल तीन खिलाड़ी ही फाइनल में जगह बना पाएंगे, जिससे प्रतियोगिता और कड़ी हो गई है। भारत के गौरव देसाले (572-17ग) आठवें और रोहित कन्यन (570-21ग) दसवें स्थान पर रहे। महिलाओं में मेल्विना एंजे. लिन जोएल ग्लैडसन (572-19ग) नौवें और आध्या अग्रवाल (563-12ग) बारहवें स्थान पर रहीं।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए कमेंटेटरों के पैनल की घोषणा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 30 सितम्बर से दो नवंबर तक चलने वाले महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए कमेंटेटरों के नामों और प्रसारणकर्ता की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण आईसीसी टीवी द्वारा किया जाएगा। प्रशंसक इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितम्बर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर राउंड-रॉबिन प्रारूप में आठ शीर्ष टीमों के बीच होने वाले मुकाबले देख सकेंगे। प्रत्येक मैच को कम से कम 30 कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा। अनुभवी ब्रॉडकास्टर्स और कमेंटेटर अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इस पैनल में मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस, पूर्व कप्तान मिताली राज, सना मीर, नासिर हुसैन और अंजुम चोपड़ा है।

### कतर फीफा इंटर कॉन्टिनेंटल कप के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा

**दोहा, वार्ता।** कतर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2025 के अंतिम तीन मैचों की मेजबानी करेगा। 17 दिसम्बर को होने वाले फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन के प्रतिद्वंद्वियों का फैसला करने के लिए अमेरिका के फीफा डर्बी और फीफा चैलेंजर कप खेलों का आयोजन किया जाएगा। फीफा विश्व कप 2022 के मेजबान इस साल के अंत में फीफा अंडर-17 विश्व कप और फीफा अरब कप का भी आयोजन करेंगे। कतर को इस साल के फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप के अंतिम तीन मैचों (एम3 से एम5) की मेजबानी की पुष्टि कर दी गई है। यह एक विशिष्ट वार्षिक वैश्विक क्लब प्रतियोगिता है।

# भारत ने जीता सैफ अंडर-17 का खिताब

● भारतीय टीम ने बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब जीता




**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने यहां रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किया। हाफ टाइम तक भारत ने दल्लामुओन गंगटे (4') और अज़लान शाह केएच (38') के गोलों की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी क्षणों में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी की और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और शूटआउट के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन शनिवार रात ब्लू कोल्ट्स ने सबसे जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। पेनल्टी शूटआउट में भारत ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाई। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल दागे, जिसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में बदल दिया। इसके विपरीत, बांग्लादेश दबाव में बिखर गया। मोहम्मद इकरामुल इस्लाम ने क्रॉसबार पर गेंद मारी, मोहम्मद आज़म खान का प्रयास मानशज्योति बरुआ ने बचा लिया, और हालांकि मोहम्मद माणिक ने उनके तीसरे प्रयास को गोल में बदल दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भारत ने जश्न मनाया और ज़ोरदार अंदाज में अपनी गद्दी वापस हासिल कर ली।

# लिटन दास के अफगानिस्तान सीरीज से बाहर रहने के संभावना



● सूत्रों के अनुसार लिटन दास को टीक होने में कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन कुमार दास पीठ की चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

टीम सूत्रों ने पुष्टि की है कि शानदार फॉर्म में चल रहे लिटन को ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे। इस चोट के कारण वह मौजूदा एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैचों से पहले ही बाहर हो गए थे। बांग्लादेश दोनों मैच हार गया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

राष्ट्रीय टीम के साथ मिल. कर काम करने वाले एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि मुझे लगता है कि उन्हें ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे, इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान उनके (लिटन) खेलने की संभावना कम है। लिटन को 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान पीठ में खिंचाव आ गया था। नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय उन्हें कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई।

# नेपाल की विंडीज पर ऐतिहासिक जीत

● 180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया




**शारजाह, वार्ता।** नेपाल ने शारजाह में वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराकर किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की और तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद, नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया। नेपाल के मध्यक्रम ने उन्हें 8 विकेट पर 148 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को रोक दिया। वेस्टइंडीज ने नेपाल को बल्लेबाजी के लिए भेजा और धीमी शुरुआत के बाद, अकील हुसैन ने कुशल भुर्टेल को सस्ते में स्टंप आउट कर दिया। साथी सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख चौथे ओवर में जेसन होल्डर का शिकार बने और नेपाल का स्कोर अचानक 12/2 हो गया। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 58 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाज़ों ने अच्छी दौड़ भी लगाई, दो-दो और तीन-तीन रन भी लिए ताकि मैदान पर कोई रन न बचे। शानदार फॉर्म में चल रहे मल्ला ने ओबेद मैकॉय की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगले ही ओवर में लेग स्पिनर नवियन बिदाईसी की गेंद पर आउट हो गए, जो अपना पहला मैच खेल रहे थे। पौडेल ने सिमंड्स की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन लेग स्पिनर ने उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया। गुलसन झा ने दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाए, लेकिन लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट होकर बिदाईसी को अपना तीसरा विकेट दिलाया। 19वें ओवर में नेपाल ने होल्डर के हाथों तीन विकेट गंवा दिए, जिससे उनके मध्यक्रम की सारी मेहनत पर पानी फिर गया, लेकिन मैकॉय के दो छक्कों ने उन्हें 150 के आंकड़े से दो रन दूर कर दिया। वेस्टइंडीज ने शानदार शुरुआत की और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। करण केसी ने काइल मेयर्स को पांच रन पर आउट कर दिया, लेकिन अपने दूसरे ओवर में अकीम ऑगस्टे की आक्रामक बल्लेबाजी के कारण उन्हें 12 रन पर आउट कर दिया।

# रुज्दी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** बुल्गारिया के रुज्दी ने रविवार की सुबह इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की शॉटपुट एफ55 स्पर्धा में लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 12.94 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ उनका दबदबा, इस सत्र में स्थापित तीन विश्व रिकॉर्डों में से एक था।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की, जबकि यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने अपने दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर के साथ पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया और मुकाबला निर्णायक रूप से जीत लिया। दिग्गज माने जाने वाले 34 वर्षीय रुज्दी ने अपने अंतिम प्रयास में लोहे की गेंद को 12.94 मीटर से अधिक की दूरी से फेंका, जिससे दो साल पहले पेरिस में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 12.69 मीटर के रिकॉर्ड में सुधार हुआ। सर्बिया के नेबोजसा ने छह बार 12 मीटर से अधिक की दूरी से थ्रो किया, लेकिन रुज्दी ने ड्यूरिक के सर्वश्रेष्ठ 12.52 मीटर से पांच बेहतर थ्रो किए। रुज्दी एक कार दुर्घटना में बच गए थे, लेकिन कमर से नीचे लकवाग्रस्त हैं, उन्होंने 2015 में दोहा से शुरू होकर विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक संस्करण में जीते गए स्वर्ण पदकों में और इजाफा किया। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता तब सामने आई जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

# यूपी योद्धाज जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार

● मुकाबला आज रात 8 बजे जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेंगी यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** जयपुर में लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद यूपी योद्धाज अब चेन्नई चरण की शुरुआत गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए करेंगे। यह मुकाबला 29 सितम्बर को जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा। जयपुर चरण का समापन योद्धाज ने रोमांचक अंदाज़ में किया था। पहले उन्होंने 36-36 की बराबरी के बाद बेंगलुरु बुल्स को टाई-ब्रेकर में 6-5 से मात दी। इस नतीजे ने दबाव की स्थिति में टीम के धैर्य और आत्मविश्वास को साबित किया। अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में योद्धाज अंक तालिका में सातवें स्थान से और ऊपर चढ़ने की कोशिश करेंगे। पिछले मैच में भवानी राजपूत ने 10 अंक जुटाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि गगन गौड़ा ने लगातार योगदान देते हुए सीजन में 8 मैचों से अपने अंक 82 तक पहुंचा दिए हैं। इनके साथ गुमान सिंह का प्रभाव और युवा शिवम चौधरी की चमक, योद्धाज की अटैक लाइन-अप को कई खतरनाक विकल्प देता है। डिफेंस में कप्तान सुमित सां. गवान और उपकप्तान आशु सिंह को फिर से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होगी। महेंदर सिंह और हितेश की मजबूती के साथ, योद्धाज की बैकलाइन में अब तालमेल दिख रहा है और पीकेएल की सबसे अनुशासित और मजबूत डिफेंसिव इकाइयों में गिनी जा रही है।

### आईएसपीएल सीजन 3 की 9 जनवरी 2026 से वापसी

**मुंबई, वार्ता।** लगातार दो सफल सीजन के बाद, इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल), भारत का अग्रणी टेनिस-बॉल टी10 टूर्नामेंट, अपने तीसरे संस्करण के लिए और भी बड़ी, बेहतर और दमदार वापसी कर रहा है। आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 9 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सूरत में आयोजित किया जाएगा। आगामी सीजन की मुख्य बातों में, सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) को बिल्कुल नई पोर्शे 911 कार मिलेगी, जो यह दर्शाता है कि लीग वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं और मापदंडों के साथ तालमेल बिठाते हुए कितनी बड़ी हो गई है। आईएसपीएल की कोर कमेटी के सदस्यों, सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज समत (लीग कमिश्नर), दीपक चौहान (लीग ऑपरेशंस के अध्यक्ष), के साथ-साथ सुपरस्टार अजय

# इगा-सिनर आगे बढ़े, झेंग की जोरदार वापसी



**बीजिंग, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी जैनिक सिनर और महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक दोनों ने 2025 चाइना ओपन के एकल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार झेंग किनवेन ने सर्जरी के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया की एमिलियाना अरंगो को हराया। इतालवी स्टार सिनर ने शनिवार को दूसरे दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर टेरेंस एटमाने के खिलाफ तीन सेटों में 6-4, 5-7, 6-0 से जीत हासिल की। तेईस वर्षीय एटमाने ने मैच में 11 ऐस लगाए, लेकिन सिनर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि आज की चुनौती बहुत कठिन थी। तीसरे सेट में वह निश्चित रूप से काफ़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ था। मैंने पहला गेम शानदार खेलकर उसकी सर्विस तोड़ी, जिससे मुझे किसी तरह सेट जीतने का आत्मविश्वास मिला। डबल ब्रेक के बाद, माहौल थोड़ा अलग था। माहौल पूरी तरह से बदल गया। इस साल के चाइना ओपन में अपने पहले मैच में स्वियाटेक ने पहले राउंड में बाई मिलने के बाद ज्यादा आरामदायक जीत हासिल की, दूसरे राउंड में उन्होंने चीन की युआन यू को 6-0, 6-3 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय पोलिश खिलाड़ी ने कहा कि पहला मैच हमेशा कोर्ट का अनुभव करने और उसे समझने के लिए अच्छा होता है। मुझे हर मैच के लिए तैयार रहना होगा। मैं बस नए कौशल सीखने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। चीनी टीम की प्रबल दावेदार और पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग, जिनकी हाल ही में कोहनी की सर्जरी हुई थी, ने बहुप्रतीक्षित वापसी की। उत्साहपूर्ण जयकारों के बीच, झेंग ने अरांगो को 6-3, 6-2 से हराकर महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने चीन की वांग ज़िग्यू को 6-3, 6-2 से हराया। चीनी खिलाड़ी झू लिन को चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा से 6-2, 6-2 से हार का सामना करना

### कार्लोस जापान ओपन के सेमीफाइनल में



**टोक्यो, वार्ता।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शनिवार रात खेले गये क्वार्टरफाइनल मुकाबले में विश्व नंबर वन अल्काराज ने एक ही सीजन में अपने करियर की 65वीं जीत दर्ज करते हुए ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-2, 6-4 से हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्काराज सोमवार को अंतिम चार में नोर्वे के कैस्पर रूड से भिड़ेंगे। स्पेनिश खिलाड़ी का नोर्वे के खिलाड़ी के खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 4-1 है, लेकिन रूड ने पिछले साल एटीपी फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना लगातार दूसरे दिन अपने ही अमेरिकी हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी से होगा। फ्रिट्ज ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 6-7(5), 6-3 से हराया।

# आईआईटी ने की नए तत्व आइसोटोप एसजी-257 की खोज

## परमाणु स्थिरता एवं आवर्त सारणी की सीमाओं की अधिक गहन समझ की ओर एक कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की एक उल्लेखनीय वैश्विक वैज्ञानिक सफलता में, शोधकर्ताओं ने एक नए अतिभारी समस्थानिक, सीबोर्गियम-257 की खोज की है, जिसने परमाणु भौतिकी एवं ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ की सीमाओं को और आगे बढ़ाया है। यह अग्रणी प्रयोग जर्मनी के डार्मस्टाट स्थित जीएसआई हेल्महोल्ट्ज सेंटर फॉर हैवी आयन रिसर्च में किया गया था, और इसमें आईआईटी रुड़की के भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य, प्रो. एम. मैती का महत्वपूर्ण योगदान था। यह कार्य प्रतिष्ठित जर्नल फिजिकल रिव्यू लेटर्स में प्रकाशित हुआ है एवं परमाणु विज्ञान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शक्तिशाली त्वरक एवं अत्याधुनिक संसूचन तकनीकों का उपयोग करते हुए, टीम नें ह-257, एक अतिभारी तत्व, जो प्रकृति में नहीं पाया जाता, का सफलतापूर्वक संश्लेषण किया। यह खोज इस मूलभूत प्रश्न का उत्तर देने में सहायता करती है कि परमाणु स्थिरता की सीमाओं पर कैसे व्यवहार करते हैं, और षस्थिरता के द्वीपष की अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक खोज में प्रत्यक्ष योगदान देती है, जो परमाणु परिदृश्य में एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ अतिभारी तत्वों का जीवनकाल लंबा और उपयोगी हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय शोध दल के सदस्य, आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर एम. मैती ने कहा, ष्यह खोज परमाणु भौतिकी में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे हमें यह समझने में सहायता मिलती है कि कुछ तत्व लंबे समय तक क्यों जीवित रहते हैं और चरम स्थितियों में परमाणु बल कैसे व्यवहार करते हैं। सीबोर्गियम-257जैसे अतिभारी तत्वों की अर्धायु अत्यंत कम होती है, जो अक्सर क्षय होने से पहले केवल मिलीसेकंड तक ही रहती है। फिर भी, प्रत्येक खोज वैज्ञानिकों को परमाणु संरचना एवं नाभिकीय बलों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती है, और यह एक दिन अधिक स्थिर भारी तत्वों के निर्माण की संभावना को बढ़ावा देती है। हालाँकि वर्तमान में ऐसे अल्पकालिक नाभिकों का व्यावहारिक उपयोग लगभग असंभव है, लेकिन प्राप्त ज्ञान अंततः उन्नत पदार्थों, ऊर्जा अनुसंधान, या यहाँ तक कि नवीन चिकित्सा तकनीकों में अनुप्रयोगों को सूचित कर सकता है। यह ऐतिहासिक खोज अत्याधुनिक परमाणु अनुसंधान में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। आईआईटी रुड़की को ऐसे वैश्विक वैज्ञानिक उपलब्धि हिस्सा बनने पर गर्व है। यह मौलिक विज्ञान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के हमारे दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करता है जिससे समाज को लाभ हो और अगली पीढ़ी को प्रेरणा मिले,ष आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा। यह शोध वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किया गया था, जिसमें आईआईटी रुड़की के डॉ. एम. मैती, जर्मनी के जीएसआई हेल्महोल्ट्ज सेंटर; जोहान्स गुटेनबर्ग विश्वविद्यालय (जेजीयू मेंज); जापान परमाणु ऊर्जा एजेंसी; फिनलैंड के जैवस्किला विश्वविद्यालय; एवं अन्य सहयोगी संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल थे। ये निष्कर्ष जर्मनी के जीएसआई हेल्महोल्ट्ज द्वारा आयोजित थप्च चरण-0 सहयोग के एक भाग के रूप में फिजिकल रिव्यू लेटर्स (जून 2025) में प्रकाशित हुए थे। यह खोज इस बात का उदाहरण है कि मौलिक विज्ञान किस प्रकार तकनीकी प्रगति एवं वैश्विक ज्ञान में योगदान देता है। यह आईआईटी रुड़की की उत्कृष्टता के प्रति उस सतत प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है जो सैद्धांतिक समझ को आगे बढ़ाती है और प्रौद्योगिकी, उद्योग और समाज के भविष्य को आकार देने की क्षमता रखती है।

# कलियर विधायक के बेटे के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दो दिन पूर्व एक ठेकेदार व उसके साथी के खिलाफ मारपीट कर घायल करने के मामले में पीडित की तहरीर पर कलियर विधायक हाजी फुरकान के बेटे के खिलाफ मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुड़की गंगनहर कोतवाली को दी तहरीर में आरिफ पुत्र सईद अख्तर निवासी पश्चिमी अम्बर तालाब ने बताया कि वह पेशे से एक ठेकेदार है बीती 25 सितंबर को रामपुर चुंगी के समीप अपनी कार ठीक करवा रहा था तभी वहां कलियर विधायक फुरकान अहमद का पुत्र सलमान आया और गाली गलौज करते हुए उसे अपने आवास पर ले गया। आरोप है कि वहां सलमान ने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे कुछ चोटें भी आई। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर सलमान एवं अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी है।

### महिला ने पुलिस महानिदेशक को भेजा शिकायती पत्र

# मंदबुद्धि भाई को फुसलाकर करोड़ों की जमीन का बैनामा कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** न्यामतपुर गांव निवासी एक महिला ने पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेजकर एक स्थानीय व यूपी के दो लोगो पर उसके मंदबूद्धि भाई को बहला फुसलाकर उसकी करोड़ों रुपए कीमत की जमीन का बैनावा कराने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने उक्त मामले की जांच कराकर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

खानपुर थाना क्षेत्र के न्यामतपुर गांव निवासी निर्मला ने पुलिस महानिदेशक देहरादून को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसका भाई प्रमोद शर्मा निवासी गोहरणी तहसील बनत जनपद शामली पिछले काफी दिनों से उसके पास ग्राम न्यामतपुर में ही रह रहा है। महिला का कहना है कि उसका भाई प्रमोद 22 सितंबर को सुबह करीब 7:30 बजे गांव के पास ही खेत पर गया था। इसी दौरान बाइक सवार दो लोग उसे डरा धमकाकर अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गए। महिला ने बताया कि उसकी कॉफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नही चल सका। जिस कारण वह उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए गोवर्धनपुर पुलिस चौकी पर गई थी। किंतु पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज नही की। महिला ने दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति न्यामतपुर का ही रहने वाला है तथा दो व्यक्ति यूपी के रहने वाले है। जिन्होने डरा धमकाकर 23 सितंबर को उसके भाई की करोड़ों रुपए कीमत की संपत्ति का शामली जनपद की बनत तहसील में गलत तरीके से बैनावा करा लिया है। तथा देर शाम को उसे न्यामतपुर गांव के पास छोड़ दिया गया था। उसके भाई प्रमोद के वापस आ जाने के बाद ही उसे पूरे मामले की जानकारी हो सकी है। महिला ने उक्त मामले की जांच कराकर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

# क्षत्रिय समाज ने महाराणा सांगा व प्रताप घाट का करवाया सौंदर्यीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षत्रिय समाज ने रुड़की नगर निगम के सामने कलियर स्टैंड के निकट गंगनहर किनारे स्थित महाराणा सांगा एवं महाराणा प्रताप घाट का सौंदर्य करण कराया। इस दौरान दोनों घाटों के प्रवेश द्वार स्थापित करने के साथ ही घाट पर सफाई अभियान भी चलाया गया।

पूर्व मेयर गौरव गोयल के कार्यकाल में नगर निगम बोर्ड बैठक में गंगनहर किनारे कलियर स्टैंड की ओर राणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) तथा लोहे के झूला पुल के निकट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप घाट स्थापित करने का तत्कालीन पार्षद अनूप राणा का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ था। क्षत्रिय समाज के क्षत्रपों ने आज गंगनहर किनारे स्थित दोनों घाटों के प्रवेश द्वार स्थापित करने के साथ ही सफाई अभियान चलाकर घाटों की सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद अनूप राणा के प्रयासों की सराहना करते हुए क्षत्रिय समाज के क्षत्रपों ने कहा कि इन घाटों की स्थापना क्षत्रिय समाज की आने वाली पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक धरोहर होंगी।



इस दौरान अनिल पुंडीर एडवोकेट, नरेश पुंडीर एडवोकेट, जसवीर सिंह सोम, संजय सिंह,अमित सिंह राणा, ठाकुर सोहन सिंह, शिवमंगल सिंह, राजू राणा, जसवीर सिंह राणा, उदय सिंह पुंडीर, राजेंद्र सिंह पुंडीर, दयाराम भाटी,संतोष सिंह राणा, कर्ण सिंह, श्याम सिंह ठाकुर, प्रवीण सिंह, कुलदीप सिंह, शिशुपाल सिंह, बंटी राणा, सुंदर सिंह, अभय राणा, शुभम चौहान, अतुल राणा, अरुण कुमार, शेष सिंह राणा एडवोकेट, मोतीलाल पुंडीर, अनिल राणा, प्रशांत सिंह, कुंवर संजीव कुशवाहा, प्रवीण कुशवाहा, उमेश पुंडीर,डॉ अमरदीप सिंह पुंडीर,अजीत सिंह पुंडीर, जयपाल सिंह, कपिल सोम, मनोज पुंडीर, देवेंद्र कुमार, सुधीर पंवार,नमन पुंडीर, निदेश राणा, प्रतीक राणा, बीपी सिंह, सतीश कुमार, रविंद्र सिंह राणा, सम्राट रोहिल्ला, अजय सिंह, सुभाष राणा, अश्वनी राणा, सत्येंद्र राणा आदि क्षत्रिय समाज के अनेक छत्रप मौजूद रहे

### विद्यालय में बाहरी युवक के डांस का मामला

# प्रधानाचार्य ने पांच छात्रों की टीसी काट स्कूल से कर दी छुट्टी

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** एक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा में घुसे जोमैटो टी-शर्ट पहने बाहरी युवक के डांस वाले वायरल वीडियो के बाद प्रधानाचार्य ने स्वयं जिम्मेदारी लेने के बदले पांच छात्रों की टीसी काटकर स्कूल से ही छुट्टी कर डाली। मामला मंगलौर के मोहल्ला किला स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। जहां एक युवक स्कूल टाइम में क्लास के अंदर घुस आया और उसने वहां फिल्मी गानों पर जमकर डांस किया। उसके द्वारा रील आदि शूट की गई। अब इस पूरी शूटिंग के दौरान कक्षा में पढ़ाई तो होने से रही तो विडियो में साफ दिख रहा है कि युवक इधर से उधर लहरे लेता हुआ डांस करता नजर आता है तो वहीं कक्षा के छात्र उसके दर्शक बन तालियां बजाकर मौज मस्ती करते नजर आते हैं। अब पूरे मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई तो प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों ने उक्त युवक को स्कूल बुलाया और हल्की फुल्की फटकार लगाई। और माफीनामा लिखवा लिया। इसके साथ ही जिस स्कूल की जिम्मेदारी उसके प्रधानाचार्य और शिक्षकों की होनी चाहिए थी उसमें सजा पांच छात्रों को मिली। मामले में पांच छात्रों की टीसी काटकर उनके भविष्य को अधर में लाने का काम स्कूल के जिम्मेदारों ने कर डाला। अब सवाल यह उठता है कि कोई भी बाहरी युवक आकर कक्षा में डांस कर सकता है तो कोई युवक वहां आकर छात्रों के साथ कोई वारदात भी अंजाम दे सकता है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी मेहराज आलम का कहना है कि मामला आज ही उनके संज्ञान में आया है,जांच कर कारवाई होगी।

### भाजपा नेता ने हजारा ग्रंट में किया रामलीला का शुभारंभ

# श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेने की जरूरत : सुबोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के हजारा ग्रांट गाँव में आयोजित श्री रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा नेता सुबोध राकेश` फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन उच्च नैतिक मूल्यों को स्थापित करता है। मनुष्य उन आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों पर चलकर ही अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने हमें जो सत्य का मार्ग दिखाया उस पर चलकर ही हम एक आदर्श जीवन यापन कर सकते हैं।भगवान श्री राम का जीवन हमेशा संघर्षमय रहा और उन्होंने इस धरती से रावण रूपी पाप का विनाश कर जो संदेश दिया वह सनातन धर्म के मानने वालों के लिए एक गौरव की बात है।इसशुभ अवसर पर सतीश कुमार,अरुण कुमार चौहान, धीर सिंह, वीरेंद्र सिंह,ओम राज सैनी प्रधान, जयपाल सैनी, चंद्रपाल, रामगिरी, मनोज शर्मा पूर्व बीडीसी,चमन लाल,विशाल गिरी,



सुधीर सैनी,गौरव सैनी,विशु सैनी, समस्त लोग उपस्थित रहे।

# अवैध खनन में की छापेमारी, पांच वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी करते हुए पांच वाहनों को पड़कर सीज कर दिया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर में जानकारी देते हुए बताया मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अवैध खनन ओवरलोड चलने वाले वाहनों पर अंकुश लगाए जाने के लिए समस्त थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए पांच वाहनों को पड़कर सीज कर दिया है उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी है और जारी रहेगी आज की इस कार्रवाई में जो पुलिसकर्मी मौजूद रहे उनमें उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह कांस्टेबल रविंद्र चौहान संदीप रावत शामिल रहे।

# शिविर आयोजन, 145 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरी बांगर में मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। महाराजा भागीरथ विशाल सैनी सभा संगठन हरिद्वार जिले के युवा जिलाध्यक्ष मोहित सैनी चंद्रपुरी के आवास पर एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 145 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।युवा जिलाध्यक्ष मोहित सैनी चंद्रपुरी ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया। उन्होंने कहा, ष्जब-जब किसी भी व्यक्ति को रक्त की जरूरत पड़ेगी, हम सबसे पहले आगे खड़े मिलेंगे।ष उनका यह संकल्प संगठन की सेवा भावना को दर्शाता है।सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने लिया भागरक्तदान शिविर में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। यह शिविर सैनी समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी के कारण सफल रहा।शिविर को सफल बनाने और




रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से डॉक्टर ऋषिपाल सैनी, जिला अध्यक्ष बाबूराम सैनी, अशोक सैनी, सुनील सैनी, डॉक्टर सुभाष सैनी, शेखर सैनी, विपिन सैनी, नरेंद्र चेयरमैन, प्रवेश सैनी, सुमित सैनी, सचिन सैनी एडवोकेट, वीरेंद्र सैनी, मोनू सैनी, संजय सैनी, बबलू प्रधान, सुशील मेडिकल, सुनील जिम, विष्णु सैनी, हिमांशु सैनी, गोविंद सैनी, पॉपिन सैनी, आशीष सैनी, अमित सैनी, विशेष जाटव, कन्हैया, अमित कुमार, महक सिंह सैनी, मोनू सैनी रंधावा, गोस्वामी, मांगेराम चौधरी आदि सहित सर्व समाज के सैकड़ों लोग शामिल थे।इस आयोजन ने न सिर्फ 145 जीवन बचाने वाली यूनिट रक्त एकत्र किया, बल्कि समाज में एकता और रक्तदान के प्रति जागरूकता का एक मजबूत संदेश भी दिया।

# रंजिश में युवक के मकान पर दो राउंड फायरिंग

**रुड़की।** रंजिश में दो सगे भाइयों ने एक युवक के घर पर जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायरिंग की। गोली चलने से मोहल्ले में दहशत फैल गई। आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पांच दिन पहले भी तीन आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला करके घायल कर मोबाइल और नकदी छीन ली थी। युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नगर के मोहल्ला पठानपुरा निवासी जुल्फिकार ने पुलिस को बताया कि मोहल्ला किला निवासी कुछ युवक उससे रंजिश रखते हैं। शुक्रवार देर रात को मोहल्ला किला निवासी दो सगे भाई उसके घर पर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायरिंग की जिसमें वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग होने पर मोहल्ले में दहशत फैल गई। आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। बताया गया है कि पांच दिन पहले भी आरोपियों ने उसपर चाकू से हमला करके मोबाइल और 30 हजार की नकदी छीन ली थी।

# मछली पकड़ने के लिए गया किशोर लापता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से कुछ दूरी पर एक नाले में मछली पकड़ने के लिए गया किशोर लापता हो गया काफी खोजबीन के बाद भी सप्ताह भर से उस का कोई पता नहीं चल पाया । रविवार को उसके पिता द्वारा थाने में किशोर की गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। ग्राम अकबरपुर झौझा निवासी परवेज अहमद द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका तेरह वर्षीय बेटा 8 दिन पूर्व गांव के दूसरे बच्चों के साथ गांव से कुछ दूरी पर एक नाले में मछली पकड़ने के लिए गया था। दूसरे बच्चे वापस आ गए लेकिन वह वापस नहीं आया है। जो बच्चे उसके साथ गए थे उनसे भी पूछताछ की गई। रिश्तेदारी व जान पहचान में भी पता करने पर उक्त का कुछ पता नहीं चल पाया है। किशोर के पिता द्वारा पुलिस से अपने बेटे की तलाश करने की मदद करने की गुहार लगाई है कार्यवाहक थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# ताइक्वांडो फेडरेशन ने ब्लैक बेल्ट लीडर्स को बांटे प्रमाण पत्र व बैल्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्लोबल ट्रेडिशनल ताइक्वांडो फेडरेशन उत्तराखंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ ब्लैक बेल्ट लीडर्स को प्रमाण पत्र और बेल्ट वितरित किए गए। सभी ने प्रण लिया कि आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति के अनुसार ही ताइक्वांडो का प्रशिक्षण देंगे।

रामनगर चौक स्थित एक होटल में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में फेडरेशन के राष्ट्रीय समन्वयक ग्रैंड मास्टर चंद्रकांत भोसले ने कहा कि ताइक्वांडो केवल एक लड़ाई करने की कला नहीं बल्कि अध्यात्म और ध्यान का भी एक साधन है लेकिन आज के समय में नए शिक्षक और छात्र ताइक्वांडो को केवल एक लड़ाई करने की कला तक समेटेस हुए हैं। इसलिए फेडरेशन से जुड़े शिक्षक जिन्हें तीस से चालीस वर्षों का अनुभव है वह पूरे देश में ताइक्वांडो को अध्यात्म और ध्यान के साथ सिखाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने आनंद कृष्ण यादव आठ डिग्री ब्लैक बेल्ट,गगन सिंह भंडारी सात डिग्री ब्रेक बेल्ट,सरदार जितेंद्र सिंह पांच डिग्री ब्लैक बेल्ट,आनंद भारती पांच डिग्री ब्लैक बेल्ट,पवन सचदेवा को चार डिग्री ब्लैक बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले दिनों में ब्लैक बेल्ट एग्जाम और एक स्टेट लेवल ताइक्वांडो टूर्नामेंट रुड़की में आयोजित करने की घोषणा की। इस अवसर पर सरदार मलूक सिंह कालरा ,प्रदीप सचदेव, वीर सावरकर ,विकास चौधरी, कमल स्नेही, संजीव चौधरी ,आशीष आदि उपस्थित थे।

# बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की कार्रवाई से मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ सत्यापन की कार्रवाई की गई है जिससे अवैध रूप से रह रहे लोगों में खलबली मच गई है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में बिना सत्यापन के निवासी किराएदार व होटल ढाबो में कार्य करने वाले बाहरी व्यक्तियों गुड चरखी माली को व उस कार्य करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की बारीकी से चेकिंग कर प्रभावित कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा होटल ढाबो व गुड चरखी के मालिको को व उसमें काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए 153 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। मौके पर 23 चालान पुलिस एक्ट 3250



रुपए संयोजन शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी किराएदारों को सत्यापन करा लेना चाहिए अन्यता उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मैथाडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज में

# स्वच्छता महोत्सव पर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज में एक दिवसीय स्वच्छोत्सव, अभियान के तहत रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली, पोस्टर, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया! जिसकी थीम स्वच्छता पर रखी गई थी।

रंगोली प्रतियोगिता के 14 समूह बनाए गए थे!छात्राओं द्वारा बनाई गई स्वच्छता संदेशों से सजी रंगोलियों ने सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने भाग लिया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से छात्राओं ने उपयोगी और सजावटी सामान बनाकर सबका मन मोह लिया। कॉलेज की प्रबंधिका मिस जे.सिंह एवं प्राचार्य डॉ अमित श्रीवास्तव ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी, पर्यावरणीय चेतना और सामूहिक सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने में सहायक होगा और समाज को प्रेरणा देगा। पोस्टर प्रतियोगिता में परी अग्रवाल प्रथम, द्वितीय सुहानी राठौर तथा तृतीय स्थान शिवांगी शर्मा ने प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता




में मान्या गजवानी प्रथम, द्वितीय रिया और तृतीय स्थान याचना मसीह ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया, द्वितीय पुरस्कार लायबा एवं तृतीय पुरस्कार कनक ग्रुप ने प्राप्त किया! इस मौके पर प्रबंधिका मिसजे सिंह,प्राचार्य डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ अनुपमा वर्मा, वंदना चौहान,अक्षिता सैनी आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 29 सितम्बर 2025**

## यूनुस की बदजुबानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ खराब होते रिश्तों का पूरा दोष नई दिल्ली पर मढ़ा है। उन्होंने इसके लिए जो कारण बताए हैं, वो पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाए हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गए हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं।

भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया-हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जरूर जताई है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गए, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था। यूनुस SAARC को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है। पाकिस्तान की वकालत करना। SAARC भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन BIMSTEC के जरिए भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नई दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

## एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं



उप्र में कानून का राज नहीं, बल्कि दो. हरी व्यवस्था चल रही है, दलित, मुस्लिम और पिछड़े समाज के लिए अलग कानून लागू कर तानाशाही थोपने की कोशिश हो रही है, बरेली में आई लव मोहम्मद प्रकरण पर लाठी भांजने वाली पुलिस फतेहपुर में खामोश रहती है, महज कागज पर आई लव मोहम्मद लिखने को अपराध घोषित कर दिया गया, बरेली में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वाले लोगों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज हुआ और निर्दोषों को जेल भेज दिया गया, यह सब सत्ता के इशारे पर हुआ है, एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं, अगर सरकार वास्तव में संवाद चाहती तो, प्रदर्शनकारियों को समझा सकती थी, लेकिन सत्ता की नीयत कमजोर वर्गों को डराने की है, यूपी में जंगलराज कायम है।

**चंद्रशेखर आजाद, अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम )**

### सरयू से संगम तक की पदयात्रा

# सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक संघर्ष का नया सफर



**वीरेश तरार**

उत्तर प्रदेश की जमीन हमेशा आंदोलनों, संघर्षों और यात्राओं की गवाह रही है। कभी किसानों के आंदोलन ने सत्ता को हिलाया, कभी युवाओं की पदयात्रा ने राजनीति का चेहरा बदल दिया, कभी साधु-संतों के जत्थों ने आस्था का नया स्वर दिया और कभी जनसैलाब ने लो. कतंत्र की दिशा मोड़ दी। इसी परंपरा में एक नई कड़ी जुड़ने जा रही है, जब आम आदमी पार्टी ने यह घोषणा की कि वह सरयू से संगम तक की पदयात्रा निकालेगी। यह घोषणा केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा का इजहार नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सामाजिक हकीकत का आईना है। जिस राज्य में करोड़ों युवा बेरोजगार हैं, जहां किसान हर मौसम में नए संकट से जूझता है, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और जहां सामाजिक न्याय अब भी अधूरा सपना बना हुआ है, वहां एक ऐसी पदयात्रा जनता की चेतना को जगाने का जरिया बन सकती है।

यात्राएं हमेशा केवल पांवों की थकान नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की नब्ज को छूने का माध्यम होती हैं। महात्मा गांधी की दांडी यात्रा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नमक के मुद्दे पर निकली वह यात्रा भारत की आजादी की लड़ाई को नया मोड़ दे गई थी। लोहिया ने भी यात्राओं को समाजवादी आंदोलन का औजार बनाया। जयप्रकाश नारायण की पुकार भी गांव-गांव जाकर फैली थी। आडवाणी की रथयात्रा ने एक अलग किस्म की राजनीति को जन्म दिया। राहुल गांधी ने भी हाल में अपनी भारत जोड़ो यात्रा से कोशिश की कि जनता से सीधा संवाद बने। ऐसे उदाहरण बताते हैं कि जब नेता सड़कों पर उतरते हैं, जब वे गांवों-कस्बों की धूल अपने पैरों से चिपकाते हैं, तब राजनीति महलों से निकलकर जनता के आंगन तक आती है।

सरयू से संगम तक का रास्ता केवल एक भौगोलिक दूरी नहीं है, बल्कि प्रतीकात्मक अर्थों से भरा हुआ है। सरयू नदी अयोध्या की पहचान है, वह आस्था और परंपरा का केंद्र है। वहीं प्रयागराज का संगम भारत की विविधता, सांस्कृतिक एकता और लोकचेतना का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस यात्रा का संदेश यही है कि राजनीति को केवल सत्ता की लड़ाई न बनाकर समाज की विविधता और पीड़ा को एक सूत्र में पिरोया जाए। इस पदयात्रा का मार्ग उन इलाकों से होकर गुजरेगा, जहां किसान गन्ने के दाम के लिए वर्षों से आंदोलन कर रहा है, जहां नौजवान नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, जहां दलितों और पिछड़ों को बराबरी का हक अब भी अधूरा है और जहां महिलाएं रोजाना असुरक्षा की छाया में जीती हैं। यह सब मिलकर इस यात्रा को सिर्फ एक जुलूस नहीं, बल्कि सामाजिक दस्तावेज बना देते हैं।

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या आज बेरोजगारी है। लाखों पढ़े-लिखे युवक सरकारी नौकरियों की प्रतीक्षा में अपने जीवन के सुनहरे साल गंवा रहे हैं। भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों तक लंबित रहती हैं, परीक्षा के पेपर लीक होते हैं, और जब कभी नौकरी मिलती भी है तो उसमें भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप लगते हैं। निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सीमित हैं। इसके चलते युवा वर्ग निराशा और हताशा में जी रहा है। यही निराशा कभी-कभी समाज में आक्रोश का रूप ले लेती है। यह पदयात्रा अगर सचमुच इन युवाओं की आवाज को उठाती है, उनके लिए ठोस वैकल्पिक योजनाएं पेश करती है, तो यह आंदोलन केवल चुनावी अभियान न रहकर सामाजिक चेतना का स्वरूप ले सकता है।

किसानों की हालत भी कम भयावह नहीं है। गन्ना किसान वर्षों से बकाया भुगतान की प्रतीक्षा करता है। धान और गेहूं के किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता, बढ़ती लागत और घटते मुनाफे ने उनकी कमर तोड़ दी है। किसान आत्महत्या जैसे चरम कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं। लेकिन सत्ता के गलियारों से केवल वादे निकलते हैं, समाधान नहीं। इस पदयात्रा का एक बड़ा कसौटी यही होगा कि क्या यह किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने रखती है। गन्ना बेल्ट से गुजरते हुए यह यात्रा किसानों की आह और उनकी उम्मीद दोनों को आवाज दे सकती है। सामाजिक न्याय का सवाल उत्तर प्रदेश की राजनीति का स्थाई केंद्र है। दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग आज भी बराबरी और सम्मान की तलाश में हैं। भूमिहीन मजदूर, दिहाड़ी करने वाले, छोटे कारीगर, सफाईकर्मी और शोषित तबके की आवाज अक्सर चुनावी नारों के बीच गुम हो जाती है। यह पदयात्रा अगर उन्हें मंच देती है, उनके मुद्दों को उठाती है, तो यह समाज में नई चेतना भर सकती है। राजनीति की सच्ची परीक्षा यही है कि वह केवल जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर समानता और समरसता की लड़ाई लड़े। शिक्षा और स्वास्थ्य की उपेक्षा उत्तर प्रदेश को सबसे पीछे धकेल रही है। सरकारी स्कूलों में संसाधन नहीं हैं, शिक्षक नहीं हैं, बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयां नहीं मिलतीं, आम आदमी को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जहां खर्च उसकी सामर्थ्य से कहीं अधिक होता है। इस यात्रा को यदि जनता गंभीरता से लेगी, तो तभी जब यह इन बुनियादी सवालों को आवाज देगी। जनता यह जानना चाहती है कि सड़क और पुल बनाने से आगे क्या उसकी जिंदगी आसान होगी, क्या उसके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, क्या बीमारी की हालत में इलाज मिलेगा, क्या किसान का पसीना उसे सम्मानजनक जीवन देगा।

लोकतंत्र का असली मूल्य यही है कि सत्ता जनता की तकलीफों को सुने और उनका समाधान करे। लेकिन आज सत्ता और समाज के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। सत्ता बड़े आयोजनों और विज्ञापनों में व्यस्त है, जबकि जनता बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा के बोझ तले कराह रही है। इस स्थिति में जब कोई राजनीतिक दल सड़क पर उतरता है, तो जनता उसमें अपनी उम्मीदें खोजती है, लेकिन उम्मीदें स्थाई तभी बनती हैं जब आंदोलन केवल नारेबाजी न रहकर ठोस कार्यक्रम और नीति का रूप लें। यही इस पदयात्रा की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इतिहास गवाह है कि उत्तर प्रदेश की धरती पर निकली यात्राओं ने राजनीति की दिशा बदली है। आजादी की लड़ाई में यह धरती निर्णायक बनी। आजादी के बाद भी किसान आंदोलनों से लेकर सामाजिक न्याय की पुकार तक, हर आंदोलन ने राजनीति पर असर डाला। आज जब लोकतंत्र का स्वरूप केवल चुनाव और सत्ता की होड़ तक सीमित होता जा रहा है, तब ऐसी यात्राओं का महत्व और बढ़ जाता है। यह यात्रा लोकतंत्र की असली कसौटी होगीकृक्या यह जनता की आवाज को सत्ता तक पहुंचा पाएगी या केवल मीडिया की सुर्खियों में सिमट जाएगी। सरयू से संगम तक की यात्रा का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अर्थ भी गहरा है। यह यात्रा उस प्रदेश की पहचान को सामने लाती है, जहां धर्म और आस्था के साथ-साथ संघर्ष और चेतना की भी धारा बहती है। सरयू से लेकर संगम तक का सफर प्रतीक है उस समाज का, जहां विविधता के बीच एकता है, जहां आस्था और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं, और जहां हर युग में जनता ने अपनी आवाज से राजनीति की दिशा बदली है। आखिर में सवाल यही है कि क्या यह यात्रा जनता की पीड़ा को सचमुच अपनी धड़कन बना पाएगी। क्या यह केवल राजनी. तिक महत्वाकांक्षा की अभिव्यक्ति बनकर रह जाएगी या समाज में नया अध्याय लिखेगी। लो. कतंत्र की ताकत जनता है, और जनता तभी जागती है जब उसे लगता है कि उसकी तकलीफें सचमुच सुनी जा रही हैं। यदि यह यात्रा जनता की उम्मीदों को ठोस योजनाओं और नीतियों में बदलने का साहस करती है, तो यह सरयू से संगम तक का सफर केवल एक यात्रा नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का अध्याय बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का स्वावलंबी होना



**तनवीर जाफरी**

ट्रंप प्रशासन ने ही 2020 और उसके बाद ईरान के परमाणु, बैलिस्टिक मिसा. इल और हथियार कार्यक्रमों को रोकने के लिए नए प्रतिबंध जोड़े। यहां तक कि 2025 में भी, ट्रंप द्वारा ईरान के तेल व्यापार और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए। अमेरिका ने इसी वर्ष ईरान के तेल व्यापार, पेट्रोकेमिकल उद्योग और परमाणु अनुसंधान पर कड़े प्रति. बंध लगाए हैं। अभी इसी वर्ष गत मई में ही अमेरिका ने परमाणु वार्ता के बीच ही पुनः नए प्रतिबंध लगा दिए थे। इस प्रतिबंध में तीन ईरानी अधिकारियों और एक कंपनी को निशाना बनाया गया है।

विश्व के सिर पर सवार अमेरिकी वर्चस्व का भूत अब धीरे धीरे उतरने लगा है। खासकर डोनल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे शासनकाल में जैसा बर्ताव दुनिया के अनेक देशों के साथ किया है उससे भी अमेरिका की साख को काफी गहरा धक्का पहुंचा है। कभी वे कनाडा को 51 वां अमेरिकी राज्य बताकर खलबली पैदा कर देते हैं तो कभी दुनिया के अनेक देशों पर मनमानी टेरिफ लगाकर आर्थिक संकट खड़ा करते हैं। कभी भारत और रूस जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं को श्मृत अर्थव्यवस्था श बताकर इन देशों को अपमानित करते हैं। तो कभी वीजा फीस असीमित कर लोगों की चिंता बढ़ा देते हैं। गौर तलब है कि गत 31 जुलाई को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट करते हुए लिखा था कि मुझे भारत का रूस के साथ क्या करना है, उसकी परवाह नहीं। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसी समय ट्रंप ने भारत को रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा तेल खरीदने के लिए दंड लगाने की भी धमकी दी थी। ट्रंप का कहना था कि चीन के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है। जबकि अमेरिका यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर दबाव डाल रहा है। ट्रंप का मत था कि भारत से तेल से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल रूस, यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। इस घटनाक्रम में एक मजेदार मोड़ तब आया था जब स्वयं यूक्रेन ने कह दिया था कि उसे भारत रूस के व्यापारिक रिश्तों को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। इसी तरह गजा में अमेरिकी संरक्षण में जिस तरह इस्राईल जनसंहार कर रहा है दुनिया के तमाम देश,संयुक्त राष्ट्र संघ,अंतर्राष्ट्रीय अदालत सब इस्राईल खासकर नेतन्याहू की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध हैं। बार-बार इस्राईली नीतियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पास हो रहे हैं, नेतन्याहू के विरुद्ध वारंट जारी हो रहे हैं परन्तु इस्राईल का दमनचक्र जारी है और उसका परममित्र अमेरिका खामोश है?

दुनिया ने यह भी देखा कि इजराइल ने किस तरह मध्य एशिया में अमेरिका के परम् सहयोगी देश कतर पर हमास लीडरशिप को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इतना ही नहीं बल्कि जरूरत पड़ने पर आगे भी कतर पर हमले की चेतावनी दी। परन्तु अमेरिका इस कार्रवाई को भी देखता रह गया। गोया यह इजराईल व नेतन्याहू को दी जा रही अमेरिकी सरपरस्ती का ही परिणाम है कि इस्राईल के ही दो पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक और एहुद ओल्मर्ट को यहां तक कहना पड़ चुका है कि नेतन्याहू इस्राईल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अछूत बनाने की ओर ले जा रहे हैं। ऐसे में ईरान जैसे देश घोर अमेरिका विरोधी देश की तरफ नजर डालना भी जरूरी है। क्योंकि अमेरिका ने ईरान पर 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से ही आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। सबसे पहले 1979 में अमेरिकी ने अपने तेहरान दूतावास में बंधक संकट के बाद पहली बार व्यापक प्रतिबंध लगाए थे जिसमें ईरानी तेल आयात पर रोक लगा दी गई थी और ईरानी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया था। उसके बाद 1980-90 के दशक में ईरान को आतंकवाद का समर्थक बताकर और परमाणु कार्यक्रम की आशंकाओं का बहाना बनाकर इन प्रतिबंधों को और सख्त किया गया। इसके बाद 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने ईरान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिए। इसी तरह 2000 के दशक में पुनः ईरान के परमाणु कार्यक्रम की आड़ में संयुक्त राष्ट्र और अमे. रिका ने ईरान पर और नए प्रतिबंध लगा दिए । इन प्रति. बंधों का निशाना ईरान के वित्तीय संस्थान, तेल निर्यात और तकनीकी व्यापार थे। हालांकि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के वादे के बाद 2015 में संयुक्त व्यापक कार्य योजना द्धश्रब्च्व्।ऋ, यानी ईरान परमाणु समझौते के तहत, कई प्रतिबंध हटाए भी गए थे। परन्तु राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में ईरान पर खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और शिपिंग सेक्टर पर फिर से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



**विनीत नारायण**



आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्धएआईऋकृके लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमे. रिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है। य

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमे. रिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता हैकृअब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलूकृसरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांटकृए निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनी. तिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशियाकृअब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? यह देश चीन की ओर झुक रहे हैं।

भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी 'मेक इन इंडिया' और 'प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट' पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिएकृजैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है। जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी हैकृजीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए। अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प के मंत्री बोले: हमे भारत को दुरुस्त करना होगा

## भारत ऐसे कदम न उठाए जिससे दोनों देशों का नुकसान हो

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें भारत समेत कई देशों को दुरुस्त करना है। इनमें स्विट्जरलैंड और ब्राजील शामिल हैं। लुटनिक ने चेतावनी दी कि ये देश अपने बाजार खोलें और ऐसे कदम न उठाएं जिससे अमेरिका को नुकसान हो, इसी वजह से हमारे रिश्तों में दिक्कत आ रही है।

न्यूज नेशन से बातचीत में उन्होंने ने कहा कि अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा। अमेरिकी मंत्री ने ने भारत को सही तरीके से रिएक्ट करने की सलाह दी है। उन्होंने ने कहा कि समय के साथ ये मुद्दे सुलझ जाएंगे, लेकिन अगर आप अमेरिकी उपभोक्ताओं को अपना सामान बेचना चाहते हैं, तो आपको अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ तालमेल बिठाना होगा। गौरतलब है कि 22 से 24 सितम्बर के बीच भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में



■ अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा: लुटनिक

एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया था। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) और निवेश को लेकर अहम बातचीत हुई। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, पीयूष गोयल ने अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए नामिनेट अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। दोनों देशों ने माना कि व्यापार समझौते को जल्दी पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखी जाएगी, ताकि यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित हो। लुटनिक ने 5 सितम्बर को भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ हटाने के लिए तीन शर्त रखी थीं। उन्होंने कहा था कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करना पड़ेगा, ब्रिक्स से अलग होना होगा और अमेरिका का सपोर्ट करना होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि एक-दो महीने में भारत ट्रम्प के साथ बातचीत की टेबल पर आएगा और माफी मांगेगा। लुटनिक के मुताबिक, भारत ट्रम्प के साथ नया सौदा करने की कोशिश करेगा। यह सौदा ट्रम्प की शर्तों पर होगा और वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ इसे अंतिम रूप देंगे। ट्रम्प के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद पहली बार ट्रेड डील पर बातचीत के लिए 16 सितम्बर को अमेरिकी दल भारत पहुंचा था।

# हर नौ मिनट में रेबीज से होती है एक मौत: डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व में हर नौ मिनट में कहीं न कहीं रेबीज से एक व्यक्ति की जान जाती है। अगर जंगली जानवरों के काटने के बाद एंटी रैबीज सीरम और टीके के पूरे डोज ले लिए जाएं तो इससे बचाव मुमकिन है। हर साल 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज डब्ल्यूएचओ ने इसके रोग के बारे को लेकर लोगों को आगाह किया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 150 से ज्यादा देश खासकर एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर समस्या है।



लद्दाख। हाल ही में राज्य के लिए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए 24 वर्षीय स्टैनजिन नामग्याल के पार्थिव शरीर को लेह में कर्फ्यू के बीच अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने इज़रायल और हूती के बीच सैन्य तनाव की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यमन में इजरायल और हूती समूह के बीच जारी सैन्य तनाव की निंदा की है। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। दुजारिक ने बयान में कहा कि महासचिव इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने के खतरे को लेकर बेहद चिंतित हैं और सभी पक्षों से अत्यधिक संयम बरतने का आग्रह करते हैं। बयान में कहा गया है कि गुटेरेस सभी पक्षों को यह सुनिश्चित करने के उनके दायित्वों की याद दिलाते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नागरिकों का हर समय सम्मान और सुरक्षा हो।

### रूस ने 40 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु सेना ने अलग अलग रूसी इलाकों में दागे गए 41 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) को स्थानीय समयानुसार देर रात मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 28 सितम्बर की रात हवाई रक्षा प्रणाली ने 41 यूएवी नष्ट कर दिये गए। मंत्रालय ने बताया कि कुर्स्क इलाके में 12, ब्रांस्क इलाके में 10, बेलगोरोद इलाके में आठ, तुला इलाके में चार, यारोस्लाव क्षेत्र में तीन, रोस्तव क्षेत्र में दो और नोवगोरोड क्षेत्र और समारा क्षेत्र में एक-एक यूएवी मार गिराया गया है।

### कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शुरू

**याउंडे।** कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शनिवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। एक महिला सहित 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह अभियान दो सप्ताह तक चलेगा और 12 अक्टूबर को मतदान होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में सत्तारूढ़ कैमरून पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट के नेता एवं राष्ट्रपति पॉल बिया, इसा चिरोमा बाकरी और बेलो बौबा मैगारी शामिल हैं। प्रमुख विपक्षी दल सोशल डेमोक्रेटिक फ्रंट के उम्मीदवार जोशुआ ओसिह ने अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख शहर बामेंडा में अपना अभियान शुरू किया, जो 2017 से सशस्त्र अलगाववादी संघर्ष से त्रस्त है।

# यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन-रूस ने किया समर्थन

## टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर दिखाई भारत के साथ एकजुटता


**न्यूयॉर्क/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर भारत से करीबी का इजहार किया है। दरअसल रूस और चीन ने सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील को ज्यादा जिम्मेदारी देने का समर्थन कर दिया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं बैठक से इतर ब्रिक्स देशों की बैठक में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में स्थाई प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, क्योंकि इन देशों की बड़ी आबादी और वैश्विक प्रभाव को ध्यान में रखा जाना जरूरी है। इसके बाद चीन ने भी इसी तरह के विचार रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ज्यादा समावेशिता सुनिश्चित करना अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। मजबूत वैश्विक भू-राजनीति के लिहाज से यह कदम इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान भारत-चीन व रूस के बीच एक मजबूत गठजोड़ देखने को मिला था। इस दौरान पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ नजर आए थे और इन तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। उधर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे



### दिसम्बर में भारत आएंगे पुतिन, लावरोव बोले: खतरे में नहीं दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी

ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की अपील करते हुए भारत की स्थाई सदस्यता का खुला समर्थन किया है। तोबगे ने कहा कि परिषद में प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना वक्त की जरूरत है। ऐसे में भारत और जापान जैसे देशों को स्थाई सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र में शामिल किया जाना चाहिए। वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी खतरे में नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत अपने साझेदार खुद चुनता है। लावरोव भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका की ओर से संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। लावरोव ने आगे कहा, श्यदि अमेरिका के पास भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को समृद्ध करने के प्रस्ताव हैं, तो वे इसके लिए शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका जो भी शर्ते रखे। लेकिन जब बात भारत और तीसरे देशों के बीच व्यापार, निवेश, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और अन्य संबंधों की आती है, तो यह ऐसी चीज है जिस पर भारत केवल संबंधित देशों के साथ ही चर्चा करेगा। भारत और रूस संबंधों पर लावरोव ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा इन हितों को बढ़ावा देने वाली विदेश नीति का भी। हम उच्चतम स्तर पर नियमित संपर्क में रहते हैं। लावरोव ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका या भारत और किसी अन्य देश के बीच जो भी परिस्थितियां पैदा हों, उन्हें रूस-भारत संबंधों का मानदंड नहीं माना जा सकता। हमारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लंबा अनुभव है।

### भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश: पुतिन



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है।

# यूएस नहीं, चीन है पाक का रणनीतिक भविष्य



■ ट्रम्प की शहबाज व मुनीर से मुलाकात के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वो अपने मुल्क का 'रणनीतिक भविष्य' अमेरिका नहीं बल्कि चीन के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण चीन का भरोसेमंद होना है, जैसा अमेरिका के साथ नहीं है। खास बात यह है कि ख्वाजा आसिफ का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के अगले ही दिन आया है।

ख्वाजा आसिफ ने यह बात ब्रिटिश-अमेरिकी पत्रकार मेहदी हसन को दिए एक इंटरव्यू में कही। पत्रकार हसन ने ख्वाजा आसिफ से पूछा था कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान ने अपने 80 प्रतिशत हथियार चीन से लिए हैं, ऐसे में अमेरिका के साथ दोस्ती क्या चीन के साथ संबंधों को खराब कर सकती है। आसिफ ने कहा कि चीन बहुत भरोसेमंद साथी है, उन्होंने हमें पनडुब्बियां और जेएफ-17 जैसे लड़ाकू विमान दिए हैं, चीन के साथ हमारा रक्षा सहयोग बढ़ रहा है। अमेरिका व अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि वे गैर-भरोसेमंद हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हमेशा 'लेन-देन' जैसे रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने चीन को सदैव शीर्ष सहयोगी माना है। पत्रकार ने आसिफ से दोबारा पूछा कि क्या आपका रणनीतिक भविष्य चीन के साथ माना जाए। जवाब में आसिफ ने 'हां' कहते हुए जोड़ा कि चीन हमारा पड़ोसी है, हम एक दूसरे से सीमाएं और भूगोल साझा करते हैं। इंटरव्यू में आसिफ कई बार बेहद असहज दिखे। जब उनसे सवाल पूछा गया कि पाकिस्तान में असली ताकत राजनीतिक नेतृत्व के पास है या सेना प्रमुख आसिम मुनीर के पास, आसिफ हिचकिचाते हुए दिखाई दिए।

# यमन में एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन हमला

■ 24 पाकिस्तानी सवार थे, हूती विद्रोहियों ने भी बंधक बनाया, 10 दिन बाद रिहा किया

**सना।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के रास अल-ईसा बंदरगाह पर इजरायली ड्रोन ने एक पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर पर हमला किया। यह बंदरगाह हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है।

टैंकर ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह से आ रहा था। इस टैंकर पर 27 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24 पाकिस्तानी, 2 श्रीलंकाई और 1 नेपाली नागरिक शामिल थे। टैंकर के कप्तान मुक्तार अकबर भी पाकिस्तानी हैं। नकवी ने अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि ड्रोन हमले के कारण टैंकर के एक एलपीजी टैंक में विस्फोट हुआ, जिससे आग लग गई। चालक दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, इसके बाद हूती विद्रोहियों की नावों ने टैंकर को घेर लिया और चालक दल को जहाज पर ही बंधक बना लिया। नकवी ने बताया कि लंबे प्रयासों के बाद टैंकर और इसके चालक दल को हूतियों ने 10 दिन बाद रिहा कर दिया है, और अब वे यमन के इलाके से सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी रविवार सुबह बताया कि टैंकर पर सवार 24 पाकिस्तानी नागरिक पूरी तरह सुरक्षित हैं और आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के तट पर टैंकर में आग लगने की सूचना मिलते ही पाकिस्तानी दूतावासों ने यमनी अधिकारियों से बात की।

# हमारा पड़ोसी देश आतंकवाद का सेंटर: भारत

## यूएन में जयशंकर बोले: बड़े आतंकी हमलों की जड़ें एक ही देश से जुड़ी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार रात यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि हमारा पड़ोसी आतंकवाद का सेंटर है।

भारतीय विदेश मंत्री ने बताया कि वहां आतंकवादियों का खुलेआम गुणगान किया जाता है। दशकों से, बड़े अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी हमलों की जड़ें उसी देश तक जाती हैं। जयशंकर ने आतंकवाद की फंडिंग रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकी ढांचों का खात्मा जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग करते हुए कहा कि यूएन के सदस्य 4 गुना बढ़ गए हैं। अब स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़नी चाहिए। उन्होंने अपने भाषण में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया



■ आतंकी ढांचे का खात्मा जरूरी

उदाहरण है। भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी के बाद से ही ऐसे पड़ोसी का सामना करना पड़ा है, जो आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है। यूएन की आतंकवादी सूचियों में उसके नागरिकों की भरमार है। जयशंकर ने जोर दिया कि जब कोई देश आतंकवाद को सरकारी नीति घोषित करता है, जब आतंकवादी ठिकाने इंडस्ट्री लेवल पर चलते हैं, जब आतंकवादियों को सार्वजनिक तौर पर महिमामंडित किया जाता है, तो ऐसे हमलों की बिना शर्त निंदा की जानी चाहिए। जयशंकर ने कहा कि हमें आतंकवाद का मुकाबला करने की खास जरूरत है क्योंकि यह कट्टरता, हिंसा, असहिष्णुता और डर को एक साथ जोड़ता है। जयशंकर ने कहा कि अपने अधिकारों पर जोर देने के साथ-साथ, हमें खतरों का भी बहादुरी से सामना करना चाहिए। आतंकवाद एक साझा खतरा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

जयशंकर ने चेतावनी दी कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रों को छूट देंगे, आखिर में वही आतंकवाद उनके लिए भी खतरा बनकर लौटेगा। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थाई परिषद में स्थाई और अस्थाई दोनों सदस्यों की संख्या बढ़ानी चाहिए, ताकि यहां ज्यादा लोग बात रख सकें। जयशंकर ने विश्व नेताओं से कहा: हम चाहते हैं कि यूएनएससी में ज्यादा देशों को जगह मिले। भारत इसमें ज्यादा जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार है।

# कांगो में इबोला प्रकोप से 42 लोगों की मोत


**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कसाई प्रांत में इबोला विषाणु संक्रमण के कारण 64 दर्ज मामलों में से 42 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों में शनिवार को इसकी जानकारी दी। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 'वैश्विक स्तर पर रोकथाम' का आह्वान किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार प्रांतीय संचार एवं मीडिया मंत्री बाज़नि पेम्बे ने कहा कि 26 सितम्बर को दर्ज हुए 64 मामलों (जिनमें 53 पुष्ट और 11 संभावित मामले हैं) में से 42 लोगों की मौत हो गई है। इन 42 में से 31 पुष्ट मामले हैं। कांगो सरकार ने चार सितम्बर को इसे प्रकोप घोषित कर दिया था, जो देश का 16वां इबोला प्रकोप है। 1976 में पहली बार कांगों में इस विषाणु का पता चला था। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि कसाई क्षेत्र देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है।

# अर्जेंटीना में 3 लड़कियों की इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाई हत्या

## ड्रग गैंग ने बेरहमी से पीटा, उंगलियां काटीं, नाखुन उखाड़े, फिर गला घोंटकर मार डाला

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में ड्रग गैंग ने तीन लड़िकयों की बेरहमी से हत्या कर दी और इस पूरी वारदात को इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाया। घटना 19 सितम्बर की है। अब घटना के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हत्या से पहले गैंग के गुर्गों ने लड़िकयों को बुरी तरह पीटा, उनकी उंगलियां काटीं, नाखून उखाड़े, इसके बाद गला घोंटकर मार डाला।

पुलिस के मुताबिक, तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया। वीडियो में गैंग लीडर को यह कहते सुना गया कि जो मेरे ड्रग्स चुराएगा, उसका यही हाल होगा। मृतक लड़िकयों में दो चचेरी बहनें मोरेना वेर्दी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो (20-20 साल) और 15 साल की लारा गुटिएरेज थीं।



■ तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया: पुलिस

लड़िकयों की हत्या के विरोध में अर्जेंटीना में हजारों लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों का आरोप है कि वीडियो को एक प्राइवेट अकाउंट पर लाइव चलाया गया था। इस लाइव को 45 लोग देख रहे थे। वहीं इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने कहा कि उन्हें अपने प्लेटफार्म पर इस तरह की लाइवस्ट्रीम का कोई सबूत नहीं मिला। लड़िकयों की हत्या के विरोध में शनिवार को हजारों लोग न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। पीड़ितों के परिवार वाले 'लारा, ब्रेंडा, मोरेना' लिखे बैनर और उनकी तस्वीरों वाले पोस्टर लेकर संसद तक मार्च पर गए। ब्रेंडा के पिता लियोनेल डेल कास्टिलो ने कहा कि लड़िकयों की सुरक्षा अब पहले से ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि बेटी की लाश पहचानने तक की हालत में नहीं थी। ब्रेंडा के दादा एंटोनियो डेल कास्टिलो ने हत्यारों को खूनी दरिंदे कहा। राजधानी ब्यूनस आयर्स की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने संसद तक विरोध मार्च निकाला। मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी को बोलीविया बार्डर सिटी विलाजोन से पकड़ा गया। उस पर कार से लाजिस्टिक सपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस ने इस साजिश के मास्टरमाइंड की फोटो भी जारी की है। उसकी उम्र 20 साल और पेरू का नागरिक है। वह अभी फरार है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तीनों लड़िकयों को पार्टी में प्रास्टिटयूट के तौर पर बुलाया गया था। हालांकि लारा की आंटी डेल वाले गाल्वन ने इन आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि लारा का न तो ड्रग्स से और न ही देह व्यापार से कोई संबंध था।

# ट्रम्प ने पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में 'घरेलू आतंकवादियों' से निपटने के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्धग्रस्त पोर्टलैंड और घेराबंदी में फंसे हमारे किसी भी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) केंद्र को एंटीफा और अन्य घरेलू आतंकवादियों के हमले से बचाने के लिए सभी आवश्यक सैनिक उपलब्ध कराने का निर्देश दे रहा हूं। पोर्टलैंड के मेयर कीथ विल्सन ने सितम्बर की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि देश भर के अन्य मेयरों की तरह उन्होंने 'संघीय हस्तक्षेप' का न तो अनुरोध किया था और न ही उन्हें इसकी आवश्यकता थी। विल्सन ने शनिवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा शहर में 'सभी आवश्यक सैनिकों' को भेजने के आदेश के बाद कि पोर्टलैंड और किसी भी अन्य अमेरिकी शहर में आवश्यक सैनिकों की संख्या शून्य है। ट्रम्प ने इससे पहले लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन, डीसी में सैनिकों की तैनाती की थी, जिसके विरोध में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108